# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 29 जुलाई 2026







# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

गुरु पूर्णिमा आज



haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 29 जुलाई 2026


### राजधानी को चौथे रेलवे स्टोशन की सौगात, 14 करोड़ की लागत से बना

## निशातपुरा स्टेशन का शुभारंभ, सीएम ने मालवा एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में रेलवे में अभूतपूर्व बदलाव हुए : डॉ. यादव

जबलपुर वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस के नए स्टॉपेज का भी शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानीवासियों को मंगलवार को निशातपुरा स्टेशन के रूप में चौथे स्टेशन की सौगात मिल गई। सीएम डॉ. मोहन यादव स्टेशन का का औपचारिक शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने निशातपुरा स्टेशन से



डॉ. मोहन यादव



मालवा एक्सप्रेस को सीएम ने रवाना किया

मालवा एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और यहां उसके नियमित ठहराव की शुरूआत की। साथ ही जबलपुर-वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस के नए स्टॉपेज का भी शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि तीन साल बाद इस स्टेशन पर रेल ट्रैफिक शुरू हो सका। इस मौके पर मंत्री विश्वास सारंग, विधायक विष्णु खत्री, महापौर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हर दिन 34 किलोमीटर रेल लाइन बिछाई

सीएम ने कहा कि साल 2014 के बाद मध्यप्रदेश में करीब 2,800 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछाई गई है और प्रदेश का पूरा रेल नेटवर्क विद्युतीकृत हो चुका है। उन्होंने कहा कि अब प्रतिदिन औसतन 34 किलोमीटर रेल लाइन बिछाई जा रही है। वंदे भारत ट्रेन, अमृत भारत स्टेशन योजना, चौथी रेल लाइन ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अब इंजन या ट्रैक बदलने की नहीं पड़ेगी जरूरत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे में अभूतपूर्व बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली से उज्जैन और इंदौर की ओर जाने वाली ट्रेनों को अब इंजन या ट्रैक बदलने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे रेल संचालन और अधिक सुगम बनेगा। उन्होंने कहा कि मालवा एक्सप्रेस का वैष्णो देवी और सोमनाथ एक्सप्रेस का सोमनाथ धाम से सीधा जुड़ाव होने के कारण निशातपुरा स्टेशन का महत्व और बढ़ गया है। सिंहस्थ सहित भविष्य में बढ़ने वाले यात्री दबाव को देखते हुए यह स्टेशन मुख्य भोपाल रेलवे स्टेशन का भार कम करने में भी अहम भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि करीब 14 करोड़ रुपए की लागत से विकसित निशातपुरा स्टेशन केवल रेलवे स्टेशन नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के ▶▶ शेष पेज 4 पर


हरिभूमि सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार 2026

सामान्य कूपन 29 जुलाई 2026

कूपन नं. 9


### पब्लिक एग्जामिनेशंस संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान जोरदार हंगामा

### संसद में गूंजा जंतर-मंतर पर लाठीचार्ज: एंटी पेपर लीक बिल पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी का सरकार पर तीखा हमला


## पीएम कैमरे का नहीं, दिल का एंगल बदलें लाठी बच्चों पर नहीं सरकार की साख पर

*प्रियंका ने कहा कि मेरे भाषण से स्पीकर नाराज लग रहे हैं। पर मेरा अनुरोध है कि वे थोड़ा मुस्करा दें, तीन बार कहने के बाद स्पीकर आखिरकार, मुस्करा दिए*

प्रियंका ने कहा कि चुनाव में वोट, मंदिर के चढ़ावे और किसानों की जमीन की चोरी हुई। लेकिन, सबसे बड़ी चोरी तब हुई जब नौजवानों के सपने चुराए गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में 'पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) संशोधन विधेयक' पर चर्चा के दौरान विपक्ष और सरकार के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारी छात्रों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज और पैलेट गन के इस्तेमाल को लेकर सरकार को आड़े हाथों लिया। इसके साथ ही नए शिक्षा मंत्री की नियुक्ति और बिल्किस बानो मामले का जिक्र आने पर सदन में भारी हंगामा हुआ। प्रियंका ने कहा कि अध्यापक, छात्र, माता-पिता सब पूछ रहे हैं कि ▶▶ शेष पेज 4 पर




ओम बिरला

### क्या छात्रों के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार हो रहा है?



*पीएम ने ऐसा शिक्षा मंत्री चुना है जिन्होंने एक गर्भवती महिला के साथ बलात्कार के दोषियों की रिहाई पर खुशी जताई थी*

*अध्यापक, छात्र, माता-पिता सब पूछ रहे हैं कि बच्चों पर लाठियां और पैलेट गन चलाने का आदेश किसने दिया?*



### मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आरोपों को बताया निराधार, कहा- माफी मांगें प्रियंका

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पलटवार करते हुए कहा कि प्रियंका को बोलने से पहले तथ्यों और बयानों की सच्चाई जांच लेनी चाहिए थी। ये आरोप पूरी तरह से गलत जानकारी और झूठ पर आधारित हैं। क्या संसद में कोई भी कुछ भी बोलकर बच सकता है? गलत जानकारी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्हें अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए। ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी

### जितेंद्र सिंह बोले- पेपर लीक करने वालों को 5 महीने में मिलेगी सजा

लोकसभा में मंगलवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा शुरू हुई। केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य पेपर लीक, संगठित परीक्षा घोटालों और अन्य अनुचित गतिविधियों पर पहले से अधिक प्रभावी ढंग से रोक लगाना है। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों के भविष्य से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह विधेयक लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 में संशोधन के लिए लाया गया है। उन्होंने बताया कि 2024 का कानून परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और शुचिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाया गया था, लेकिन अब उसे और मजबूत करने की जरूरत महसूस हुई। प्रधानमंत्री के निर्देश के बाद सरकार यह संशोधन लेकर आई है ताकि ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सीजेपी ने दी दोबारा धरने की चेतावनी

## केंद्र का हिंसक प्रदर्शनकारियों को बख्शने का कोई वादा नहीं

शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को छूट, लेकिन असामाजिक तत्वों और हिंसा के आरोपियों पर होगी सख्त कार्रवाई



संयुक्त प्रेसवार्ता के दौरान की तस्वीर (फाइल फोटो)

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर हाल ही में समाप्त हुआ सीजेपी (कॉकरोच जनता पार्टी) का धरना-प्रदर्शन एक बार फिर सियासी मोड़ लेता दिख रहा है। सीजेपी ने केंद्र सरकार पर अपनी प्रतिबद्धताओं से पीछे हटने का आरोप लगाते हुए आंदोलन दोबारा शुरू करने की चेतावनी दी है। वहीं दूसरी ओर, केंद्र सरकार से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकार का वादा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए ये मिला था आश्वासन

सरकार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए जो आश्वासन दिया था, उसमें साफ कहा गया था कि विरोध-प्रदर्शन की गतिविधियों में शामिल आम और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों या आयोजकों पर कोई केस दर्ज नहीं होगा। लेकिन जिन्होंने हिंसा की है या जिनका ▶▶ शेष पेज 4 पर

### नीट यूजी पेपर लीक केस

## सीबीआई ने 13 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने नीट यूजी पेपर लीक मामले में 13 आरोपियों के खिलाफ मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। यह चार्जशीट सीबीआई की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने दायर की है। इस मामले की सुनवाई विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट में बुधवार को हो सकती है। सीबीआई ने कहा है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए अधिकारियों की भूमिका की भी जांच ▶▶ शेष पेज 4 पर

### खबर संक्षेप

#### मप्र पुलिस के सुपुर्द नहीं होगी मोनालिसा



**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने कुंभ मेला वायरल स्टार के नाम से मशहूर मोनालिसा की सुरक्षा को लेकर दखल दिया। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि महिला को उसकी इच्छा के खिलाफ या अदालत की अनुमति के बिना कोच्चि शहर की सीमा से बाहर न ले जाया जाए।

#### बस खाई में गिरी, मंदसौर के 40 श्रद्धालु हुए घायल



**मंदसौर।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में रंगा मोड़ के पास मंगलवार को अमरनाथ दर्शन कर वैष्णो देवी जा रही श्रद्धालुओं की बस 50 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 40 श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर है। घायलों में मंदसौर और राजस्थान के यात्री शामिल हैं।

#### श्मशान घाट से अस्थियां चोरी,तंत्र-मंत्र की आशंका



**सागर।** पथरिया जाट गांव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां श्मशान घाट से 86 वर्षीय जगन सूर्यवंशी के अंतिम संस्कार के बाद उनकी अस्थियां और राख अचानक गायब हो गईं। अगले दिन जब परिजन अस्थि-संग्रह के लिए पहुंचे, तो चिता का स्थान खाली देख स्तब्ध रह गए।

### सरकार ने 8 आईएएस अफसरों के तबादले किए

## शहडोल में संशोधन, अब पार्थ जायसवाल को कलेक्टर बनाया

कलेक्टर बालाघाट मृणाल मीणा अब कलेक्टर छतरपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 8 अफसरों के तबादले किए हैं। इसमें तीन जिलों के कलेक्टर भी शामिल हैं। शहडोल कलेक्टर की पदस्थापना में संशोधन किया गया है। छतरपुर कलेक्टर पार्थ जायसवाल को शहडोल कलेक्टर बनाया गया है। आईएएस गिरीश शर्मा को अपर सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग बनाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक) से जारी आदेश के अनुसार 2011 बैच के आईएएस दिनेश जैन को विकअ-सह आयुक्त-सह संचालक खाद्य एवं नागरिक ▶▶ शेष पेज 4 पर



मृणाल मीणा



पार्थ जायसवाल

#### अदिति गर्ग व सुश्री मिशा को स्वास्थ्य कारणों से भोपाल पदस्थ किया

मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग को परियोजना संचालक स्किल डेवलपमेंट, कार्यपालन अधिकारी राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड में संचालक ▶▶ शेष पेज 4 पर



मिशा सिंह

## मंगलवार को सुबह से शाम तक करीब 30 शहरों में मध्यम से तेज बारिश

साइक्लोनिक सकुर्लेशन उत्तरी मध्य प्रदेश और आसपास सक्रिय



राजधानी का सुभाष नगर, शाम 7 बजे का दृश्य

#### आज यहां अति भारी से भारी बारिश

बुधवार तक अनुपपुर, कटनी, मंडला में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, सतना, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, सिवनी, बालाघाट में ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### तापमान में भी कुछ कमी आएगी

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी डीप डिप्रेशन ओडिशा और आसपास बंगाल के ऊपर बना हुआ है, जो उत्तर पश्चिमी की ओर बढ़ रहा है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आज दर्जन भर जिलों में अति भारी से भारी बारिश, प्रदेश में सिस्टम 'एक्टिव'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मंगलवार से मौसम में फिर तेजी से बदलाव शुरू हो गया है। बुधवार तक करीब एक दर्जन जिलों में अति भारी से भारी बारिश का अलर्ट है, जबकि भोपाल सहित दो दर्जन से अधिक जिलों में तेज से मध्यम बारिश होगी। इस बीच तापमान में भी तेजी से कमी आएगी। प्रदेश में सिस्टम एक्टिव होने से अब अगले चार से पांच दिन बारिश में बढ़त जारी रहेगी। पूर्वी मप्र से होते हुए पश्चिमी हिस्से तक अगले चार दिन में अच्छी बारिश होने की उम्मीद है। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार तक 12 से अधिक जिलों में भारी से तेज बारिश का यलो और ऑरेंज अलर्ट है। मंगलवार को सुबह से शाम तक करीब 30 शहरों में मध्यम से तेज बारिश हुई।

### प्रचार के अंतिम दिन बड़ी रैली कर कांग्रेस ने दिखाई ताकत

## अंततः कांग्रेस के प्रदर्शन में पहुंच गए भारती जीतू ने किया 25 हजार से जीत का दावा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की मेहनत रंग लाई और अंततः उप चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस द्वारा दतिया में आयोजित शक्ति प्रदर्शन वाली रैली में नाराज चल रहे पूर्व विधायक राजेंद्र भारती शामिल हो गए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को उनके घर जाकर एक घंटे तक बातचीत की थी। भारती का मानना था कि इस बार टिकट ▶▶ शेष पेज 4 पर

दिग्विजय ने किया बूथों पर डट कर सक्रियता से काम का आह्वान



#### भाजपा के विकास के दावे बेनकाब

पटवारी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के तथाकथित विकास के दावे अब जनता के सामने बेनकाब होने वाले हैं और भाजपा के भ्रष्टाचार की सच्चाई भी जनता के जनादेश से उजागर होगी। दतिया की जनता इस उपचुनाव में लोकतंत्र, विकास, पारदर्शिता और जनहित के पक्ष में अपना स्पष्ट फैसला ▶▶ शेष पेज 4 पर

### भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को जिताने का किया आग्रह

## भाजपा अध्यक्ष नबीन ने कहा- एक-एक मत तय करेगा दतिया के विकास की दिशा

दतिया राज परिवार ने कांग्रेस के घनश्याम सिंह के खिलाफ मोर्चा खोला

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

दतिया विधानसभा सीट के उप चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और दतिया राज परिवार के महाराज गोविंद राहुल देव (गोविंद जू देव) और राजमाता हेमलता ने भी मोर्चा संभाला। नबीन ने भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के समर्थन में मतदाताओं के नाम संदेश जारी किया। जबकि राज परिवार ▶▶ शेष पेज 4 पर



नितिन नबीन

दतिया का दम




राज परिवार के सदस्यों ने प्रेसवार्ता की

#### घनश्याम की हार ही दतिया की असली जीत

दतिया राजपरिवार की राजमाता हेमलता एवं महाराज राहुल गोविंद देव सिंह ने संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राज परिवार के सदस्य एवं उपचुनाव के कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने राज परिवार की मर्यादाओं को तार-तार किया है। उन्होंने राज परिवार के मान-सम्मान ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### प्रचार खत्म, मतदान 30 जुलाई को

दतिया विधानसभा सीट के लिए उप चुनाव के लिए मंगलवार को चुनाव प्रचार खत्म हो गया। मतदान 30 जुलाई को होगा और वोटों की गिनती 3 अगस्त को कराई जाएगी। चुनाव आयोग ने मतदान की पूरी तैयारी कर ली है। प्रचार के लिए बाहर से पहुंचे लोगों को दतिया से बाहर कर दिया गया है। अब प्रत्याशी और उनके स्थानीय समर्थक घर-घर जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं और मतदान के लिए तैयारी बैठकें कर रहे हैं।



भोपाल
बुधवार, 29 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा
वर्ष : 13, अंक : 118
पृष्ठ : 18 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

गुरु पूर्णिमा आज



haribhoomi.com


## व्यास पूर्णिमा पर 'हरिभूमि' ने देश के प्रख्यात 4 संतों से जाना गुरु की महिमा के बारे में

**श्री श्री रविशंकर**, आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन

### 1 गुरु जीवन में सर्किट ब्रेकर की भांति करते हैं 'काम'



जिस प्रकार गलियों के बिना शहर, खजाने के बिना राजा और व्यापार के बिना व्यापारी अधूरा है, उसी प्रकार गुरु के बिना जीवन दिशाहीन होता है। जीवन में सुख-दुःख और हर्ष-विषाद जैसे विरोधाभासों के बीच जब मन विचलित होता है, तब निष्पक्ष ज्ञान ही अंधकार का नाश करता है। जब अपनी ही समस्याओं में विवेक धुंधला पड़ जाता है, तब गुरु जीवन में सर्किट ब्रेकर की भांति काम करते हैं। वे हमारी चेतना को टूटने से बचाते हैं, व्याकुलता में आश्रय देते हैं और हमें निश्चिंत होकर जीना ▸▸शेष पेज 4 पर

**पं. प्रदीप मिश्रा**, अध्यात्मिक कथा वाचक

### 2 किसी ढोंगी से बेहतर है महादेव को गुरु बना लें



आज के आधुनिक दौर में जहां लोग भीड़ और दिखावे को देखकर गुरु चुनते हैं। वहीं मेरा मानना है कि सच्चा गुरु बाह्य आडंबरों और धन-प्रलोभनों से सर्वथा परे होना चाहिए। आधुनिक समय में ऐसा गुरु ऐसा होना चाहिए जो केवल बाहरी रूप-रंग न देखे, बल्कि शिष्य का चेहरा देखते ही उसके मन के दुख, विचारों और आंतरिक स्थिति को भांप सके। गुरु का वास्तविक कर्तव्य शिष्य को अपने से बांधकर रखना नहीं, बल्कि उसका हाथ पकड़कर सीधे परमात्मा की भक्ति से जोड़ना है। एक सच्चे गुरु का कार्य शिष्य के ▸▸शेष पेज 4 पर

**पं. गुरुशरण शर्मा**, पंडोखर सरकार

### 3 गुरु को अपने शिष्यों को 'समर्थ' बनाना चाहिए



गुरु ऐसा होना चाहिए जो केवल उपदेश न दे, बल्कि अपने तप, आध्यात्मिक शक्ति और व्यावहारिक मार्गदर्शन से शिष्य की वास्तविक समस्याओं का प्रत्यक्ष समाधान कर सके। इस वैज्ञानिक और आधुनिक दौर में गुरु को केवल सैद्धांतिक बातों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि शिष्य की आस्था को प्रमाणित और सुदृढ़ करने योग्य सामर्थ्य रखना चाहिए। सच्चा गुरु वही है जो बिना किसी भेदभाव के शिष्य के भूत, वर्तमान और भविष्य की उलझनों को समझकर उसे सही राह दिखाए। गुरु का मुख्य कर्तव्य शिष्य ▸▸शेष पेज 4 पर

**पं.धीरेंद्र शास्त्री**, पीठाधीश्वर, बागेश्वर धाम

### 4 शिष्य को भारीपन व तनाव से मुक्त कर सके, वही गुरु



भौतिकवादी युग में गुरु का व्यक्तित्व आडंबरमुक्त, जीवंत और सनातन धर्म के संस्कारों से परिपूर्ण होना चाहिए। मेरा मानना है कि गुरु में साधुता और गंभीरता के साथ-साथ एक सहज चंचलता व प्रसन्नता भी होनी चाहिए, जो शिष्य को जीवन के भारीपन और तनाव से मुक्त कर सके। सच्चा गुरु वही है जो अपनी सिद्धि या सामर्थ्य का उपयोग केवल स्वयं के लिए नहीं, बल्कि समाज के कल्याण और धर्म की रक्षा के लिए करे। आधुनिक गुरु का मुख्य कर्तव्य शिष्य को अंधविश्वास या व्यक्ति-पूजा में न ▸▸शेष पेज 4 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार का कार्यकाल बढ़ा



**नई दिल्ली।** कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सतीश कुमार का यह कार्यकाल विस्तार 1 सितंबर, 2026 से पुनर्नियोजन अनुबंध के आधार पर लागू होगा। वह मौजूदा नियमों और शर्तों के तहत अगले आदेश तक अपने पद पर बने रहेंगे। यह नियुक्ति भारतीय रेलवे नियम, 2025 में विशेष छूट देकर की गई है। इसका उद्देश्य इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार, आधुनिकीकरण और क्षमता वृद्धि के महत्वपूर्ण दौर में नेतृत्व की निरंतरता बनाए रखना है।

### देव आनंद के बेटे सुनील आनंद का निधन



**मुंबई।** बॉलीवुड के एवरग्रीन स्टार दिवंगत देव आनंद के बेटे सुनील आनंद का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्होंने लंदन में अंतिम सांस ली, जहां दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई। उनकी पोती जीना नारंग ने इस दुखद खबर की पुष्टि करते हुए परिवार की ओर से शोक संदेश जारी किया और इस कठिन समय में प्राइवेसी की अपील की। सुनील आनंद ने अपने पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए साल 1984 में फिल्म 'आनंद और आनंद' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने दो अन्य फिल्मों में भी अभिनय किया, हालांकि वे अपने पिता जैसी सफलता हासिल नहीं कर सके।

**मोहन सरकार का बड़ा फैसला : 7 अगस्त से पूरे प्रदेश में शुरू होगा जन विश्वास अभियान, 8 जनवरी तक चलेगा**

# जनविश्वास अभियान के जरिए सरकार हर शुक्रवार 'जनता के द्वार' पहुंचेगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

*मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने कैबिनेट के सामने अभियान को लेकर सरकार की तैयारी का विस्तृत प्रजेंटेशन दिया*

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सरकार ने जन समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। इसके लिए उन्होंने जन विश्वास अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया है। अभियान समूचे प्रदेश में 7 अगस्त से 8 जनवरी 2027 तक चलेगा। अभियान का मूल मंत्र संवाद, समाधान, संवेदनशीलता और सादगी रहेगा। सरकार प्रत्येक शुक्रवार को गांवों व शहरी क्षेत्रों में वार्डों में पहुंचकर जमीनी हकीकत जानेगी और समस्याओं का समाधान करेगी। इसमें मुख्यमंत्री (समय-समय पर) जबकि सभी मंत्री, विधायक, वरिष्ठ अधिकारी मौके पर रहेंगे। इस दिन सरकार की सभी बैठकें निरस्त रहेंगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट की अनौपचारिक बैठक में यह जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने कैबिनेट के सामने अभियान को लेकर सरकार की तैयारी का विस्तृत प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सरकार को जनता के करीब लाना, प्रशासनिक जवाबदेही और पारदर्शिता को मजबूत करना है। अभियान के तहत मंत्री, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी गांवों एवं शहरी वार्डों में पहुंचकर आम जनता से सीधे संवाद करेंगे, उनकी समस्याएं सुनेंगे और सरकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। ▸▸पढ़ें पेज 06 भी

**अभियान का मूल मंत्र 'संवाद, समाधान, संवेदनशीलता और सादगी'**



- *मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्री, विधायक, कलेक्टर और अधिकारी गांव-वार्डों में पहुंचकर सुनेंगे समस्याएं*
- *शुक्रवार के दिन सरकार की सभी बैठकें निरस्त रहेंगी*
- *मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों से अभियान की शुरुआत करेंगे*

### हर शुक्रवार फील्ड में रहेगा पूरा प्रशासन

अब प्रत्येक शुक्रवार मंत्रालय, जिला और संभाग स्तर पर नियमित बड़ी बैठकें नहीं होंगी। इसके बजाए मंत्री, जनप्रतिनिधि और अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों से सीधे संवाद करेंगे। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी, ताकि पात्र हितग्राहियों तक समय पर योजनाओं का लाभ पहुंच सके। पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि जनविश्वास ▸▸शेष पेज 4 पर

### भ्रष्टाचार और लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

अभियान के दौरान यदि किसी स्तर पर भ्रष्टाचार, अनियमितता या लापरवाही सामने आती है, तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए किसी अतिरिक्त बजट का प्रावधान नहीं किया गया है। अनावश्यक तामझाम से भी बचा जाएगा। सरकार की प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे इस अभियान का लाभ उठाते हुए अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सीधे ▸▸शेष पेज 4 पर

**छह देशों की महिला खिलाड़ी होंगी शामिल**

## महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2026 का भोपाल में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

*18 करोड़ 74 लाख रुपए का बजट मंजूर*

इसी साल अक्टूबर में महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी भोपाल के बरखेड़ा नाथू में स्थित अन्तर्राष्ट्रीय स्पोटर्स कॉम्पलेक्स में होने जा रही है। इसमें एशिया की प्रमुख 6 महिला टीमों (भारत, चीन, जापान, मलेशिया, साउथ कोरिया, एवं थाईलैंड) के लगभग 200 खिलाडी व सपोर्ट स्टाफ के सम्मिलित होंगे। कैबिनेट ने इसके लिए संभावित 18 करोड़ 74 लाख रुपए के व्यय की सैद्धांतिक सहमति दी है। हॉकी इंडिया को अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ की ओर से देश में हॉकी खेल का संचालन, प्रोत्साहन और अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए अधिकृत किया गया है। प्रतियोगिता वर्ष 2010 से निरंतर 2 वर्ष के अंतराल में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य एशियाई महिला हॉकी टीमों की प्रतिभा को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करना है। यह अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता हॉकी इंडिया और खेल और युवा कल्याण विभाग की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित की जाएगी। अनुबंध अनुसार खेल और युवा कल्याण विभाग की ओर से पेजेंटिंग पार्टनर राइटस ▸▸शेष पेज 4 पर

### बरखेड़ा नाथू में अन्तर्राष्ट्रीय स्पोटर्स कॉम्पलेक्स तैयार

भोपाल के बरखेड़ा नाथू में अन्तर्राष्ट्रीय स्पोटर्स कॉम्पलेक्स को नवीन एवं आधुनिक तकनीकों के अनुरूप अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रमुख प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए तैयार किया गया है। एशिया स्तर की अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन से वैश्विक स्तर पर मप्र में निर्मित खेल अधोसरंचना का प्रचार प्रसार होगा। इससे प्रदेश के हॉकी खिलाड़ियों के मनोबल में वृद्धि होगी और एशिया के प्रमुख देशों से सम्मिलित हुई टीमों के खिलाड़ियों के भोपाल आगमन से प्रदेश में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

**एलपीजी को लेकर सरकार का बड़ा फैसला!**

## एलपीजी सप्लाई में बदलाव अमेरिका के साथ बना प्लान

**करीब 25% हिस्सा अमेरिका से खरीदेंगे**



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ा रणनीतिक कदम उठाने जा रहा है। सरकार वर्ष 2027 से देश के कुल एलपीजी आयात का लगभग 25% हिस्सा अमेरिका से खरीदने की योजना बना रही है। इस दूरगामी फैसले का मुख्य उद्देश्य मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) के देशों पर भारत की निर्भरता को कम करना, घरेलू गैस सप्लाई को सुरक्षित बनाना और अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों को नई मजबूती देना है। हाल ही में ईरान संकट और ▸▸शेष पेज 4 पर

**मेटा ने कहा- फेसबुक से गलती से हटा**

## पीएम मोदी का वीडियो ब्लॉक करने पर मेटा ने मांगी माफी

**अब पूरी तरह से बहाल किया गया**



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सोशल मीडिया दिग्गज मेटा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक फेसबुक अकाउंट से एक वीडियो गलती से हटने पर माफी मांगी है और उसे वापस रीस्टोर कर दिया है। 28 जुलाई की तड़के फेसबुक पर पीएम मोदी के इस वीडियो का एक्सेस कुछ समय के लिए बाधित हो गया था, जिसे अब पूरी तरह से बहाल कर दिया गया है।

यह वीडियो 23 जुलाई को जारी किया गया था, जो देश में जारी छात्र विरोध प्रदर्शनों के बीच जेन जी के नाम प्रधानमंत्री का पहला संबोधन था। इस ▸▸शेष पेज 4 पर

**मप्र में आज धूमधाम से मनेगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव**

## कुबेरेश्वरधाम, दादाजी धाम, बाबा बागेश्वर धाम व पंडोखर धाम पहुंचे लाखों श्रद्धालु



सीहोर में भारी भीड़

*आज पुलिस प्रशासन व संतों के शिष्यों के अनुशासन की परीक्षा भी*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर ही सीहोर के कुबेरेश्वरधाम, खंडवा के दादाजी धाम, छतरपुर के बाबा बागेश्वर धाम व दतिया के पंडोखर धाम लाखों श्रद्धालु पहुंच गए। कुबेरेश्वरधाम में पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा के समापन के बाद बुधवार को 'गुरु दीक्षा एवं गुरु दर्शन महोत्सव' आयोजित किया जा रहा है। सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक चलने वाले इस महोत्सव में देश भर से आए लाखों श्रद्धालु पंडित प्रदीप मिश्रा से गुरु दीक्षा प्राप्त करेंगे। पंडोखर सरकार धाम में बुधवार को श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं मंत्र दीक्षा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के दौरान भक्त गुरुदेव ▸▸शेष पेज 4 पर

**दोनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत 11 अगस्त तक बढ़ी**

## बचाव पक्ष ने वॉइस सैंपल को लेकर उठाई आपत्ति, सीबीआई ने कहा- जांच जारी है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल




ट्विशा केस में मंगलवार को सीबीआई कोर्ट में दोनों आरोपियों गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। ट्विशा पक्ष के अधिवक्ता शुभांग दीक्षित ने बताया कि सुनवाई के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत (ज्यूडिशियल रिमांड) 11 अगस्त तक बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान ट्विशा के पिता और भाई भी अदालत में मौजूद रहे और पूरी कार्यवाही देखी। शुभांग दीक्षित के अनुसार, पेशी के दौरान आरोपियों की ओर से कहा गया कि सीबीआई का यह दावा सही नहीं है कि उन्होंने वॉइस सैंपल देने में सहयोग नहीं किया। बचाव पक्ष ने अदालत में यह भी कहा कि ▸▸शेष पेज 4 पर

**सात दिन का राशन-पानी लेकर भोपाल पहुंचे दो हजार से ज्यादा किसान**

**मूंग खरीदी में लिमिट को लेकर किसानों में आक्रोश**

- सीएम हाउस का घेराव करने की तैयारी में किसान
- रात में सावरकर सेतु पर ही खाना बनाया किसानों ने
- 19 संगठनों के जिम्मेदारों को सीएम हाउस बुलाया

## ग्यारह मील पर बैरिकेडिंग उखाड़कर सावरकर सेतु तक पहुंच गए किसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



दाल-बाटी बनाई

प्रदेश में मूंग की सौ फीसदी सरकारी खरीद और खाद वितरण में सुधार की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा की किसान क्रांति पैदल यात्रा मंगलवार शाम को भोपाल पहुंच गई। ग्यारह मील पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर किसानों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन किसानों ने बैरिकेडिंग उखाड़कर फेंक दी। होशंगाबाद रोड पर भी बैरिकेडिंग की गई, लेकिन किसान इसे तोड़ते हुए आगे बढ़ गए। इस यात्रा में नर्मदापुरम और हरदा के किसान शामिल हैं। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा (कक्काजी) का कहना है कि सरकार के मंत्री आश्वासन देने के बाद किसानों की मांगों पर गंभीर नहीं हैं, जिससे आंदोलन की राह अपनाना पड़ रही है। किसान एक महीने पहले भी कृषि मंत्री से मिले थे, लेकिन समस्या का समाधान नहीं होने के बाद किसानों ने अब राजधानी कर तरफ रुख कर लिया। शाम आठ बजे तक किसान सावरकर सेतु तक पहुंच गए, जहां बैरिकेडिंग और ▸▸शेष पेज 4 पर ▸▸पढ़ें पेज 02 भी




जमीन पर बैठे

### हाथों में तिरंगा लेकर लगाए जय जवान-जय किसान के नारे

ग्यारह मील बाइपास पर पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए कई लेयर में बैरिकेडिंग की थी। यहां पुलिस और किसानों के बीच बैरिकेड्स पर धक्का-मुक्की हुई। रास्ता खुला और किसान बैरिकेड हटाकर शहर में प्रवेश कर गए। आंदोलन को देखते हुए पुलिस ने ▸▸शेष पेज 4 पर

09 पारस सिटी रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसाइटी के...


10 शहर की सड़कों पर चल रहीं 62 लो फ्लोर बसें ...




मिसरोद, कटारा बागसेवनियां से सावरकर सेतु तक थमे रहे वाहनों के पहिए

# सावरकर सेतु पर डटे हजारों किसान, सड़क पर बनाईं दाल और बाटी, वहीं रातभर सोए, सुबह सीएम हाउस करेंगे कूच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में प्रदेश के 19 किसान संगठनों के आदोलन से मंगलवार देर रात तक राजधानी के मिसरोद, कटारा हिल्स, बागसेवनियां से लेकर सावरकर सेतु तक यातायात थम गया। किसान क्रांति पैदल यात्रा मंगलवार को औबेदुल्लागंज, मंडीदीप और 11 मील होते हुए भोपाल शहर में पहुंची। किसानों को पुलिस ने सावरकर सेतु चढ़ने से पहले नीचे ही रोक लिया, जिसके चलते किसान सड़क पर ही बैठ गए। इस दौरान किसानों में हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। किसानों ने सड़क पर ही कंडे की अंगीठी जलाई और बाटियां बनाई। इसके बाद किसान सड़क पर ही सो गए। पुलिस द्वारा बसों, अन्य वाहनों व बेरिकेडिंग से पूरा रास्ता बंद किया गया था। किसानों ने सरकार का एक सप्ताह का समय देने का प्रस्ताव ठुकराते हुए बुधवार सुबह मुख्यमंत्री आवास घेरने का ऐलान किया है। उधर सीएम हाउस पर भी तगड़े सुरक्षा बंदोबस्त कर दिए गए हैं। पॉलिटेक्निक चौराहे से किसी को भी जाने नहीं दिया जा रहा है। पूरे रास्ते में बेरिकेड्स लगा दिए गए हैं। वहीं बड़ी संख्या में पुलिस के अफसरों सहित सैकड़ों पुलिसकर्मी मौजूद रहकर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था संभाले हुए हैं। वहीं किसानों का दावा है कि सुबह तक करीब 15 हजार किसान और आ सकते हैं।

## लगा कि कोई मिलने आया है...

रात 12:30 बजे अचानक एकबार फिर किसानों ने नारेबाजी शुरू कर दी, उन्हें उम्मीद थी कि कोई मिलने आया होगा, लेकिन 15 मिनट की नारेबाजी के बाद पुलिस ने उन्हें समझाया कि फिलहाल कोई नहीं आया है, अगर कोई आएगा तो सूचना दी जाएगी। जिसने बाद नारेबाजी बंद हुई। किसानों की मांगों की सूची में मूंग की 100 प्रतिशत उपज समर्थन मूल्य पर खरीदी जाए, ई-टोकन व्यवस्था खत्म की जाए, एमएसपी पर खरीद की कानूनी गारंटी दी जाए, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सुधार किया जाए, अघोषित बिजली कटौती बंद की जाए, अनुदान पर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जाएं, ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया जाए, भारत-अमेरिका ट्रेड डील समाप्त करने की मांग की है।

करीब 6 बजे से देर रात तक यातायात हुआ प्रभावित, महिलाएं और बच्चे भी हुए परेशान

किसानों का दावा-सुबह तक आसपास के जिलों से करीब 15 हजार किसान और आएंगे



बीच सड़क पर बाटियां और टमाटर सेंकते किसान। कुछ देर बाद यहीं पर उन्होंने रात्रि भोजन लिया।

किसानों के प्रतिनिधि मंडल से कृषि मंत्री ने मंत्रालय में की मुलाकात



## कृषि मंत्री ने केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान को फिर लिखा पत्र

# केंद्रीय कृषि मंत्री कुल उत्पादन का 40% मूंग खरीदी का लक्ष्य तय करें: कंषाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने मंत्रालय में मंगलवार को किसान प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। कृषि मंत्री ने किसानों को आश्वस्त किया कि सरकार उनकी जायज़ मांगों के प्रति संवेदनशील है और सभी मुद्दों का शीघ्र समाधान करने आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। कंषाना ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए तथा मूंग खरीदी सहित अन्य विषयों पर आवश्यक कदम उठाए जाएं।

### पत्र में यह लिखा है...

किसानों से चर्चा के बाद कृषि मंत्री कंषाना ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर ग्रीष्मकालीन मूंग के उपार्जन का लक्ष्य बढ़ाने का अनुरोध किया है। उन्होंने पत्र में कहा है कि प्रदेश में ग्रीष्मकालीन मूंग का क्षेत्रफल 14.30 लाख हेक्टेयर है। इस वर्ष के तृतीय अग्रिम अनुमान अनुसार मूंग की उत्पादकता 1410 कि. ग्राम प्रति हेक्टेयर है। इस प्रकार प्रदेश का कुल उत्पादन 20.16 लाख मेट्रिक टन संभावित है। केंद्र द्वारा गत वर्ष 4.19 लाख मे. टन का लक्ष्य प्रदान किया गया था, जिसके विरुद्ध प्रदेश में मूंग का कुल 7.72 लाख मे. टन का उपार्जन किया गया। किसान भविष्य में भी दलहन उत्पादन के प्रति इच्छुक रहे इसे सुनिश्चित करने के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य का अधिकाधिक लाभ उन्हें दिया जाना आवश्यक है, जो केन्द्र सरकार द्वारा प्रदत्त लक्ष्य सीमा से संभव नहीं हो सकेगा।





प्रदेश के कृषि मंत्री कंसाना से भेंट के बाद विस्तृत बात किसानों को बताते प्रतिनिधिमंडल के सदस्य। दूसरे चित्र में किसान नारेबाजी करते हुए।

## कोलार एसडीएम की टीम देर रात तक रही मौजूद

भोपाल। नर्मदापुरम और हरदा के किसानों की पैदल क्रांति यात्रा को लेकर सावरकर सेतु के नीचे किसानों को रोक लिया गया है। किसानों की समस्याओं को लेकर कोलार एसडीएम पीसी पांडे देर रात तक मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि किसानों की मांगों को लेकर बातचीत चल रही है। वरिष्ठ अफसर पूरे मामले की निगरानी रखे हुए हैं। एसडीएम ने बताया कि शहर के बाहर से आने वाले किसानों की समस्याओं को लेकर उनसे बातचीत चल रही है। सावरकर सेतु के नीचे उन्हें रोका गया है, जहां पर उनकी जरूरी सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है। एसडीएम का कहना है कि किसानों के यहां रहने तक टीम उनकी देखरेख के लिए मौजूद रहेगी।



मौके पर तैनात पुलिस बल।

## आंदोलन को लेकर बोले किसान

### किसान परेशान हैं...



मैं सिवनी मालवा का रहने वाला हूं और किसानों की इस यात्रा में शामिल हुआ हूं। हमारी मांग है कि ई-टोकन बंद होना चाहिए। किसान परेशान हैं।

विपुल रघुवंशी, किसान

### मूंग खरीदी 100 फीसदी हो



मूंग खरीदी 100 फीसदी होना चाहिए। किसानों को खाद मिलने में समस्याओं के साथ भी अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्लॉट बुकिंग में परेशानी हो रही है।

शंकर जाट, किसान

### समस्याएं नहीं दिख रहीं...



मूंग की 100 फीसदी खरीदी होना चाहिए। ई-टोकन परंपरा बंद होना चाहिए। नेताओं को सिर्फ अपनी राजनीति से मतलब है, किसानों की समस्याएं नहीं दिख रही हैं।

दुर्गेश गुर्जर, किसान

### निराकरण होने तक डटे रहेंगे



किसान आज मूंग खरीदी, खाद मिलने से लेकर अन्य विषयों को लेकर परेशान हैं। आज हम इन्ही सब विषयों को लेकर यहा आए हैं और निराकरण होने तक यहीं डटे रहेंगे।

गजेंद्र सिंह जाट, किसान



टैंकर से पानी पीते किसान।

## पुलिस कमिश्नर के साथ 18 थानों की पुलिस, चार सीएसपी, दो डीसीपी ने संभाली कमान, 6 से 7 बसों से बैरिकेडिंग कर रास्ता किया बंद

मूंग की पूरी फसल खरीदे जाने की मांग को लेकर नर्मदापुरम संभाग से भोपाल पहुंचे किसानों को राजधानी में रोकने के लिए पुलिस ने भारी सुरक्षा व्यवस्था की है। बागसेवनिया थाना क्षेत्र में वीर सावरकर सेतु के पास किसानों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए स्वयं भोपाल पुलिस कमिश्नर मोर्चे पर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस कमिश्नर के साथ 18 थानों का पुलिस बल, चार सीएसपी और दो डीसीपी सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए हैं। पुलिस ने करीब 300 जवानों को तैनात किया है। सुरक्षा व्यवस्था में चार डीसीपी स्तर के अधिकारी, दो दर्जन एसीपी और 18 थाना प्रभारी भी मौजूद हैं। किसानों को मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ने से रोकने के लिए 6 से 7 बसों की बैरिकेडिंग कर रास्ता बंद किया गया है।



किसानों को समझाइश देते पुलिस अधिकारी।

# आरकेएमपी से 11 मील तक 5 किमी का जाम, दो लाख लोग परेशान

मूंग की 100% सरकारी खरीदी और खाद वितरण व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर भोपाल पहुंचे किसानों वीर सावरकर सेतु के यहां चक्का जाम कर दिया। इसके चलते आरकेएमपी से मिसरोद तक की स्थिति बन गई। शाम करीब 6 बजे से रात करीब 12 बजे तक एमपी नगर से मिसरोद तक आने-व जाने वाले करीब दो लाख से अधिक लोगों को परेशान होना पड़ा। किसान के चक्का जाम के चलते बंसल प्लाजा,वीर सावरकर सेतु,एम्स कटार हिल्स मिसरोद थाना तक महाजाम लग गया। वाहन चालकों को दूसरे विकल्प वाले रास्तों में अपने वाहन डाल दिए। इसके चलते वहां पर ट्रैफिक दवाब बढ़ गया। जिससे जाम की स्थिति बिगड़ गई। इसके चलते करीब 150 से अधिक कॉलोनी के लोग परेशान हुए।



गणेश मंदिर की ओर से सावरकर सेतु पर बड़ी संख्या में वाहन एकत्रित हो गए और जाम लग गया।

## वाहन चालकों 6 से 7 किमी का चक्कर लगाकर जाना

वीर सावरकर सेतु के यहां चक्का जाम करने से मिसरोद की ओर जाने वाले वाहन चालकों 6 से 7 किमी का चक्कर लगाकर सांची दूध संघ के सामने व चेतक ब्रिज से कस्तूरबा अस्पताल वाली रोड़ साकेत नगर एम्स,कटार हिल्स होते हुए मिसरोद बायपास से आना-जाना पड़ा। इसी तरह बावड़िया कलां की ओर जाने वाले हबीबगंज अंडरब्रिज से कन्हा टावर के सामने से जाने वाली सड़क से आना-जाना करना पड़ा। इससे यहां पर ट्रैफिक दवाब बढ़ गया। जिससे यहां पर वाहन रैंगते-रैंगते नजर आए। वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसमें खासतौर पर महिला व बच्चों को परेशानी अधिक झेलनी पड़ी। वाहन चालक तीन से चार घंटे तक जाम में फंसे रहे। होशंगाबाद रोड और उसके आसपास के इलाकों में, आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



कुछ किसान बीच सड़क पर ही तिरपाल बिछाकर सो गए। वहीं कुछ मच्छरदानी भी साथ लाए थे, उसे लगाकर सो गए।



इधर, एम्प्री की ओर से भी सावरकर सेतु की ओर जाने वाले लोग परेशान होते रहे।

## ट्रैफिक पुलिस ने इन रास्तों पर किया डायवर्जन

- नर्मदापुरम रोड से आने वाले वाहन 11 मील बाईपास से खजूरी कलां, एसओएस, पिपलानी से आना-जाना कर सकते हैं।
- मिसरोद ग्राम और बीयू के बीच में जो कॉलोनी हैं, उसमें रहने वाले लोग बावड़िया कलां ब्रिज से चढ़कर कोलार तथा 10 नंबर की और आवागमन कर सकते हैं।
- एमपी नगर से जिनको नर्मदापुरम मार्ग जाना हो वे गोविंदपुरा, पिपलानी और पटेल नगर या खजूरी कलां मार्ग का उपयोग करें। वहीं एम्स जाने वाले कटारा हिल्स, बागसेवनिया तथा आरएलएल ब्रिज के नीचे से बांये मुड़कर आवागमन कर सकते हैं।



सावरकर सेतु से एम्स की ओर जाने का रास्ता खुला रहा।



सावरकर सेतु के लिए गणेश मंदिर पर पुलिस बल तैनात रहा।

# GALGOTIAS UNIVERSITY

## Globally Ranked, Consecutively *for* 3 Years

Powered by Industry Led Advanced Labs, Career Focussed Courses & Innovation-Driven Learning with our Active Learning Model

Ranked **3rd** AMONGST PRIVATE UNIVERSITIES IN UTTAR PRADESH
Ranked **46th** AMONGST TOP PRIVATE AND GOVERNMENT UNIVERSITIES IN INDIA

Ranked **16th** AMONGST TOP PRIVATE UNIVERSITIES IN INDIA

QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2027 RANKED 1201-1400

THE World University Rankings 2026

Ranked **27th** AMONGST TOP PRIVATE UNIVERSITIES/ INSTITUTIONS IN INDIA.
Ranked **65th** AMONGST TOP INDIAN GOVERNMENT & PRIVATE UNIVERSITIES/ INSTITUTIONS

THE World University Rankings Asia
Band **501-600** AMONGST THE TOP RATED GLOBAL UNIVERSITIES
OFFICIALLY REVEALED IN HONGKONG

## Launched India's Finest Active Learning Campus

**G-SCALE**
GALGOTIAS STUDENT CENTERED ACTIVE LEARNING ECOSYSTEM

• Critical Thinking • Collaboration • Engagement • Experiential Learning

Centre for Drone Intelligence & Simulation



Next Gen Structure and Smart Hydraulics Lab



Centre of Excellence - Tableau AI Data Lab




HP-Intel AI for Future Workforce Lab



Semiconductor Research Lab



Advanced EV Centre of Excellence by L&T EduTech




### Powered By Industry Integrated Academic Centres



Centre for Supercomputing & Advanced AI Research anchored by NVIDIA DGX H200 GPUs



Advanced Geotechnical and Earth Science Centre



Centre for Design Thinking & Augmented Reality



TATA Technologies Learning Centre




Cisco Centre of Excellence




CodeXperience Centre by Capgemini

### Batch 2026 Placement Highlights: 5500+ Placement Offers Secured as on date

| 526 | 228 | 205 | 119 | 188 | 91 | 61 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Students Placed in | Students Placed in | Students Placed in | Students Placed in | Students Placed in | Students Placed in | Students Placed in |
| Infosys | Capgemini | cognizant | LTM | City Union Bank Ltd | accenture | EY |

GALGOTIAS INCUBATION CENTRE
FOR RESEARCH INNOVATION STARTUP & ENTREPRENEURS
Government of UP Recognized Incubator

INR 3 Crore raised by Cybergenix Security Pvt. Ltd., an incubated startup of Galgotias University in Cyber Security domain.

| 30+ | 135+ | 3 | 40+ | 61 |
|---|---|---|---|---|
| Startups with Revenue | Startups supported till date | Startups crossed 1 Crore Revenue | Active Startups | Strategic partners |

NAAC GRADE A+ Accredited University | nirf National Institutional Ranking Framework (NIRF) | Tech Alliance Partner aws

**APPLY TODAY FOR CAREER FOCUSSED 2026–27 UG/PG/DIPLOMA/Ph.D. PROGRAMMES**

Computer Science and Engineering | Electronics and Communication Engineering | Electrical Engineering | Mechanical Engineering | Civil Engineering | Computer Applications and Technology | Defence Technology | Artificial Intelligence | Quantum Technologies | Business | Aviation | Logistics and Supply Chain Management | Tourism Management | Liberal Education | Languages | Finance & Commerce | Basic Sciences | Biosciences and Technology | Forensic Sciences | Agriculture | Law | Pharmacy | Allied Health Sciences | Nursing | Media and Communication Studies | Hospitality | Design | Education | Polytechnic | Vocational Education | Skilling and Entrepreneurship

For Admissions Scan to Apply

GALGOTIAS UNIVERSITY

**#GetYourSelfPlaced**

Galgotias Admissions Helpline No.: **9810162221, 9717300418, 9582847072** **97173 00343** **0120-4370000**

**Web:** www.galgotiasuniversity.edu.in | **Email:** admission@galgotiasuniversity.edu.in

## जैकेट का शेष

### निशातपुरा स्टेशन ...

मालती राय, डीआरएम पकंज त्यागी सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### हर दिन 34...

और भोपाल में प्रस्तावित लगभग 1,800 करोड़ रुपए की रेलवे कोच फैक्ट्री जैसी परियोजनाएं प्रदेश में रेलवे के तेजी से हो रहे विस्तार का उदाहरण हैं। मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि निशातपुरा रेलवे स्टेशन का संचालन शुरू होना से शहर के विकास को नई दिशा मिलेगी।

### अब इंजन या...

विकास का नया केंद्र बनेगा। इससे आसपास के इलाकों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और व्यापार, रोजगार व स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

### पीएम कैमरे का ...

बच्चों पर लाठियां और पैलेट गन चलाने का आदेश किसने दिया? देश यह पूछ रहा है कि गृह मंत्री या प्रधानमंत्री में से किसने 20 जुलाई को छात्रों पर लाठियों और पेलेट गन के इस्तेमाल की अनुमति दी थी। क्या छात्रों के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है? सदन सांसदों की जागीर नहीं है। जेनजी का भरोसा जीतने के लिए नए-नए एंगल के वीडियो बनाने से काम नहीं चलेगा। प्रधानमंत्री को कैमरे का नहीं, दिल का एंगल बदलना पड़ेगा और जिम्मेदारी लेनी होगी। आपके शासन में चुनाव में वोट, मंदिर के चढ़ावे और किसानों की जमीन की चोरी हुई। लेकिन सबसे बड़ी चोरी तब हुई जब नौजवानों के सपने चुराए गए। लाठी बच्चों की पीठ पर नहीं, सरकार की साख पर पड़ी है। प्रधानमंत्री ने ऐसा शिक्षा मंत्री चुना है जिन्होंने एक गर्भवती महिला के साथ बलात्कार के दोषियों की रिहाई पर खुशी जताई थी। कुल 9 घंटे तक चर्चा हुई। बुधवार को भी बिल पर चर्चा होगी।

### जितेंद्र सिंह बोले- ...

पेपर लीक जैसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। वहीं, कांग्रेस पर निशाना साधते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि 2009 के रेलवे भर्ती परीक्षा पेपर लीक से लेकर 2012 के एम्स प्रवेश परीक्षा पेपर लीक तक कई बड़े मामले कांग्रेस सरकार के समय सामने आए। उन्होंने कहा कि इन्हीं घटनाओं से सबक लेते हुए सरकार ने एक लीकप्रूफ परीक्षा प्रणाली तैयार करने का फैसला किया।

जितेंद्र सिंह ने बताया कि 1992 में कांग्रेस सरकार के दौरान एक समिति ने केंद्रीय परीक्षा समिति बनाने की सिफारिश की थी। इसके बाद 2010 में भी एक समिति ने यही सुझाव दिया, लेकिन कांग्रेस और यूपीए सरकारों ने इन सिफारिशों को लागू नहीं किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने एनटीए का गठन किया और 2024 में पहली बार इस विषय पर व्यापक कानून बनाया, जिसे जून 2024 में लागू किया गया।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि इस संशोधन का सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट की व्यवस्था है। इसके तहत पेपर लीक से जुड़े मामलों की जांच दो महीने के भीतर पूरी करनी होगी। इसके बाद ट्रायल कोर्ट में तीन महीने के भीतर सुनवाई पूरी कर फैसला सुनाया जाएगा। यानी घटना होने से लेकर फैसले तक अधिकतम पांच महीने का समय लगेगा। उन्होंने बताया कि यदि कोई पक्ष फैसले के खिलाफ अपील करना चाहता है तो उसे 30 दिनों के भीतर अपील करनी होगी। साथ ही यह भी प्रावधान किया गया है कि ऐसे मामलों की सुनवाई हाईकोर्ट में डबल बेंच से नहीं होगी। उन्होंने यह भी बताया कि नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। इसके अलावा राधाकृष्णन समिति की कुल 46 सिफारिशों में से 35 सिफारिशें सरकार पहले ही लागू कर चुकी है।

### केंद्र का हिंसक ....

केवल शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों तक सीमित था, और हिंसा या आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों को कोई राहत नहीं दी जाएगी। सीजेपी का यह भी दावा है कि सरकार ने मंगलवार तक हस्ताक्षर करके जिस लिखित समझौते को सौंपने का वादा किया था, वह अभी तक उन्हें नहीं दिया गया है। सीजेपी प्रवक्ता आशुतोष रांका ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि अगर सरकार अपने रुख पर कायम नहीं रहती, तो आंदोलन को अन्य राज्यों में भी विस्तार दिया जाएगा।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस के ...

पुराना आपराधिक बैकग्राउंड है, उनसे कानून के तहत सख्ती से ही निपटा जाएगा। इससे पहले सोनम वांगचुक को दिए गए लिखित आश्वासन में भी सरकार ने केवल शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई न करने की बात कही थी।
**लिखित समझौते पर सस्पेंस** : केंद्र और सीजेपी के बीच फिलहाल कोई औपचारिक लिखित दस्तावेज हस्ताक्षरित कर नहीं सौंपा गया है। इस पूरे मामले में सरकार का आधिकारिक रुख शनिवार को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा द्वारा की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस के बयानों पर ही आधारित है। सीजेपी की तरफ से सरकार को जो ड्राफ्ट प्रस्ताव सौंपा गया था, उस पर मंगलवार तक हस्ताक्षर होकर वापस आना प्रस्तावित था, लेकिन सरकारी सूत्रों के अनुसार इस पर अभी प्रक्रिया चल रही है।

### सीबीआई ने 13 ...

की जा रही है। हाल ही में 47 एनटीए अधिकारियों को बर्खास्त किया गया है। इस मामले में एफआईआर 12 मई को एक सरकारी अधिकारी की शिकायत पर दर्ज की गई थी। चार्जशीट में 13 लोगों को आरोपी बनाया गया था। ये सभी अभी न्यायिक हिरासत में हैं। इनमें यश यादव, मांगीलाल बिवाल, दिनेश बिवाल, विकास बिवाल, शुभम खैरनार, धनंजय लोखंडे, प्रहलाद कुलकर्णी, तेजस हर्षद कुमार, डॉ. मनोज शिरूरे, शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर, मनीषा वाघमारे, मनीषा मंधारे और मनीषा संजय हवलदार शामिल हैं।

### शहडोल में संशोधन...

आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा अपर सचिव खाद्य (अतिरिक्त प्रभार) बनाया गया है। इसी तरह इसी बैच के गिरीश शर्मा को अपर सचिव तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग में पदस्थ किया गया है। अभी तक वे परियोजना संचालक स्किल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट समेत कई विभाग व संस्थाओं में प्रमुख पदों पर पदस्थ थे। जबकि 2014 बैच के अंकित स्थाना को सामान्य प्रशासन विभाग में उप सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही वे संचालक कर्मचारी चयन मंडल (अतिरिक्त प्रभार) के पद पर भी पदस्थ रहेंगे।

### अदिति गर्ग व...

तथा मुख्य कार्यपालिक अधिकारी ग्लोबल स्किल पार्क दिया गया है। पार्थ जायसवाल को छतरपुर से हटाकर कलेक्टर शहडोल के पद पर पदस्थ किया गया है। कलेक्टर बालाघाट मृणाल मीणा को अब कलेक्टर छतरपुर बनाकर भेजा गया है। रतलाम कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह को अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन तथा कुमार सत्यम को कलेक्टर बालाघाट बनाया गया है।

### आज यहां अति ....

भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही भोपाल, विदिशा, सीहोर, राजगढ़, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, जबलपुर, नरिसंहपुर, छिंदवाड़ा, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर और पांढुर्णा में मध्यम से तेज बारिश की उम्मीद है।

### तापमान में भी ...

बुधवार तक यह उत्तरी ओडिशा, दक्षिणी झारखंड और उत्तरी छत्तीसगढ़ से होते हुए पश्चिमी उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ेगा। इससे प्रदेश में बारिश की गतिविधियां बढ़ेंगी। इसके अलावा एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन उत्तरी मध्य प्रदेश और आसपास सक्रिय है, जिससे अगले 24 घंटे में कई जिलों में भारी बारिश होगी। भोपाल सहित दो दर्जन से अधिक जिलों में मध्यम से तेज बारिश की उम्मीद है। इससे तापमान में भी कुछ कमी आएगी।

### अंततः कांग्रेस के ...

अवधेश नायक को मिलना चाहिए था। बहरहाल, उनके रैली में शामिल होने से कांग्रेस ने राहत की सांस ली है। पटवारी ने यहां कांग्रेस के घनश्याम सिंह के कम से कम 25 हजार वोटों से जीत का दावा भी किया।

### भाजपा के विकास ....

सुनाएगी तथा भाजपा द्वारा बनाए गए भय के वातावरण को लोकतांत्रिक तरीके से परास्त करेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने इसे लोकतंत्र और जनहित की लड़ाई बताते हुए कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं से 30 जुलाई को मतदान के दिन अपने-अपने बूथों पर पूरी सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ डटकर कार्य करने का आह्वान किया।

रैली में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह, समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, जयवर्धन सिंह, प्रियव्रत सिंह, फूल सिंह बरैया, विधायक नितेंद्र राठौर, महेश परमार, सिद्धार्थ कुशवाहा, पंकज उपाध्याय, साहब सिंह गुर्जर, सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव, सहित अनेक पूर्व मंत्री, विधायक, वरिष्ठ नेता एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा अध्यक्ष नबीन...

की ओर से संयुक्त पत्रकार वार्ता कर कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह के खिलाफ भावनात्मक अपील की गई। भाजपा अध्यक्ष नबीन ने कहा कि दतिया के कोने-कोने से भाजपा को मिल रहा अपार जनसमर्थन इस बात का स्पष्ट संकेत है कि जनता विकास की निरंतरता के साथ आगे बढ़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि 30 जुलाई को आपका एक-एक मत दतिया के विकास की दिशा तय करेगा। उन्होंने आग्रह किया कि भाजपा प्रत्याशी आशुतोष को प्रचंड विजय दिलाइए। नबीन ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकास और सुशासन की इस निरंतर यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए दतिया की देवतुल्य जनता भाजपा को अपना विश्वास और समर्थन प्रदान करेगी।

### घनश्याम की हार....

को कलंकित करने का कार्य किया है। ऐसे जनप्रतिनिधि दतिया विधानसभा क्षेत्र की जनता के मान-सम्मान को कैसे सुरक्षित रख सकेंगे? उन्होंने घनश्याम सिंह द्वारा राजपरिवार के साथ किए गए दुर्व्यवहार, षड्यंत्र और संपत्ति विवाद को लेकर गंभीर खुलासे किए। उन्होंने आगामी चुनावों को दतिया के सम्मान और प्रतिष्ठा की लड़ाई भी बताया। राजमाता हेमलता और राहुल देव ने कहा कि उप चुनाव में घनश्याम सिंह के अहंकार और घमंड को चूर करने का मौका लोकतंत्र ने दतिया के लोगों के हाथों में दिया है। घनश्याम सिंह की करारी हार ही दतिया की असली जीत है। यदि दतिया साम्राज्य की प्रतिष्ठा बचानी है, तो इस घमंड को तोड़ना ही पड़ेगा। दतिया की जनता से अपील करते हुए महाराज राहुल गोविंद देव सिंह ने कहा कि दतिया के नागरिकों ने सदैव दतिया साम्राज्य, इसके इतिहास और राजपरंपराओं का हृदय से सम्मान किया है। उन्होंने दतिया के सभी सम्मानित मतदाताओं से विनम्र आग्रह किया कि वे किसी के बहकावे में न आते हुए दतिया की प्रतिष्ठा, परंपरा, गरिमा और सम्मान की रक्षा के पक्ष में एकजुट होकर अपना अमूल्य मतदान करें।

## पेज एक का शेष

### गुरु जीवन में सर्किट ...

सिखाते हैं। मेरा मानना है कि वास्तव में गुरु केवल एक देह नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर सुप्त अवस्था में विद्यमान एक दिव्य चेतना व गुरु तत्त्व है। जब व्यक्ति की सांसारिक इच्छाएं क्षीण होती हैं, तब यह तत्त्व जागृत होकर जीवन के समस्त क्लेशों का अंत कर देता है। गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व इसी गुरु तत्त्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और आत्ममंथन करने का विशेष अवसर है। यह दिन अतीत के गुरुओं को नमन कर अपने आध्यात्मिक विकास का अवलोकन करने की प्रेरणा देता है। जब हृदय में कृतज्ञता और विनम्रता का भाव खिलता है, तब शिष्य का मन एक विशाल आनंदमयी सागर के समान हो जाता है।

### किसी ढोंगी से ...

भीतर व्याप्त अहंकार, क्रोध और नकारात्मकता को समाप्त कर उसके जीवन का कल्याण करना और उसे मुक्ति का मार्ग दिखाना है। वे अक्सर पानी पीयो छान के, गुरु बनाओ जान के की पंक्ति पर जोर दिया जाना चाहिए। व्यक्ति को परख कर ही गुरु स्वीकारना चाहिए। और यदि इस कलियुग में आपको कोई निश्छल और योग्य गुरु न मिले, तो किसी भी ढोंगी के बहकावे में आने के बजाय भगवान शिव को ही अपना जगद्गुरु मानकर उनकी शरण में चले जाना चाहिए, क्योंकि महादेव से बड़ा गुरु इस संसार में दूसरा कोई नहीं है।

### गुरु को अपने शिष्यों ..

को अंधविश्वास, ढोंग और असत्य से निकालकर सत्य और सनातन संस्कृति के मार्ग पर चलाना है। आधुनिक युग में जहां व्यक्ति अनेक मानसिक तनावों और शंकाओं से घिरा है, वहां गुरु का दायित्व है कि वह शिष्य के भीतर भक्ति, अनुशासन और धर्म के प्रति अटूट विश्वास जगाए। गुरु को अपने शिष्यों को समर्थ बनाना चाहिए ताकि वे अपने पारिवारिक, सामाजिक और आध्यात्मिक जीवन में संतुलन बना सकें। गुरु का उद्देश्य शिष्य को भटकने से बचाकर उसके जीवन में शांति, सुरक्षा और सही दिशा प्रदान करना है।

### शिष्य को जीवन ...

उलझाकर सीधे हनुमान जी और प्रभु श्रीराम की शरणागति प्रदान कराना है। अपने शिष्यों को केवल कथा-प्रवचन तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें सनातन संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और नैतिक मूल्यों से जोड़ना चाहिए। गुरु का दायित्व है कि वह शिष्य के भीतर के भय, संशय और दोषों को दूर कर उसमें आत्मबल जगाए। सच्चा गुरु शिष्य के जीवन से अहंकार और व्यसनों को समाप्त कर उसे धर्म के पथ पर अडिग रहना सिखाता है, ताकि मॉडर्न युग की चुनौतियों के बीच भी शिष्य अपनी जड़ों और परमात्मा से जुड़ा रहे।

### हर शुक्रवार फील्ड ...

अभियान सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद बढ़ेगा और योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आएगी। उन्होंने बताया कि मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों से अभियान की शुरुआत करेंगे। अभियान का मुख्य उद्देश्य जन शिकायतों के त्वरित निराकरण के साथ शासन और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना है। अधिकारी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे तथा जहां संभव होगा, वहीं उनका समाधान करेंगे। जिन मामलों में तत्काल समाधान संभव नहीं होगा, उनका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

### भ्रष्टाचार और ...

अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखें। सरकार का मानना है कि प्रशासन के सीधे जनता के बीच पहुंचने से शिकायतों के समाधान में तेजी आएगी, योजनाओं की प्रभावी निगरानी होगी और शासन व्यवस्था अधिक पारदर्शी एवं जवाबदेह बनेगी।

### महिला एशियन हॉकी ...

के लिए 11 करोड़ रुपए जाएंगे। अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए विभाग की ओर से 7 करोड़ 74 लाख रुपए का व्यय किया जाएगा। आयोजन पर लगभग 18 करोड़ 74 लाख रुपए खर्च होंगे।

### एलपीजी सप्लाई ...

होर्मुज जलडमरूमध्य में आपूर्ति बाधित होने के कारण भारत को घरेलू स्तर पर एलपीजी की किल्लत झेलनी पड़ी थी। वर्तमान में भारत अपनी जरूरत का लगभग 66% एलपीजी आयात करता है, जिसमें से करीब 90% आपूर्ति मिडिल ईस्ट से होती है। ऐसे में किसी भी भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर भारतीय रसोई पर पड़ता है।

इसी जोखिम को कम करने के लिए इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जल्द ही अमेरिका से दीर्घकालिक खरीद के लिए टेंडर जारी करने की तैयारी में हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने भी संसद में स्पष्ट किया कि भारत आयात स्रोतों में विविधता ला रहा है, ताकि संकट के समय भी देश में रसोई गैस की कोई कमी न हो। अमेरिका से बढ़ी हुई यह खरीद दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों को मजबूत करने के साथ-साथ भारत की ऊर्जा सुरक्षा को एक नया कवच प्रदान करेगी।

### पीएम मोदी का ...

संबोधन में पीएम मोदी ने आश्वासन दिया था कि कैबिनेट की बैठक में पेपर लीक के खिलाफ सख्त कार्रवाई का ऐलान किया जाएगा। फेसबुक द्वारा वीडियो पर अस्थायी रोक लगाए जाने से पहले ही इसे लाखों लोग देख चुके थे। शुरुआत में प्लेटफॉर्म पर एक नोटिस दिखाई दे रहा था, जिसमें कहा गया था कि वीडियो को कानूनी अनुरोध के कारण प्रतिबंधित किया गया है। इस कदम पर कई भाजपा नेताओं ने तीखे सवाल खड़े किए थे। हालांकि, बाद में मेटा ने स्पष्ट किया कि वीडियो पर प्रतिबंध किसी कानूनी अनुरोध की वजह से नहीं, बल्कि एक तकनीकी खराबी के कारण हुआ था। सूत्रों के अनुसार, इस पूरे मामले पर कड़ा संज्ञान लेते हुए आईटी मंत्रालय ने मेटा के पब्लिक पॉलिसी के ग्लोबल हेड को तलब किया है।

### कुबेरेश्वरधाम, दादाजी धाम ...

का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लेंगे और पात्र साधकों को वैदिक परंपरा अनुसार कान मंत्र दीक्षा दी जाएगी। खंडवा के श्री दादाजी धाम में दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव की शुरुआत मंगलवार से भव्य और भक्तिमय माहौल में हो गई। महोत्सव के पहले ही दिन मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। रात तक मंदिर में दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या 20 हजार से भी अधिक पहुंच गई। बागेश्वर धाम में आयोजित सात दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दौरान संन्यासी बाबा की सिद्ध समाधि स्थल से चरण पादुका शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा पर ड्रोन से पुष्पवर्षा की गई, जबकि इंदौर सुंदरकांड मंडल की महिलाओं ने मार्ग बुहारकर स्वच्छता का संदेश दिया।

### बचाव पक्ष ने वॉइस ...

वॉइस सैंपल लेने के दौरान जांच एजेंसी के अधिकारियों का व्यवहार उचित नहीं था और इस संबंध में अपनी आपत्ति दर्ज कराई। अधिवक्ता दीक्षित का कहना है कि इस पर अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि वॉइस सैंपल और उससे जुड़े तर्क पहले जमानत आवेदन की सुनवाई के दौरान भी उठाए जा चुके हैं। चूंकि जमानत आवेदन पर फैसला हो चुका है, इसलिए वर्तमान रिमांड की सुनवाई में इस मुद्दे का कोई औचित्य नहीं है। हालांकि इस संबंध में अदालत ने अपने लिखित आदेश में कोई टिप्पणी दर्ज नहीं की। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने न्यायिक हिरासत बढ़ाने का भी विरोध किया। शुभांग दीक्षित के मुताबिक, बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि सीबीआई की रिमांड बढ़ाने संबंधी अर्जी में कोई नया आधार नहीं बताया गया है। साथ ही एजेंसी से यह भी पूछा गया कि अब तक कितने गवाहों से पूछताछ की जा चुकी है। सीबीआई ने बचाव पक्ष की मांग का विरोध करते हुए अदालत में कहा कि मामले की जांच अभी जारी है। ऐसे में कितने गवाहों से पूछताछ हो चुकी है या किन-किन लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं, इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती। जांच प्रभावित होने की आशंका के चलते एजेंसी ने इस संबंध में कोई विवरण देने से इनकार किया।

### ग्यारह मील पर बैरिकेडिंग ...

भारी पुलिस तैनात किया गया था, किसान इसे हटाकर भी आगे की तरफ बढ़ गए, इधर 19 संगठनो के सामूहिक आंदोलन को लेकर 19 संगठनों के जिम्मेदारों को सीएम हाउस बुलाकर बातचीत के लिए बुलाया गया है। बावजूद इसके किसान सीएम हाउस का घेराव करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। किसानों का कहना है कि हम मांगें पूरी होने तक यहीं रहेंगे, जिसके लिए एक हफ्ते का राशन-पानी भी साथ लाए हैं। भोपाल कूच कर रहे किसानों का कहना है कि इस बार उनका आंदोलन तीन प्रमुख मांगों को लेकर है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर शत-प्रतिशत मूंग की खरीदी की जाए, ई-टोकन व्यवस्था खत्म की जाए और बही के आधार पर खाद का वितरण किया जाए।

### हाथों में तिरंगा लेकर लगाए ...

होशंगाबाद रोड पूरी तरह सील कर दिया, जिसकी वजह से वाहन चालकों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा। किसान हाथों में तिरंगा लेकर आगे बढ़ रहे थे, वहीं वे जय जवान-जय किसान के नारे लगाते रहे। किसानों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहनों का काफिला भी शहर में आगे बढ़ता रहा। सोमवार को बरखेड़ा से शुरू हुई किसान क्रांति पैदल यात्रा मंगलवार को औबेदुल्लागंज, मंडीदीप और 11 मील होते हुए भोपाल शहर में पहुंची। रास्ते में कई जगह पुलिस ने किसानों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे बैरिकेडिंग हटाते हुए आगे बढ़ते रहे। किसानों की यात्रा को लेकर मंडीदीप सीमा पर कलियासोत ब्रिज के पास हाईवे के दोनों ओर बैरिकेडिंग की गई, लेकिन किसान बैरिकेडिंग हटाते हुए भोपाल की तरफ कूच कर गए। पुलिस ने यहां भी किसानों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन किसान नहीं रुके।


आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION | AFFORDABLE FEES | A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED अंतिम अवसर
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A.
• B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ
• B.Sc. Microbiology / Biotechnology
• B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology • Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS D.El.Ed. | B.Ed. | B.P.Ed. | M.P.Ed. | M.Ed.
Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660949, 2661064 www.jncbpl.com jnpgcollege_bhopal@yahoo.com

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्र्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M. 9425006131, 8871714432
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 6301

**बाएँ से दाए**

1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह,टीस,लालसा-3
6. हानि,आपत्ति-2
7. दुश्मनी,बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश,आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत,मुसीबत-2
19. शैतानी,बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा,लालसा-4
24. कवि,गजलकार-3
25. जरा,थोड़ा-2
27. मुलायम,नाजुक-3
28. गुफा,खोह-2
29. प्रियतम,सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह,शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा,गंजा-4
4. पंक्ति,लाइन-3
5. लड़की, पुत्री,बेटी-2
7. वहम,संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा,कसम-3
13. गंगा का पानी-4
15. तीखा,तीक्ष्ण-3
16. आतुर,धैर्यहीन-4
17. संभवतः-3
18. मर्कट,कपि-3
20. गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना-4
23. साजन,प्रेमी-3
24. संध्या,सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना,मास-2

शब्द पहेली- 6300 का हल

## सूडोकू नवताल - 6311

सूडोकू नवताल - 6310 का हल

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

MANGAL SENACHA, BANGALORE

## राशिफल

**मेष**: रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष**: परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन**: तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क**: आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह**: कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या**: परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला**: धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक**: भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु**: कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर**: व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ**: तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन**: दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

# गुरु पूर्णिमा पर इस बार बन रहे चार अद्भुत संयोग और राजयोग

# सकारात्मक सामाजिक संकल्पों के साथ गुरू शिष्यों को देंगे गुरू दीक्षा अमृत-सर्वार्थ सिद्धि योग में आज धूमधाम से मनाई जाएगी गुरू पूर्णिमा

## शहर में जगह-जगह शिष्य गुरू की पादुका पूजन करेंगे और आशीर्वाद लेंगे, बन रहे चार अद्भुत संयोग, राजयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अमृत और सर्वार्थ सिद्धि योग में 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा मनाई जाएगी। इस दिन गुरु के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए गुरु पूजन के कार्यक्रम होंगे। इस मौके पर शहर में जगह-जगह शिष्य गुरु की पादुका पूजन करेंगे और आशीर्वाद लेंगे। इस बार गुरु पूर्णिमा पर चार अद्भुत संयोग और राजयोग बन रहा है। इस दिन गुरु के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए गुरु पूजन के कार्यक्रम होंगे। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार गुरु पूर्णिमा पर 56 साल बाद एक साथ 3 राजयोगों का निर्माण हो रहा है। इस दिन बुधादित्य राजयोग, शश महापुरुष और हंस राजयोग बन रहा है। बुधादित्य राजयोग सूर्य और बुध की युति से बनता है, जो बौद्धिक क्षमता, करियर और मान-सम्मान में वृद्धि करेगा। वहीं, इस दिन ग्रहों की विशेष स्थिति के कारण शश राजयोग जैसे शक्तिशाली योग भी बन रहे हैं। इस बार शहर में गुरुपूर्णिमा पर्व पर कई गुरु सकारात्मक सामाजिक संकल्पों के साथ शिष्यों को गुरु दीक्षा देंगे। इस दौरान राष्ट्र उत्थान, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण सहित सेवा कार्यों का संकल्प भी शिष्यों को दिलाया जाएगा।


अशोका गार्डन स्थित मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु।

### जाप करने से अनंत पुण्य की प्राप्ति

पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान व श्रीहरि विष्णु की विधिवत पूजा विष्णु सहस्त्रनाम, पुरुष सूक्त का पाठ, ऊं नमो भगवते वासुदेवाय नमः का जाप करने से अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है।

### गुरु पूर्णिमा पर पूजा विधि

सुबह सूर्योदय से पहले उठें और स्नान करें। स्वच्छ वस्त्र पहनें और पूजा स्थान को साफ करें। भगवान वेद व्यास और अपने गुरु की प्रतिमा स्थापित करें। दीप प्रज्ज्वलित करें और धूप-बत्ती लगाएं। फूल, फल और मिठाई अर्पित करें। गुरु मंत्रों का जाप करें। गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें। गुरु पूर्णिमा के दिन दान करना भी अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है।

### पादुका पूजन व दीक्षा कार्यक्रम

प्राचीन सिद्धपीठ श्री अर्जी वाले हनुमान मंदिर नेहरू नगर में श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव गुरु परंपरा अनुसार मनाया जाएगा। मंदिर के संस्थापक गुरुदेव पंडित नरेन्द्र दीक्षित, सिद्ध महाराज, के शिष्यगण, देश और दुनिया से ऑनलाइन वीडियो कॉल के द्वारा गुरुदेव से आशीर्वाद ग्रहण करेंगे और राजधानी और भोपाल और भारत के अनेक शहरों से आने वाले भक्त गुरुदेव से आशीर्वाद ग्रहण करेंगे। सुबह 9 बजे श्री गुरु पूजन गुरु मंत्र दीक्षा सुबह 9 बजे से 11 बजे तक ग्रहण कर ग्रहण करेंगे। इस मौके पर शिष्य पादुका पूजन करेंगे, साथ ही नए शिष्यों को दीक्षा भी दी जाएगी। नए शिष्यों को पौधरोपण, राष्ट्रउत्थान, यातायात नियमों के पालन और पर्यावरण संरक्षण के साथ सभी धर्मों का समान, समाजसेवा सहित दस संकल्प दिलाए जाएंगे।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने का संकल्प

गायत्री शक्तिपीठ की ओर से भी गुरु पूर्णिमा पर गायत्री महायज्ञ और गुरु दीक्षा कार्यक्रम होगा। इस दौरान नए शिष्यों को दीक्षा देंगे। गायत्री शक्तिपीठ के रमेश नागर ने बताया कि इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने और व्यसनमुक्ति का संकल्प दिलाया जाएगा।

### पूजा का शुभ मुहूर्त

- पूर्णिमा तिथि प्रारंभ..28 अगस्त की रात्रि से
- पूर्णिमा तिथि समाप्त ...29 अगस्त की रात्रि तक
- शुभ-अमृत चौघडिया प्रात..काल से ही गुरु पूजन और स्नान-दान का शुभ समय रहेगा।

### एचई योग मित्र मंडल का गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन आज

**भोपाल।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर एचई योग मित्र मंडल, पिपलानी (भेल) द्वारा बुधवार को भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन फाउंड्री गेट के सामने, 68/सी-2/ए-सेक्टर, पिपलानी, बीएचईएल स्थित आश्रम परिसर में किया जाएगा। मंडल बिहार स्कूल ऑफ योग, मुंगेर से संबद्ध है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साधक, श्रद्धालु एवं योग प्रेमी सपरिवार सहभागिता करेंगे। संस्था महासचिव सतेन्द्र कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7:30 बजे गुरु पादुका पूजन, आरती एवं प्रसाद से होगा। इसके उपरांत उपस्थित साधकों को आसन, प्राणायाम, ध्यान एवं साधना का अभ्यास कराया जाएगा। प्रातः 9:30 बजे गुरु गीता पाठ एवं स्वल्पाहार प्रसाद, प्रातः 10:30 बजे गुरु आराधना, अपराह्न 1:00 बजे ब्रह्म खिचड़ी प्रसाद तथा सायं 5:00 बजे पूर्णिमा हवन एवं समापन का आयोजन होगा। आश्रम श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु प्रातः 6:30 बजे से सायं 7:00 बजे तक खुला रहेगा।

### गुरु पूर्णिमा पर विशेष ध्यान और सत्संग का आयोजन

**भोपाल।** योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया के भोपाल केंद्र द्वारा आज गुरु पूर्णिमा पर विशेष ध्यान एवं सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम शाम 6 बजे से 7:30 बजे तक साकेत नगर स्थित चिन्मय मिशन, एम्स गेट नंबर 2 के सामने होगा। कार्यक्रम में एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. डॉ. माधवानन्द कर मुख्य अतिथि होंगे। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण क्रिया योग के संस्थापक और सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु परमहंस योगानंद की शिक्षाओं पर आधारित प्रेरक पठन एवं सामूहिक भक्तिमय चैंट (भजन-कीर्तन) होंगे। कार्यक्रम में निर्देशित ध्यान (गाइडेड मेडिटेशन) और विश्व शांति एवं आरोग्य के लिए विशेष प्रार्थनाएं सम्मिलित हैं। बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए लिफ्ट की व्यवस्था भी है।

## चेतना केंद्रों के परिजनों ने किया 12 घंटे का अखंड जाप

गुरु पूर्णिमा पर आज 24 कुंडी यज्ञ व गुरु पाद पूजन

**भोपाल।** गुरु पूर्णिमा महोत्सव के पूर्व मंगलवार को गायत्री शक्तिपीठ पर सुबह 6 से शाम 6 बजे तक गायत्री मंत्र का अखंड जाप का आयोजन किया गया, जिसमें भोपाल जिले के सभी चेतना केदो के परिजनों ने भाग लिया। बुधवार को 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ गुरु पाद पूजन 24 कुंडी गायत्री महायज्ञ दीक्षा संस्कार विभिन्न संस्कार एवं शताब्दी वर्ष सप्त आंदोलन का जन जागरण एवं मार्गदर्शन विशेष कर वृक्ष गंगा अभियान के अंतर्गत पौधों का वितरण एवं पर्यावरण संरक्षण संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।



## 21 शिव भक्तों के साथ बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 15 वां जत्था हुआ रवाना

**भोपाल।** अमरनाथ यात्रा एक बार फिर शुरू होने के साथ ही शिव भक्तों का जाने का सिलसिला शुरू हो गया। इसी के तहत मंगलवार को 21 शिव भक्तों के साथ एक जत्था बाबा बफार्नी के पवित्र दर्शन के लिए अमरनाथ रवाना हुआ। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल का 21 शिव भक्तों का 15 वां जत्था प्रकाश पाटिल के नेतृत्व में बाबा बफार्नी के दर्शन के लिए मालवा एक्सप्रेस से रवाना हुआ। इस जत्थे में 69 वर्षीय बुजुर्ग राज कुमार राही शामिल हैं। अमरनाथ यात्रियों तो माला एवं तिलक लगाकर विदाई दी गई।


बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 15 वां जत्था हुआ रवाना।

## भोपाल से रिजर्वेशन कराने वाले 67 से अधिक मुसाफिर निशातपुरा से हुए रवाना

# तीन साल बाद भोपालवासियों को मिली निशातपुरा रेलवे स्टेशन की सौगात, पहले दिन पांच टिकट बिके



डॉ. अंबेडकर नगर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा मालवा एक्सप्रेस को सीएम ने दिखाई हरी झंडी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार समय करीब 5 बजे रहे थे, इस बीच निशातपुरा स्टेशन से एकाएक स्टेशन पर अनाउंसमेंट होने लगता है, यात्रीगण कृपया ध्यान दें डॉ. अंबेडकर नगर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा मालवा एक्सप्रेस करीब 5:20 पर निशातपुरा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर पहुंचेगी। इसके साथ ही स्टेशन पर मौजूद यात्रियों के चेहरे खिल उठे। हालांकि मालवा एक्सप्रेस ट्रेन पहले दिन करीब 5:44 पर निशातपुरा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर पहुंची। जहां पर करीब 15 मिनट बाद ट्रेन रवाना हुई। इस दौरान श्री माता वैष्णो देवी के जयकारों के साथ यात्री सवार हुए। राजधानी में मंगलवार को निशातपुरा के रूप में शहरवासियों को चौथे स्टेशन की सौगात मिली। स्टेशन पर सीएम डॉ मोहन यादव ने पहले दिन डॉ. अंबेडकर नगर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा मालवा एक्सप्रेस को मंच से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यहां उसके नियमित ठहराव की शुरुआत की। साथ ही जबलपुर-वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस के नए स्टॉपेज का भी शुभारंभ किया गया। मंगलवार को स्टेशन के शुभारंभ होने के पहले दिन पांच जनरल टिकट की बिक्री हुई। बड़ी संख्या में भोपाल स्टेशन से रिजर्वेशन कराने वाले यात्री निशातपुरा से सवार हुए। इसमें मालवा एक्सप्रेस के स्टापेज के पहले दिन करीब 67 यात्री मालवा एक्सप्रेस में निशातपुरा से यात्रा के लिए चढ़े।

### अभी बनी रहेगी कुछ चुनौतियां

निशातपुरा कोच फैक्टरी के आस-पास रहने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। दरअसल इस साइट से स्टेशन तक जाने के लिए एफओबी की सुविधा नहीं है। ऐसे में प्लेटफार्म तक जाने में पटरी पार कर जाना पड़ेगा। ऐसे ही करोंद व नादरा बस स्टैंड की ओर से आने वाले यात्रियों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। स्टेशन तक पहुंचने के लिए अप्रोच रोड और शहर से सीधी कनेक्टिविटी अभी पूरी तरह विकसित नहीं हुई है। रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जारी है, जिससे आवागमन प्रभावित है। साथ ही स्टेशन पर जलापूर्ति और कुछ अन्य परिचालन सुविधाएं भी अभी पूरी तरह विकसित नहीं हो सकी हैं।

### भोपाल और आरकेएमपी पर दबाव कम होगा

जानकारी के अनुसार यहां रुकने वाली मालवा एक्सप्रेस और जबलपुर-वरावल (सोमनाथ) एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों के ठहराव के बाद अब भोपाल स्टेशन और आरकेएमपी का दबाव कम होगा। भोपाल स्टेशन पर कई ट्रेनें स्टेशन के पास आउटर पर लंबे समय तक खड़ी रहती हैं। इससे निजात मिलेगी। सितंबर तक की यात्रा के लिए रिजर्वेशन में भोपाल और निशातपुरा, दोनों स्टेशनों का विकल्प रहेगा। वहीं 26 सितंबर के बाद की यात्रा के लिए रिजर्वेशन केवल निशातपुरा स्टेशन से किया जाएगा। इस अवधि की बुकिंग मंगलवार से शुरू होगी। जिससे समय की बचत होगी और ट्रेनों की समय पालन में भी सुधार आएगा।

### केटरिंग और पार्किंग सुविधा के लिए करना होगा इंतजार

निशातपुरा रेलवे स्टेशन का शुभारंभ हो गया है। लेकिन यात्रियों को अभी यहां खान-पान के स्टॉल और पार्किंग के लिए इंतजार करना होगा। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ ही केटरिंग और पार्किंग के लिए टैंडर जारी किए जाएंगे।

### यह होगा फायदा

निशातपुरा रेलवे स्टेशन शुरू होने से ट्रेनों में इंजन रिवर्सल की समस्या काफी हद तक खत्म हो सकती है। यदि भोपाल स्टेशन पर खत्म होने वाली कुछ ट्रेनों का अंतिम स्टेशन निशातपुरा कर दिया जाए, तो इंजन की दिशा बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अभी भोपाल स्टेशन पर इंजन रिवर्स में करीब 30 से 45 मिनट का समय लग जाता है, जिससे ट्रेनें अक्सर लेट हो जाती हैं। लेकिन निशातपुरा से ट्रेनों को सीधे इंदौर, उज्जैन और रतलाम की ओर भेजना



### सीएम के जाने के बाद पहुंचे सासंद शर्मा



स्टेशन के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम के जाने के बाद सांसद आलोक शर्मा पहुंचे। वह मंच पर नहीं गए। लोगों के बीच मौजूद रहे।



### बोले डीआरएम..दो माह बाद, यहीं रुकेंगी दोनों ट्रेनें



सितंबर तक की यात्रा के लिए रिजर्वेशन में भोपाल और निशातपुरा, दोनों स्टेशनों का विकल्प रहेगा। वहीं 26 सितंबर के बाद की यात्रा के लिए रिजर्वेशन केवल निशातपुरा स्टेशन से किया जाएगा। स्टेशन का ओर अधिक विस्तार किया जाएगा, यात्रियों को सारी सुविधाएं मुहैया करारइं गई हैं।
पंकज त्यागी, डीआरएम, भोपाल मंडल

### यात्री बोले- बड़ी सौगात मिली है



मैं परिवार के साथ श्री माता वैष्णो देवी माता रानी के दर्शन के लिए जा रहा हूं। भोपाल से रिजर्वेशन था लेकिन यहां से सवार हुआ।
- रितिक माली रेल यात्री

### खुशी की बात है



मेरा रिजर्वेशन भोपाल से था,लेकिन निशातपुरा स्टेशन के शुरू होने से बहुत खुशी थी। यादगार के लिए मालवा एक्सप्रेस में निशातुपार से सवार होने परिवार के साथ एक घंटे पहले ही पहुंच गई थी।
सुषमा राय, रेल यात्री

## भक्ति भाव के साथ की प्रभु की आराधना

## श्रद्धा से सराबोर इंद्र-इंद्राणियों ने विश्व शांति महायज्ञ में दी आहुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नंदीश्वर जिनालय में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में भगवान जिनेंद्र का अभिषेक शांति धारा के साथ अष्ट द्रव्य से विधान के 1024 अरघ समर्पित हुए। उत्साह के साथ श्रद्धा भक्ति द्वारा प्रभु की आराधना की। जिनालय में भक्ति के रंग में रंगे इंद्र इंद्राणी द्वारा मंडल पर श्रीफल अर्पित कर सभी के कल्याण की कामना की गई। जिनालय का समूर्ण वातावरण भक्तिमय बना हुआ था। इंद्राणियों द्वारा मंगल गीतों के साथ प्रभु के अनंत गुणों की वंदना कर रही थीं। प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया प्रतिष्ठाचार्य पंडित वर्धमान सोरया के निर्देशन में विधि विधान से मंत्रोचार के साथ धार्मिक क्रियाएं हुई, अनुष्ठान का नेतृत्व नंदीश्वर जिनालय अध्यक्ष एडवोकेट विजय चौधरी के नेतृत्व में सभी ने पर्यावरण की रक्षा जीव दया गो सेवा का संकल्प लिया संचालन डॉ सर्वज्ञ ने किया अनुष्ठान के प्रमुख पात्र ध्वजारोहण कर्ता प्रमोद ऊषा चौधरी एडवोकेट वैभव प्रियंका चौधरी सो धर्मेंद्र श्रीपाल मेना सुंदरी प्रियेश अर्पिता कुबेर पदम सगीता महायज्ञ नायक विपिन विनीता सिंघई सहित प्रशांत कीर्ति देवल विनोद पूनम आम्रपाली शैलेश रेखा स्टील अम्बर मीना श्रेयांस चंद्रा पंकज प्रियंका निर्मल सरोज सुरेश प्रवीण प्रतीक आराधना चक्रेश ममता चौधरी शीलचंद स्नेहलता लचक्या मनोज नीलिमा बबलू विवेक राजेश मंजू जैन डॉ सर्वज्ञ मिली जैन विकास नम्रता पब्लिशर इंजीनियर विनोद सुषमा राकेश सुनीता सलामत पुर हे, डॉ सर्वज्ञ मिली जैन इंजीनियर विनोद सुषमा राकेश सुनीता सलामत पुर हे।

### कल 36 तंग बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज भोपाल।** शहरी बस्तियों में प्रत्येक गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसके तहत 30 जुलाई को 36 स्थानों पर शिविर लगाए जा रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर ने हितग्राहियों तक स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं की पहुंच को और बेहतर करने के लिए आउटरीच गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए थे। सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा ने बताया कि आम नागरिकों के साथ-साथ इन शिविरों में विशेष रूप से श्रमिक वर्ग की महिलाओं, कामकाजी महिलाओं एवं उनके बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाएगी। क्रेशर बस्ती भौरी, रेलवे फाटक अहमदाबाद एरिया, गोंडीपुरा राधापुरम मिसरोद, लिबर्टी कॉलोनी।

## निर्माणाधीन गोशाला का महापौर ने किया निरीक्षण दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**भोपाल।** महापौर मालती राय ने गुफा मंदिर प्रांगण में निर्माणाधीन गोशाला का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाएं। निरीक्षण के दौरान महापौर ने गोशाला परिसर में चल रहे प्रचलित एवं प्रस्तावित कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्माणाधीन रैम्प, सीढ़ियों तथा अन्य संरचनाओं का मौके पर निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच की। महापौर ने कहा कि गौशाला से जुड़े सभी कार्य चरणबद्ध तरीके से किए जाएं और किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता न हो।

## अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने लिखा पत्र

## देश में सनातन धर्म की रक्षा के लिए अखाड़ों का हो शुद्धिकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

देश में सनातन धर्म को जिस तरह से मजाक बना दिया गया है। दूसरे धर्म के लोग सनातन धर्म की व्यवस्थाओं पर टीका टिप्पणी कर रहे है। उस कारण देश में सनातन धर्म की रक्षा के लिए अखाड़ों के शुद्धिकरण की आवश्यकता सनातन धर्मावलंबियों को लगती हैं। इस आशय का एक पत्र अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महानिवार्णी प्रमुख रविंद्रपुरी को अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने भेजा है। राष्ट्रीय सचिव रूपेश मेहता ने बताया कि पत्र में मांग की गई हैं कि अखाड़ों का शुद्धिकरण हो,अखाड़ा परिषद की नियमावली में संशोधन हो, अखाड़ों में बने वाले साधु ब्रह्मचारी हो, महामंडलेश्वर बनाने की प्रक्रिया में संशोधन हो, संतों में चादर ओढ़ाने की प्रथा समाप्त होना चाहिए। यह सनातन धर्म की प्रथा नहीं है। साधु संतों में त्याग की प्रवृत्ति हो, धन और ऐश्वर्य से दूर हो सिंहस्थ पर्व पर शाही स्नान पर सादगी पूर्ण स्नान की परम्परा बनाई जाए। अखाड़ों में भोजन प्रसादी ब्रह्मचारी बनावे, स्त्रियों पर प्रतिबंध हो क्योंकि शंकराचार्य परम्परा में ब्रह्मचारी शिष्य या स्वयं पाकी व्यवस्था होती हैं।

### समाज पर जबरन थोपा गया

उज्जैन में पिछले दिनों विवादित अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रवींद्रपुरी निरंजनी अखाड़ा द्वारा ऐसे कई महामंडलेश्वर बनाए गए, जिनकी ना कोई योग्यता थी और ना कोई मापदंड था। जिन्होंने कभी वेद नहीं पढ़ा, देश में तीर्थाटन नहीं किया, योग अभ्यास नहीं किया। जिन पर यौन शोषण से लेकर अमानत में खयानत तक के आरोप लगे, ऐसे लोगों को महामंडलेश्वर बना कर समाज पर जबरन थोपा गया।

## गंभीर बीमारियों से बचाव और समय पर जांच कराना आवश्यक

# वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे: छह बीमारियों की जांच हुई, डॉक्टरों ने बचाव के तरीके बताए, स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

कार्यक्रम में संक्रामक बीमारियों से बचाव के बताए गए तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे पर मंगलवार को बीपीएलटी भोपाल पैथोलॉजी लैब टेक्नोलॉजिस्ट एवं टेक्नीशियन एसोसिएशन ने लालघाटी स्थित तृप्ति हॉस्पिटल के पास मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। शिविर में लोगों की हेपेटाइटिस-बी, शुगर, थायराइड, एचआईवी, सिफिलिस और ब्लड प्रेशर की मुफ्त जांच की गई। डॉक्टरों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को इन गंभीर बीमारियों से बचाव और समय पर जांच कराने के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। शिविर में 100 से ज्यादा लोगों ने हेपेटाइटिस-बी के साथ शुगर, थायराइड, एचआईवी, सिफिलिस और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को समय-समय पर जांच कराने की सलाह दी। आईसीटीसी सेंटर की संगीता निरापूरे ने लोगों को हेपेटाइटिस और अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव की जानकारी दी। वहीं संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभ्रा मिश्रा, डॉ. दीपांशी सक्सेना, डॉ. मानसी मेहरवाल, डॉ. आस्था कुशवाहा और डॉ. सनिका चौबे ने भी लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समय पर जांच कराने की सलाह दी।

### बदलती जीवनशैली बन रही बड़ी वजह

बीपीएलटी के प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र मिश्रा ने कहा कि बदलती जीवनशैली लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रही है। खान-पान और रहन-सहन में बदलाव के कारण कई गंभीर बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि समय पर स्वास्थ्य जांच और बेहतर जीवनशैली अपनाकर इन बीमारियों के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

## आयुष्मान भारत योजना के निरीक्षण

## श्री हरि मल्टीकेयर हॉस्पिटल अक्रियाशील पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी

अपर मुख्य सचिव के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविंद शाह के मार्गदर्शन में आयुष्मान भारत योजना की टीम द्वारा श्री हरि मल्टीकेयर हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल अक्रियाशील पाया गया। साथ ही योजना के प्रावधानों के उल्लंघन सहित विभिन्न अनियमितताएं भी पाई गई। इसके फलस्वरूप कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। प्रकरण को गंभीरता दृष्टिगत रखते हुए अस्पताल के राज्य स्तरीय पैनलमेंट को निलंबित किए जाने की कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। अस्पताल प्रबंधन को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना पक्ष एवं स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त स्पष्टीकरण, निरीक्षण प्रतिवेदन तथा उपलब्ध अभिलेखों के परीक्षण के उपरांत नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। अरविंद शाह ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



# होम स्टे को प्रोत्साहित करने पर्यटन और वन विभाग मिलकर करें कार्य : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने की मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम की समीक्षा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों के विस्तार और उनके बेहतर संचालन के लिए पर्यटन विभाग, वन तथा संस्कृति विभाग के साथ समन्वय कर गतिविधियों का संचालन करें। इससे ग्रामीण और वनांचल में स्थित होमस्टे को प्रोत्साहित करने में भी मदद मिलेगी।

यह सुनिश्चित किया जाए कि पर्यटन विकास निगम द्वारा निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित गतिविधियों के लिए जारी होने वाली अनुमतियों में विलंब न हो। प्रत्येक स्तर पर त्वरित, सुगम और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित गतिविधियों की मंत्रालय में समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा करते सीएम डॉ. मोहन यादव।

### निवेश को प्रोत्साहित कर कन्वेंशन सेंटर विकसित करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यमार्ग तथा ग्रीनफील्ड के पास विकसित होने वाले मार्ग सुविधा केन्द्रों के साथ हॉस्पिटल, ट्रामा सेंटर, पेट्रोल पम्प, चार्जिंग स्टेशन आदि की व्यवस्था की जाए। इनका संचालन पीपीपी मोड पर करने के संबंध में भी विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी बड़े शहरों में निजी निवेश को प्रोत्साहित कर कन्वेंशन सेंटर विकसित किए जाएं। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए आस्था से जुड़े सभी स्थानों तक आवागमन और वहां की व्यवस्था बेहतर बनाने में हरसंभव सहयोग दिया जाए।

### प्रत्येक 15-20 किमी पर हो भोजन-प्रसादी की व्यवस्था

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सावन में आरंभ हो रही कांवड़ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए यात्रा मार्ग पर प्रत्येक 15-20 किमी पर भोजन-प्रसादी आदि की व्यवस्था हो। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए सुविधा केन्द्रों की व्यवस्था भी की जाए। व्यवस्था में धार्मिक संस्थाओं से सहयोग और जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया जाए।

# मुख्यमंत्री ने कॉफी टेबल बुक एमपीआरडीसी, कनेक्टिंग पीपुल थ्रू क्वालिटी इंफ्रास्ट्रक्चर का किया विमोचन

प्रदेश के आधारभूत ढांचे के विकास, आधुनिक सड़क संपर्क और सतत प्रगति को प्रदर्शित करती है पुस्तक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कॉफी टेबल बुक एमपीआरडीसी कनेक्टिंग पीपुल थ्रू क्वालिटी इंफ्रास्ट्रक्चर का मंत्रालय में विमोचन किया। यह पुस्तक लोक निर्माण विभाग और मप्र सड़क विकास निगम की ओर से प्रदेश के आधारभूत ढांचे के विकास, आधुनिक सड़क संपर्क और सतत प्रगति की प्रेरणादायक यात्रा को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से इकोनॉमिक टाइम्स और अन्य स्टेकहोल्डर्स के सहयोग से तैयार की गई है। इस मौके पर मंत्री राकेश सिंह, मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई मनीष रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### निगम के सफाईकर्मियों ने मांगों को लेकर निकाली रैली, किया प्रदर्शन

**भोपाल।** नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रैली निकाली और हाथों में झाड़ू लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। भारतीय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष सोनू डागर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी कलेक्टोरेट पहुंचे और प्रदर्शन किया व डिप्टी कलेक्टर लाखन सिंह को ज्ञापन सौंपा। सोनू डागर ने बताया कि कर्मचारियों के नियमितीकरण, समान कार्य के लिए समान वेतन, ग्रेच्युटी का लाभ सहित कर्मचारी हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। उन्होंने मांग की कि सफाई कर्मचारियों को उनके अधिकारों के अनुरूप सुविधाएं और सम्मान दिया जाए लंबित मांगों का शीघ्र समाधान किया जाए।

### ग्रीन हाइड्रोजन सहित स्वच्छ ऊर्जा पर मिलकर काम करेंगे क्रिस्प और मेनिट

**भोपाल।** सेंटर फॉर रिसर्चएंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफार्मेंस (क्रिस्प) और राजधानी के मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मेनिट) के बीच मंगलवार को ग्रीन हाइड्रोजन एवं स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में कौशल विकास, अनुसंधान एवं स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। यह साझेदारी ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रीन अमोनिया, डीकार्बोनाइजेशन तथा कार्बन न्यूट्रल तकनीकों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## कैबिनेट ने बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए 2 हजार 480 करोड़ रुपए की दी मंजूरी

# आईटी पार्क स्थापना की निरंतरता को स्वीकृति, 8000 को मिलेगा रोजगार

- सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना सहित विभिन्न योजनाओं के लिए 857 करोड़ रुपए की स्वीकृति
- संकल्प-हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ़ वुमेन, शक्ति सदन और सखी निवास के लिए 198 करोड़ रुपए की स्वीकृति
- कर्मचारी कल्याण, पेंशन, भविष्य निधि और बीमा योजनाओं के लिए 982 करोड़ रुपए की स्वीकृति
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में हुई


कैबिनेट बैठक में मंत्रियों से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट ने कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए रिहन्द, मल्हारगढ़ सिंचाई परियोजनाओं के साथ ही किसानों को समर्थन मूल्य पर बोनस भुगतान योजना की निरंतरता को मंजूरी मिली। प्रदेश को तकनीकी रूप से अग्रणी बनाने के उद्देश्य से आईआईएसईआर (आईशर) भोपाल में ड्रोन टेक्नोलॉजी आधारित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' और आईटी पार्कों के विकास के लिए 857 करोड़ रुपए मंजूर किए। इसके तहत करीब 8000 युवाओं को रोजगार मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। इसमें प्रदेश के सर्वांगीण विकास को गति देने के लिए लगभग 2 हजार 480 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी गई। महिला सशक्तिकरण के लिए 198 करोड़ रुपए, कर्मचारी कल्याण एवं पेंशन योजनाओं के लिए 982 करोड़ रुपए को भी मंजूरी दी गई है।

### सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए 85 करोड़

कैबिनेट ने आईसर में ड्रोन टेक्नोलॉजी पर आधारित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए 85 करोड़ 51 लाख रुपए सहित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं के सोलहवें केन्द्रीय वित्त आयोग की अवधि एक अप्रैल से 31 मार्च 2031 तक निरन्तर संचालन के लिए 857 करोड़ 21 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है।

### आईटी पार्क स्थापना की निरंतरता को मंजूरी

आईटी पार्क की स्थापना' संबंधी योजना के लिए 595 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। इससे प्रदेश में इन्दौर, भोपाल, जबलपुर एवं ग्वालियर में आईटी पार्कों की स्थापना की गई है। देश-विदेश के निवेशकों को आकर्षित कर निवेश एवं औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के व्यापक अवसर

#### 8000 को मिलेगा रोजगार

सृजित होंगे तथा 8000 से अधिक स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) के तहत एमओयू के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से आईटी एवं ईएसडीएम क्षेत्र का विस्तार होगा।

### ग्वालियर में नवीन वृत्त कार्यालय शुरू करने से होगा लाभ

कैबिनेट ने भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल में ड्रोन टेक्नोलॉजी पर आधारित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए कुल लागत 85 करोड़ 51 लाख रुपए में से 17 करोड़ 90 लाख रुपए को आगामी तीन वर्षों तक प्रदाय किए जाने की मंजूरी दी है। वर्तमान में ग्वालियर एवं चंबल संभाग के विद्युत सुरक्षा और राजस्व संग्रहण संबंधी कार्य भोपाल मुख्यालय से संपादित होते हैं। ग्वालियर में नवीन वृत्त कार्यालय शुरू करने से मुरैना के बामौर और भिंड के मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र को लाभ प्राप्त होगा।

### मिशन शक्ति के लिए 198 करोड़ रुपए

मिशन शक्ति- उपयोजना सामर्थ्य अंतर्गत संकल्प-हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ़ वुमेन, शक्ति सदन और सखी निवास योजना के वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक क्रियान्वयन के लिए 198 करोड़ 59 लाख रूपए की स्वीकृति दी है। 500 करोड़ से अधिक की योजना अंतर्गत किसानों को उपार्जन पर बोनस भुगतान 1 अप्रैल से 31 मार्च 2031 तक में निरंतर संचालन की स्वीकृति दी है।

## पांच चरणों में चलेगा अभियान, प्रदेश भर में होगा कार्यक्रमों का आयोजन

# गुरु रविदास की जयंती पर 29 जुलाई से 'समरसता संकल्प अभियान' चलाएगी भाजपा


पत्रकार वार्ता को संबोधित करते भाजपा प्रदेश महामंत्री सोलंकी।

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

जन्मस्थली की पावन मिट्टी की कलश यात्रा प्रदेश के 62 जिलों तक पहुंचेगी

भाजपा के प्रदेश महामंत्री व पूर्व सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में 29 जुलाई गुरु पूर्णिमा से 20 फरवरी 2027 तक देशव्यापी 'समरसता संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। यह अभियान पांच चरणों में पूरा होगा और प्रदेशभर में कार्यक्रमों का आयोजन होगा। अभियान का शुभारंभ 29 जुलाई को समरसता दीपोत्सव के साथ होगा। प्रदेश के 62 संगठनात्मक जिलों, 1313 मंडलों के 21 हजार स्थानों पर एक साथ दीपोत्सव होंगे। जिन स्थानों पर गुरु रविदास मंदिर हैं, वहां तथा जहां मंदिर नहीं हैं, वहां सार्वजनिक स्थलों पर संत रविदास महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। गुरु रविदास जन्मस्थली की पावन मिट्टी की कलश यात्रा प्रदेश के 62 जिलों तक पहुंचेगी।

### नबीन ने किया सभी से भागीदारी का आह्वान

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने संत, महात्माओं, सामाजिक संगठनों, कार्यकर्ताओं और सभी वर्गों से अभियान में भागीदारी का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में होने वाले अभियान में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के सामाजिक संगठन और नागरिक सहभागिता करेंगे। अभियान की केंद्रीय टोली का समन्वय अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य करेंगे।

## मुख्यमंत्री ने कैबिनेट से पहले किया संबोधित

# महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व के रूप में मनाई जाएगी गुरू पूर्णिमा

मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त मुख्य सचिव बर्णवाल का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संपूर्ण प्रदेश में इस वर्ष गुरू पूर्णिमा 'महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व' के रूप में मनाई जाएगी। महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व के रूप में मनाई जा रही गुरू पूर्णिमा को जनभागीदारी के उत्सव के रूप में मनाया जायेगा। इसे सांस्कृतिक-शैक्षणिक जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाए, जिससे गुरु-शिष्य परम्परा का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावी ढंग से पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को गुरु पूर्णिमा की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जितने भी सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण होना शेष है, उनका लोकार्पण शीघ्र करा लिया जाए।

### नवनियुक्त मुख्य सचिव बर्णवाल का स्वागत किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के प्रशासनिक मुखिया नवनियुक्त मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य सचिव के रूप में अशोक बर्णवाल की यह कैबिनेट की पहली बैठक है। बर्णवाल ने अपने 35 वर्ष के सेवाकाल में वन, पर्यावरण, कृषि, स्वास्थ्य, वित्त, कमजोर वर्ग कल्याण जैसे महत्वपूर्ण विभागों के दायित्वों का बेहतर तरीके से निर्वहन किया। सुशासन और अनुशासन उनके लिए सर्वोपरि रहा है। कृषि कल्याण वर्ष 2026, युवा कल्याण वर्ष 2027, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 और सिंहस्थ 2028 जैसे महत्वपूर्ण आयोजनों के देश और दुनिया साक्षी बनेंगे। इस दृष्टि से बर्णवाल का कार्यकाल अनेक संभावनाओं से भरा होगा। हम सभी अपने मन की संकल्प शक्ति से बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करेंगे।

### मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्य सचिव जैन के सीईओ बनने पर उम्मीद जताई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि अनुराग जैन राज्य के पहले ऐसे अधिकारी हैं, जो मुख्य सचिव के बाद नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बने हैं। मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की ओर से नए दायित्व के लिए जैन को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र के मुख्य सचिव के रूप में जैन के लगभग 22 माह के कार्यकाल में ई-ऑफिस और ई-कैबिनेट, समृद्ध मप्र -2047 रोडमैप, बंद पदोन्नतियों को प्रारंभ करना, समान नागरिक संहिता और लगभग 25 नई नीतियों के निर्माण जैसे अनेक महत्वपूर्ण कार्य हुए। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी के रूप में जैन की सेवाओं और दीर्घ अनुभव का लाभ मप्र को भी निरंतर मिलता रहेगा।

### आयुष मेडिकल कॉलेजों के नेशनल आयोग से सकुर्लेट हो प्रश्नपत्र

**भोपाल।** आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, सिद्धा-सोवारिग्पा आयुष मेडिकल कॉलेजों में संबंधित आयोग नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन तथा नेशनल कमीशन फॉर होम्योपैथी राष्ट्रीय आयोग द्वारा बनाकर यूनिवर्सिटीज के मार्फत प्रदेश समेत देशभर के आयुष कॉलेजों को सकुर्लेट करना चाहिए, यह कहना है आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय का। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि इसके साथ ही सरकार को आयुष परीक्षा नेशनल सेक्यूरिटीज एजेंसी बनानी चाहिए।

## मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में आयोजन

# आज अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

वाहनों का लोकार्पण वन्य जीव संरक्षण से संबंधित प्रदर्शनी का सीएम करेंगे अवलोकन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में बुधवार 29 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री वन्य जीव संरक्षण के लिए प्राप्त वाहनों का लोकार्पण एवं वन्य जीव संरक्षण गतिविधियों से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे।

साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभागीय प्रकाशनों का विमोचन, सक्रिय वन्य जीव प्रबंधन से संबंधित वृत्त चित्रों के टीजर रिलीज और राज्य वन्य प्राणी बोर्ड के पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित सदस्यों का अभिनन्दन भी करेंगे। मुख्यमंत्री वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली वन सुरक्षा समितियों, ईको विकास समिति, ग्राम वन समिति एवं वन कर्मियों को पुरस्कार वितरण भी करेंगे।

## अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस विशेष

# बाघ बचाने के दावे और जंगल उजाड़ने की नीति साथ-साथ नहीं चल सकती


उमंग सिंघार
नेता प्रतिपक्ष, मप्र विधानसभा

29 जुलाई को पूरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस मनाती है, लेकिन मप्र में बाघ संरक्षण को विकास परियोजनाओं और भ्रष्टाचार के गठजोड़ से उजाड़ा जा रहा है। केन-बेतवा लिंक परियोजना, भोपाल का पश्चिमी बाईपास, विभिन्न सड़क और रेल परियोजनाएं तथा वन क्षेत्रों में तेजी से बढ़ता भूमि कारोबार यह संकेत देते हैं कि विकास की वर्तमान दिशा पर गंभीर पुनर्विचार की आवश्यकता है। सर्वोच्च न्यायालय की समिति ने केन बेसिन में अतिरिक्त जल की अवधरणा पर सवाल खड़े किए हैं। कई स्वतंत्र पर्यावरण विशेषज्ञों ने परियोजना के पहलुओं पर सवाल उठाए हैं। इनका उत्तर देने के बजाय सरकार ने उन्हें औपचारिक प्रक्रिया तक सीमित कर दिया। एक तरह से ये मामले की गंभीरता को समझे बिना नजरअंदाज करना है। विपक्ष के रूप में हमारी मांग स्पष्ट है। केन-बेतवा परियोजना, भोपाल पश्चिमी बाईपास तथा अन्य संवेदनशील परियोजनाओं से जुड़े पर्यावरणीय प्रभावों और भूमि सौदों से संबंधित आरोपों की स्वतंत्र एवं समयबद्ध जांच कराई जाए। जिन परियोजनाओं का संबंध बाघ गलियारों से है, उनके सभी वैज्ञानिक अध्ययन, संरेखण और निर्णय प्रक्रिया सार्वजनिक की जाए। यदि किसी स्तर पर अनियमितता हुई है तो दोषी के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए।

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत और डॉ. नरोत्तम ने दतिया में की मीडिया से चर्चा

# कांग्रेस भ्रम फैला कर करती है नकारात्मक राजनीति हार के बाद ईवीएम पर मढ़ेंगे दोष: खंडेलवाल

भाजपा दतिया को फिर विकास की राह पर आगे बढ़ाएगी: हेमंत

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने मंगलवार को दतिया के मीडिया सेंटर में दतिया उपचुनाव को लेकर पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। खंडेलवाल ने कहा कि प्रचार-प्रसार के दौरान दतिया की जनता का अभूतपूर्व स्नेह व सहयोग मिला। ऐसा ही सहयोग अब 30 जुलाई को मतदान के दिन भी मिलेगा। दतिया में हजारों करोड़ की लागत से बनने वाले डिफेंस पार्क से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। कांग्रेस भ्रम फैलाती है, झूठे आरोप और नकारात्मक राजनीति करती है। कांग्रेस अपनी हार की पटकथा लिखना शुरू कर चुकी है। वह चुनाव में हारने के बाद ईवीएम पर दोष मढ़ेंगे।

दतिया का दम


पत्रकार वार्ता को संबोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल व पदाधिकारी।

### दतिया को विकास की राह पर आगे बढ़ाएगी भाजपा

खंडेलवाल ने कहा कि दतिया में ढाई साल विकास अवरुद्ध रहा, अब भाजपा दतिया को फिर विकास की राह पर आगे बढ़ाएगी। भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी समर्पित कार्यकर्ता हैं। अब सेवक बनकर जनता की सेवा करेंगे। प्रत्येक मत विकसित, समृद्ध, सुरक्षित और गौरवशाली दतिया के निर्माण को नई शक्ति देगा, इसलिए मैं दतिया विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से विनम्र अपील करता हूं कि वे भाजपा कि आशुतोष को अपना बहुमूल्य वोट देकर ऐतिहासिक जीत दिलाएं, ताकि ढाई वर्षों से रूका हुआ दतिया के विकास का पहिया फिर तेज से आगे बढ़े।

### दतिया का विकास भाजपा ही कर सकती है: डॉ. मिश्रा

भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री के वरिष्ठ नेता डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस में राजा के पास राज्य नहीं है और पटवारी के पास कोई हल्का नहीं है। दतिया का अगर कोई विकास कर सकता है, भला कर सकता है तो वह है भारतीय जनता पार्टी और उसके प्रत्याशी आशुतोष तिवारी हैं। इस अवसर पर भाजपा क प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल एवं सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी मंचासीन रहे।

### आर्मी पब्लिक स्कूल भोपाल की एलिशबा बेस्ट प्लेयर तो स्वेच्छा बनीं बेस्ट गोलकीपर

# आर्मी स्कूल की गर्ल्स बनीं सीबीएसई वेस्ट जोन अंडर 14 फुटबाल विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


आर्मी गर्ल्स स्कूल की टीम को पुरस्कृत करते आयोजन के अतिथि विधायक मुकेश टंडन।


टूर्नामेंट की बेस्ट प्लेयर को पुरस्कृत करते अतिथि।


टूर्नामेंट की बेस्ट गोलकीपर को पुरस्कृत करते अतिथि।

स्प्रिंग फील्ड स्कूल विदिशा में वेस्ट जोन सीबीएसई गर्ल्स फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 21 जुलाई से 27 जुलाई तक किया गया। इस टूर्नामेंट में आर्मी पब्लिक स्कूल भोपाल ने अंडर 14 बालिका वर्ग में लिटिल एंजेल स्कूल ग्वालियर को 6-0 से पराजित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया है।

वहीं, स्वेच्छा सेन आर्मी पब्लिक स्कूल भोपाल बेस्ट गोलकीपर चुनी गई। वहीं आर्मी पब्लिक स्कूल भोपाल की ही एलिशबा प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनी। कोच विवेक गौर ने बताया कि सभी खिलाड़ियों ने कठिन परिश्रम और लगन के साथ मेहनत की, जिसका नतीजा यह हुआ कि आर्मी स्कूल वेस्ट जोन विजेता बनने के उपरांत वेस्ट जोन, जिसमें मध्य प्रदेश गुजरात राजस्थान आता है तीनों स्टेट का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर की सीबीएसई फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे जो वडोदरा गुजरात में अक्टूबर माह में आयोजित किया जाएगा। इस उपलब्धि पर स्कूल मैनेजमेंट व स्कूल की प्राचार्य प्रियंका त्रिवेदी ने कोच एवं खिलाड़ियों को बधाई दी।

### भारत की जूडो टीम में महिला -70 किग्रा वर्ग का होंगी हिस्सा

# सेज विवि की छात्रा इनुनगांबी का कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



स्कॉटलैंड के ग्लासगो में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए सेज विश्वविद्यालय की एमबीए प्रथम वर्ष की छात्रा इनुनगांबी ताकेहलामबम का चयन भारत की जूडो टीम में महिला -70 किग्रा वर्ग के लिए हुआ है। कॉमनवेल्थ गेम्स में जूडो प्रतियोगिताएँ 31 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित होंगी। सेज विवि की छात्रा इनुनगांबी ताकेहलामबम का यह चयन विश्वविद्यालय की खेल संस्कृति, उत्कृष्ट प्रशिक्षण व्यवस्था और खिलाड़ियों को दिए जा रहे निरंतर प्रोत्साहन का प्रमाण है। उनकी यह उपलब्धि सेज विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है और यह विश्वविद्यालय के खेल क्षेत्र में बढ़ते योगदान को भी दर्शाती है। सेज विश्वविद्यालय को पूर्ण विश्वास है कि इनुनगांबी ताकेहलामबम ग्लासगो में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से भारत के साथ-साथ सेज का नाम भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगी। विश्वविद्यालय परिवार उनकी सफलता और पदक जीतने की कामना करता है।

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी. - 66 मण्डल द्वारा (1) श्री अक्षय कुमार सक्सेना आत्मज स्व. श्री विजय कुमार सक्सेना (2) श्री संजय कुमार सक्सेना आत्मज स्व. श्री विजय कुमार सक्सेना (3) श्री आदित्य कुमार सक्सेना आत्मज स्व. श्री विजय कुमार सक्सेना के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 19/01/1982 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 06/01/2016 को पंजीकृत किया गया है। (1) श्री अक्षय कुमार सक्सेना (2) श्री संजय कुमार सक्सेना (3) श्री आदित्य कुमार सक्सेना द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री योगेश गुप्ता आत्मज श्री रामप्रकाश गुप्ता को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 23/07/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री योगेश गुप्ता आत्मज श्री रामप्रकाश गुप्ता के पक्ष में हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित शेड क्रमांक- एस/1061 मण्डल द्वारा श्रीमती बैना बाई सोनवाने पत्नी श्री बालाजी के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 31/01/1996 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 05/04/2023 को पंजीकृत किया गया है। श्रीमती बैना बाई सोनवाने पत्नी श्री बालाजी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री मो. आसिफ आत्मज श्री निजामउद्दीन को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 10/07/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री मो. आसिफ आत्मज श्री निजामउद्दीन के पक्ष में हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, आर. एस. एस. मार्केट, शिवाजी नगर, भोपाल में स्थित फ्लेट क्रमांक एल.आई.जी. - 33. तृतीय तल मण्डल द्वारा श्री राजीव शर्मा आत्मज श्री एस. सी. शर्मा को भाड़ाक्रय आधार पर दिनांक 01/03/1993 को आवंटित किया गया है। श्री राजीव शर्मा द्वारा श्री राजेन्द्र कुमार जैन आत्मज स्व. श्री खेमचंद जैन के नाम से हस्तांतरण हेतु पूर्व में आवेदन शपथ पत्र एवं अन्य प्रपत्र प्रस्तुत किये गये थे, किन्तु हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण नही हुई इस मध्य दिनांक 29/04/2015 को श्री राजेन्द्र कुमार जैन आत्मज स्व. श्री खेमचंद जैन का स्वर्गवास हो गया, अतः श्री राजीव शर्मा आत्मज 'श्री एस. सी. शर्मा द्वारा प्रस्तुत प्रपत्र एवं स्व. श्री राजेन्द्र कुमार जैन के वारिसों द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र एवं सहमति पत्रों के आधार पर श्री राजीव शर्मा से श्रीमती राजमती जैन पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र कुमार जैन के पक्ष में हस्तांतरित करने हेतु हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**

### नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

# बैडमिंटन में शिवराज तो बालिका वर्ग में स्वरा ने लगाए विजयी शॉट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


बैडमिंटन प्रतियोगिता में हिस्सा लेता एक युवक।


अपनी बारी का इंतजार करते प्रतियोगिता में भाग लेने आए स्कूली बच्चे।

मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति युवाओं और खिलाड़ियों को जागरूक करने के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 27 जुलाई को डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम, कोलार में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत बैडमिंटन एवं मल्लखंब खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गगा।प्रतियोगिता में अंडर-15 बालक वर्ग में शिवेंद्र सिंह चौहान प्रथम तथा नवज्ञान मिश्रा द्वितीय रहे। वहीं बालिका वर्ग में स्वरा जैन ने पहला और अंशिका शर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-13 बालक वर्ग में आर्यन जैन प्रथम एवं आदित्य नामदेव द्वितीय रहे। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शैलेन्द्र सिंह चौहान, पुलिस उपयुक्त दिग्विजय कुमार पटेल, सहायक पुलिस आयुक्त आलोक श्रीवास्तव, सहायक पुलिस आयुक्त संजय सोनी सहित खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। अभियान के माध्यम से खिलाड़ियों और युवाओं को नशामुक्त, स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

**मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड** MPPHSCL
(मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम)
तिलहन संघ भवन, 01, अरेरा हिल्स, भोपाल
URL: https://mpphscl.mp.gov.in, Phone : 0755-2578915
दिनांक : 28.07.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित निविदायें मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के वेबसाइट एवं पोर्टल पर **दिनांक 28.07.2026 से 30 दिवस में** जारी की जावेंगी :-

1. Online Tender RFP No. T-937/MPPHSCL/Selection of an Agency for time-bound Provision of Tele-ECG (STEMI) Diagnostic and Reporting Services under National Health Mission, Madhya Pradesh 2026 Dated: 27.07.2026 Uploaded on portal & Website.
2. Online Tender EOI No. 08/Software Data Extraction, Engagement of a Service Provider for Supply and Implementation of an AI based Software Solution for Data Extraction from Documents and Analysis of Equipment/ Device Specifications, on a Locally-Hosted Basis, for the Department of Public Health & Family Welfare, Government of Madhya Pradesh Dated: 27.07.2026 Uploaded on Website.
3. Tender (s) for AYUSH-Kachhi Aushadhiyan (Ayurved and Unani).
4. Tender (s) for Various Equipment.
5. Tender (s) for Various Drugs.
6. Tender (s) for Various Surgical & Consumables .

सभी Prospective bidders कार्यालय की वेबसाइट "**https://mpphscl.mp.gov.in** एवं पोर्टल **www.mptenders.gov.in, https://gem.gov.in** " पर विजिट कर निविदाओं में भाग लेवें।

म.प्र. माध्यम/127237/2026 **मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी)**

### 30वीं मप्र राज्य एक्वाथलॉन जूनियर, सीनियर ट्रायथलॉन में 230 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

# ओवरऑल चैंपियनशिप रहा नीमच तो रनरअप भोपाल नर्मदापुरम तीसरे स्थान पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

30वीं मप्र राज्य सब जूनियर, जूनियर, एक्वाथलॉन एवं जूनियर एवं सीनियर ट्रायथलॉन प्रतियोगिता नीमच में 24 से 26 जुलाई तक नीमच जिला ट्रायथलॉन संघ द्वारा आयोजित की गई । प्रतियोगिता में 19 जिले के 230 खिलाड़ियों 38 कोच व मैनेजर ने भाग लिया एवं 30 राज्य संघ एवं 20 लोकल तकनीकी अधिकारी ने प्रतियोगिता को संपन्न करवाया। उद्घाटन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता अग्रवाल, एसडीएम पराग जैन, डीईओ ऐश्वर्या मुदड़ा एवं संघ के अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी ने किया। 6 इवेंट का पुरस्कार वितरण एसपी राजेश व्यास ने किया। पुरस्कार वितरण समारोह 26 जुलाई को सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक दिलीप सिंह परिहार अनिरुद्ध मारन एवं ओपी सकलेचा, नपाध्यक्ष स्वाति चोपड़ा ने किया। प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियनशिप नीमच, रनरअप भोपाल तथा तृतीय स्थान नर्मदापुरम जिले का रहा । प्रदेश संघ ने एक ट्रॉफी नीमच जिला ट्रायथलॉन संघ को उत्कृष्ट आयोजन के लिए प्रदान की। प्रतियोगिता को मुख्य तकनीकी अधिकारी ओपी अवस्थी,भारतीय ट्रायथलॉन संघ के सचिव जे.पी सक्सेना, अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी, उपाध्यक्ष हरीश शुक्ला, चित्रेश शर्मा, कोषाध्यक्ष एस एन पंडित, सह सचिव प्रशांत रजक रघुवीर तिवारी एवं गोवर्धन यादव एवं सुधीर नेमा ने संपन्न कराई ।

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश**
**लिंक रोड 03, पत्रकार कॉलोनी के सामने, भोपाल म.प्र.**
Email:- tendersnhmmp@gmail.com

क्रमांक / एन.एच.एम. / स्टोर/2026/E-526135/1760 भोपाल, दिनांक 24/07/2026

**विज्ञापन**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म.प्र भोपाल कार्यालय द्वारा ई-निविदा के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकर्ता राशि रुपए 2,000/- (रू. दो हजार मात्र) का ऑनलाईन एम.पी. ई-टेण्डर पर भुगतान कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है, विवरण निम्नानुसार है:-

**निविदा विवरण**

| क्र. | निविदा का नाम | निविदा प्रपत्र क्रय/प्राप्त करने की दिनांक | प्रि-बिड दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा करने की प्रारंभ दिनांक | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | निविदा खोले जाने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Request for Proposal for Selection of an agency for Photocopy, Printing and related work in state level office of National Health Mission, Madhya Pradesh | 28.07.2026 | 04.08.2026 | 11.08.2026 | 20.08.2026 | 21.08.2026 |

विस्तृत विवरण/जानकारी वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in एवं https://www.nhmmp.gov.in पर उपलब्ध है।

जी - 16385/26 स्वच्छा ही सेवा है।
**संयुक्त संचालक स्टोर**
**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश**

**फार्मास्युटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ़ इंडिया (पीएबीआई)**
(फार्मास्युटिकल्स विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत)
B-500, टॉवर B, 5वीं मंज़िल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029
टेलीफ़ोन: 011-49431800/49431811 / 49431854/49431829
वेबसाइट: janaushadhi.gov.in

**दो वर्ष हेतु दर अनुबंध के आधार पर ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी नैपकिन, डायपर और अन्य इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-निविदा**

प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (PMBJP), रसायन और उर्वरक मंत्रालय के फार्मास्यूटिकल्स विभाग का एक प्रमुख कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य फार्मास्यूटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ़ इंडिया (PMBI) के माध्यम से आम जनता को सस्ती कीमत पर अच्छी गुणवत्ता की जेनेरिक वस्तुएँ उपलब्ध कराना है।

PMBI ने ''प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (PMBJP)'' के लिए 17 तरह के ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी नैपकिन, डायपर और अन्य इस्तेमाल होने वाली चीज़ों की सप्लाई के लिए ई-निविदा मंगाए हैं। ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी नैपकिन, डायपर और अन्य इस्तेमाल होने वाली चीज़ों की सप्लाई के लिए ई-निविदा संख्या PMBI/SURGICAL/RC-224/2026 (दिनांक 21/07/2026) के तहत ऑनलाइन बोली जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय **14/08/2026** को शाम **5:00 बजे तक** है। पात्रता के नियमों और निविदा की शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया **https://eprocure.gov.in/eprocure/app** एवं **https://janaushadhi.gov.in** वेबसाइट देखें।

सही/-
मु.का.अ. (PMBI)

cbc 02107/11/0004/2627

# धर्मेश यशलहा लगातार तीसरी बार बिटोआ के निर्विरोध उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बैडमिंटन इंडिया टेक्निकल आफिशियल्स एसो.(बिटोआ) के आगामी चार वर्षों के लिए मप्र के धर्मेश यशलहा निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। गत सचिव महाराष्ट्र के उदय साने नए अध्यक्ष बने, वहीं गोआ के संदीप हल्वे नए सचिव चुने गए। महाराष्ट्र के अनिरुद्ध जोशी दोबारा कोषाध्यक्ष होंगे। बिटोआ के चुनाव में सह सचिव के अलावा सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इसमें इंदौर के राष्ट्रीय बैडमिंटन रैफरी धर्मेश यशलहा लगातार तीसरी बार निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए। महाराष्ट्र के उदय साने, दिल्ली के राजीव मेहता की जगह अध्यक्ष दूसरी बार बने हैं, असम के विश्वजीत घोष वरिष्ठ उपाध्यक्ष होंगे, मप्र के धर्मेश के साथ ही उप्र के अजेंद्र राय, राजस्थान के लोकेश सोनी, झारखंड के आलोक और दिल्ली के प्रवीण कुमार विश्नोई भी निर्विरोध उपाध्यक्ष बने हैं, गोआ के संदीप हल्वे सचिव, महाराष्ट्र के अनिरुद्ध जोशी कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

बिटोआ उपाध्यक्ष धर्मेश ने बताया कि सह सचिव के 5 पदों के लिए 7 प्रत्याशी थे। इनमें अरुणाचल के पेन्या बाग्रा, महाराष्ट्र की सयाली परब, दिल्ली के हितेश गुप्ता, झारखंड के नीरज श्राफ और सिक्किम के कर्मा ला शेरपा सह सचिव पद पर चुने गए। पेन्या को सर्वाधिक मत मिले, सयाली परब दूसरे स्थान पर रहीं।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बैतूल (म.प्र.)**

दूरभाष (07141) कार्यालय 238320, Email - eephedbet@mp.nic.in

// तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक 1931 / लेखा/का.यं./ लोस्वायांवि. खंड / बैतूल / दिनांक 27.07.2026

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://mptenders.gov.in बैतूल जिले के विकासखंड चिचोली के विभिन्न ग्रामों में पूर्व से स्थापित हैण्डपंपों का संचालन एवं संधारण (एक वर्ष) कार्य हेतु निविदा, प्रतिशत दर पर दिनांक 01.09.2023 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं:-

| स. क्रं | निविदा सूचना क्रमांक व दिनांक | ऑनलाईन ई-टेण्डर आई.डी. | विकासखंड का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (रू लाख में) | धरोहर राशि (रू में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू में) | कार्यपूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 37/2026-27 Dt. 27.07.2026 | 2026_PHED_524560_1 | चिचोली | 14.50 | 29000 | 2000 | 12 माह वर्षाकाल सहित | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ऑनलाईन निविदा विक्रय की प्रारम्भिक तिथि व समय | 27.07.2026 | 11.00 | बजे से |
| ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि व समय | 03.08.2026 | 17.30 | बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की संभावित तिथि व समय | 05.08.2026 | 11.00 | बजे से |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (Online System) ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। आवश्यक होने पर निविदा से संबंधित समस्त शुद्धिपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर जारी किये जायेगें।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड
बैतूल (म.प्र.)

G-16401/26 " स्वच्छता ही सेवा "

**सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया Central Bank of India**
1911 से आपके लिए ''केंद्रित'' "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
क्षेत्रीय कार्यालय : भोपाल
**ई-नीलामी की सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8 (6) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहां है, जैसी है और जो है जैसी है''** के आधार पर निम्न ऋणियों से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा निम्नवर्णित दिनांक को बेची जाएगी। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है।

| खाते / ऋणी का नाम एवं पता | बंधक संपत्तियों का विवरण एवं संपत्ति स्वामी का नाम | मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, जेल रोड शाखा, भोपाल** | | | |
| ऋणी- **श्री विष्णुकांत कुशवाह पुत्र श्री बी.पी. कुशवाह एवं मेसर्स माँ वैष्णो इंटरप्राइजेज प्रोपराइटर- श्री विष्णु कांत कुशवाह पुत्र श्री बी.पी कुशवाह** | एक रिहायशी प्लाट नं. 245, खसरा नं. 152, 162/1/1, 162/1/2, 162/3/1, 162/3/2 का भाग, क्षेत्रफल 135 वर्गमीटर या 1453.12 वर्गफीट स्थित जय दुर्गे गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित 'दुर्गेश विहार' ग्राम नरेला शंकरी, मुख्य सड़क के अंदर, वार्ड क्रमांक 66, तहसील हुजूर, जिला भोपाल संपत्ति मालिक- श्री विष्णु कांत कुशवाह पुत्र श्री बी.पी. कुशवाहा चर्तुसीमाएं- उत्तर-प्लाट नं. 248, दक्षिण- 25 फिट रोड, पूर्व- प्लाट नं. 244, पश्चिम- प्लाट नं. 246 | 10.02.2026 / 20.05.2026 / दिनांक 10.02.2026 को ₹ 86,87,004.33 +दिनांक 10.02.2026 से ब्याज एवं खर्चे | ₹ 58,16,000/- / ₹ 5,81,600/- / ₹ 10,000/- |
| **परी बाजार शाखा, भोपाल फोन : 7024115068** | | | |
| ऋणी- **श्री ललित मोटवानी पुत्र स्व. प्रहलाद मोटवानी** | दुकान नं. 7, मकान नं. 4-डी, नया वार्ड नं. 07, इन्दिरा गांधी चौराहा, नादरा काम्पलेक्स के पास, भोपाल क्षेत्रफल-138 वर्गफिट, संपत्ति मालिक- श्री ललित मोटवनी पुत्र स्व. प्रहलाद मोटवानी चर्तुसीमाएं- पूर्व- दुकान नं. 6, पश्चिम- दुकान नं. 8, उत्तर- कॉरिडोर, दक्षिण- अन्य का भूमि (भौतिक कब्जा) | 06.03.2025 / 08.08.2025 / दि. 06.03.2025 को ₹ 7,46,277/- +ब्याज एवं खर्चे | ₹ 11,04,000/- / ₹ 1,10,400/- / ₹ 10,000/- |
| **अरेरा कालोनी शाखा, भोपाल फोन : 7024115024** | | | |
| ऋणी: **मैसर्स मेटश्योर लाइफ केयर** पार्टनर्स एवं जमानतदार- **श्री योगेश मालवीय** पुत्र एम.एल. मालविया एवं **श्रीमती रितु मालविया** पत्नि योगेश मालविया (पर्सनल गारंटी) | ऑफिस नं. FF-09, प्रथम तल, खसरा क्रमांक 226/1 का भाग, राजा भोज आर्केड, संत आशाराम नगर, ग्राम-बागसेवनिया वार्ड नं. 53, कोलार भोपाल म.प्र. क्षेत्रफलः 338 वर्गफुट संपत्ति मालिक- मेसर्स मेटश्योर लाइफ केयर, पार्टनर्स - श्री योगेश मालवीय पुत्र एम.एल. मालवीय और श्रीमती रितु मालवीय पत्नि योगेश मालवीय चर्तुसीमाएँ: उत्तरः गलियारा पश्चात मेन रोड, दक्षिणः खुला पार्क, पूर्वः ऑफिस नं. FF-10, पश्चिमः ऑफिस नं. FF-08, | 03.05.2025 / 22.07.2025 / ₹ 2,00,09,199/- +ब्याज एवं खर्चे | ₹ 21,63,000/- / ₹ 2,16,300/- / ₹ 10,000/- |
| **इमामीगेट शाखा, भोपाल फोन : 7024115048** | | | |
| ऋणी- **श्री सैयद मिनहाज उद्दीन पुत्र सैयद मोइनुद्दीन** सहऋणी- **श्रीमती तस्लीम पत्नी सैयद मिनहाज उद्दीन** | फ्लैट नंबर एलएल-12, तीसरी मंजिल, साहिल अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर बी-6, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कोहेफिजा, भोपाल, मप्र-462001, क्षेत्रफल-500 वर्गफीट, संपत्ति मालिक- श्री सैयद मिनहाज उद्दीन पुत्र सैयद मोइनुद्दीन, चर्तुसीमाएं: उत्तरः फ्लैट नंबर एसएल-11, दक्षिणः खुला प्लॉट नंबर बी-05, पूर्वः हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का मकान नंबर बी-10, पश्चिमः फ्लैट नंबर एसएल-10 (भौतिक कब्जा) | 05/12/2024 / 11/03/2025 / ₹ 13,44,831.81 +ब्याज एवं खर्चे | ₹ 18,75,000/- / ₹ 1,87,500/- / ₹ 10,000/- |
| **जेल रोड शाखा, भोपाल फोन : 7024115051** | | | |
| ऋणी- 1. **श्रीमती उर्मिला विश्वकर्मा** पत्नि श्री कमल विश्वकर्मा सहऋणी: 2. **श्री कमल विश्वकर्मा** पुत्र श्री बिहारी लाल विश्वकर्मा | SI-12 निर्मित क्षेत्रफल 665 वर्गफीट एसबीयू निर्मित क्षेत्रफल 895 वर्गफीट ''एच'' ब्लॉक, 6वीं मंजिल, शीतलधाम सर्वे खसरा नंबर, ग्राम समरधा, प.ह. नंबर 26, तहसील - हुजूर भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल -665.00 वर्गफीट संपत्ति मालिक- श्रीमती उर्मिला विश्वकर्मा पत्नि श्री कमल विश्वकर्मा चर्तुसीमाएं- पूर्व-ब्लॉक-जी, पश्चिम-शीतल धाम आंतरिक सड़क, उत्तर-शीतल धाम आंतरिक सड़क, दक्षिण-फ्लैट नंबर एसआई-11 (भौतिक कब्जा) | 30/07/2024 / 18/10/2024 / ₹ 27,50,515.74/- +ब्याज एवं खर्चे | ₹ 18,60,000/- / ₹ 1,86,000/- / ₹ 10,000/- |
| **टी.टी. नगर शाखा, भोपाल फोन : 7024115068** | | | |
| ऋणी- (1) **अनिल कुमार प्रजापति पुत्र श्री कमला प्रसाद प्रजापति** (2) **श्रीमती श्रीकांति प्रजापति पत्नि श्री अनिल कुमार प्रजापति** | फ्लैट नं. टी-1, तृतीय तल, गोदावरी अपार्टमेंट, सर्वधर्म सेक्टर-बी, कोलार रोड, तहसील हुजूर, प्लाट नं. 524, 525 वार्ड नं. 82, ग्राम-दामखेड़ा, भोपाल- 462042 क्षेत्रफल-450 वर्गफिट, संपत्ति मालिक-(1) अनिल कुमार प्रजापति पिता श्री कमला प्रसाद प्रजापति (2) श्रीमती श्रीकांति प्रजापति पति श्री अनिल कुमार प्रजापति, चर्तुसीमाएं- उत्तर- फ्लैट नं. टी-4, दक्षिण-प्लाट नं. 523, पूर्व-प्लाट नं. 531, पश्चिम-फ्लैट नं. टी-2 (भौतिक कब्जा) | 29.09.2022 / 29.09.2023 / ₹ 7,51,019/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 7,09,100/- / ₹ 70,910/- / ₹ 10,000/- |
| ऋणी- (1) **अनिल कुमार प्रजापति पुत्र श्री कमला प्रसाद प्रजापति** (2) **श्रीमती श्रीकांति प्रजापति पत्नि श्री अनिल कुमार प्रजापति** | फ्लैट नं. टी-2, तृतीय तल, गोदावरी अपार्टमेंट, सर्वधर्म सेक्टर-बी, कोलार रोड, तहसील हुजूर, प्लाट नं. 524, 525 वार्ड नं. 82, ग्राम-दामखेड़ा, भोपाल- 462042, क्षेत्रफल-450 वर्गफिट, संपत्ति मालिक-(1) अनिल कुमार प्रजापति पिता श्री कमला प्रसाद प्रजापति (2) श्रीमती श्रीकांति प्रजापति पति श्री अनिल कुमार प्रजापति, चर्तुसीमाएं- उत्तर- फ्लैट नं. टी-3, दक्षिण-प्लाट नं. 523, पूर्व-फ्लैट नं. टी-1, पश्चिम-कालोनी रोड (भौतिक कब्जा) | 29.09.2022 / 29.09.2023 / ₹ 8,76,764/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 7,09,100/- / ₹ 70,910/- / ₹ 10,000/- |
| **गुलमोहर शाखा, भोपाल फोन: 7024115041** | | | |
| ऋणी- **श्रीमती सीमा ठाकुर पत्नि श्री देवेन्द्र ठाकुर** | फ्लैट न. 128, सुरेन्द्र पैलेस, उपक्षेत्र वैष्णव होशंगाबाद रोड, सुरेन्द्र पैलैस, नारायण नगर, अरेरा कालोनी, 30 मीटर फूड पिटारा के पास, जिला- भोपाल (म.प्र.) 402026 क्षेत्रफल 557.00 वर्गफीट संपत्ति मालिकः श्रीमती सीमा ठाकुर पत्नि श्री देवेन्द्र ठाकुर निवासी फ्लैट न. 128, सुरेन्द्र पैलेस, सब एरिया वैष्णव, होशगाबाद रोड, सुरेन्द्र पैलेस, नारायण नगर, अरेरा कॉलोनी, 30 मीटर फूड पिटारा के पास, भोपाल, म.प्र.-402026 एवं फ्लैट न. 610, ब्लॉक-बी, भगवान परिसर, बागली रोड, मिसरोद, हुजूर, जिला भोपाल-462047 एवं वार्ड न. 1, हॉस्पिटल के सामने, शास्त्री नगर, जिला होशगाबाद-461001 एवं फ्लैट न. 404, ब्लॉक-एक फाल्गुनी चिनार ड्रीम सिटी ग्राम हनुमंत नरेला, भोपाल, म.प्र.-402026 चर्तुसीमाएं- उत्तर- फ्लैट नं. 137, दक्षिण- फ्लैट नं. 127, पूर्व- फ्लैट नं. 129, पश्चिम- रोड कालोनी (भौतिक कब्जा) | 13.08.2025 / 28.10.2025 / दि. 13/08/2025 को ₹ 20,54,133.29 +ब्याज एवं खर्चे | ₹ 24,04,800/- / ₹ 2,40,480/- / ₹ 10,000/- |

ईएमडी जमा करने की दिनांक एवं समय : 13.08.2026 को सायं 4.00 बजे या उससे पूर्व
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 14.08.2026 को सुबह 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक
संपत्ति निरीक्षण दिनांक : 10.08.2026 को दोपहर 3.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in अथवा http://BAANKNET देखें।
तारीख : 29.07.2026, स्थानः भोपाल प्राधिकृत अधिकारी

## चिंतन

# छात्रों का सम्मान, लेकिन दंगाइयों पर न बरतें नरमी

हाल ही में नीट पेपर लीक को लेकर छात्र आंदोलनों के दौरान हुई गिरफ्तारियों और पुलिस कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने बेहद संतुलित टिप्पणी की है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि जिन छात्रों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और जिन्हें केवल प्रदर्शन में भाग लेने के कारण हिरासत में लिया गया है, उन्हें तत्काल रिहा किया जाए। साथ ही, अगली सुनवाई तक उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाई गई है। यह फैसला लोकतंत्र, न्याय और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सुप्रीम कोर्ट ने केवल छात्रों को राहत देने तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि यह भी कहा कि प्रदर्शन के दौरान छात्रों और पुलिसकर्मियों दोनों के घायल होने की घटनाओं की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इसके लिए अदालत ने डिजिटल साक्ष्यों सीसीटीवी फुटेज, ड्रोन रिकॉर्डिंग और अन्य रिकॉर्ड को भी सुरक्षित रखने का निर्देश देकर यह संदेश दिया है कि न्याय तथ्यों के आधार पर होना चाहिए, न कि आरोपों और राजनीतिक दावों के आधार पर। यदि किसी छात्र के साथ अन्याय हुआ है तो उसे न्याय मिलना चाहिए, लेकिन यदि किसी ने हिंसा, आगजनी या सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है तो उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई भी होनी चाहिए। अदालत ने स्पष्ट किया कि प्रदर्शनकारियों की निजी जानकारी या पहचान संबंधी विवरण किसी भी रूप में प्रकाशित नहीं की जाए। इससे शीर्ष कोर्ट ने स्पष्ट संदेश दिया है कि लोकतंत्र में विरोध का पूरा सम्मान है, लेकिन कानून से ऊपर कोई नहीं है। देश में पिछले कुछ वर्षों में प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और अनियमितताओं ने युवाओं का भरोसा कमजोर किया है। लाखों छात्र वर्षों की मेहनत के बाद परीक्षा देते हैं और जब उनकी मेहनत भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती है तो आक्रोश स्वाभाविक है। सरकार की जिम्मेदारी है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पारदर्शी और भरोसेमंद व्यवस्था बनाएं। वहीं, छात्रों को भी यह समझना होगा कि लोकतांत्रिक विरोध का अर्थ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना या हिंसा का सहारा लेना नहीं है। शांतिपूर्ण आंदोलन लोकतंत्र की ताकत है, जबकि हिंसा उसकी सबसे बड़ी कमजोरी। यह भी उतना ही आवश्यक है कि पुलिस कार्रवाई कानून के दायरे में रहे। यदि कहीं अनावश्यक बल प्रयोग हुआ है या निर्दोष छात्रों को निशाना बनाया गया है तो उसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। दूसरी ओर, यदि जांच में यह सामने आता है कि हिंसा में बाहरी असामाजिक तत्व शामिल थे या कुछ लोगों ने आंदोलन की आड़ में अराजकता फैलाई, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई में किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जानी चाहिए। सबसे बड़ी चिंता यह है कि हर बड़े छात्र आंदोलन के बाद असली मुद्दा पीछे छूट जाता है और बहस केवल राजनीति, आरोप-प्रत्यारोप और पुलिस कार्रवाई तक सीमित होकर रह जाती है। यह स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट का संदेश स्पष्ट है कि निर्दोष छात्रों की स्वतंत्रता और सम्मान की रक्षा होनी चाहिए, लेकिन कानून तोड़ने वालों को संरक्षण नहीं मिल सकता। सरकार को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि परीक्षा प्रणाली इतनी मजबूत बने कि छात्रों को बार-बार सड़कों पर उतरने की नौबत ही न आए। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध का सम्मान होना चाहिए, पर हिंसा और अराजकता को कभी भी आंदोलन का वैध माध्यम नहीं माना जा सकता। छात्रों को न्याय मिले, लेकिन दंगाइयों पर कानून की कठोरता भी उतनी ही दिखाई दे, यही न्याय, लोकतंत्र और सुशासन की वास्तविक कसौटी है।



**मुद्दा**
महेन्द्र तिवारी

# भारतीय राजनीति का बदलता स्वरूप

> भारत में सोशल मीडिया का स्वरूप अब महज एक-दूसरे से जुड़ने या तस्वीरें साझा करने के मंच तक सीमित नहीं रह गया है। यह आज राजनीतिक विमर्श, जनमत निर्माण और बड़े जन आंदोलनों का सबसे सशक्त और परिवर्तनकारी माध्यम बन चुका है। कॉकरोच जनता पार्टी ने जिस तरह से पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है, वह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि डिजिटल दुनिया किस प्रकार सड़क की राजनीति को गहराई से आकार दे रही है। इस आंदोलन ने यह पूरी तरह साबित कर दिया है कि युवाओं का असंतोष जब सोशल मीडिया के एल्गोरिदम और नेटवर्क के माध्यम से संगठित होता है, तो वह व्यवस्था के सर्वोच्च स्तर तक अपनी गूंज पहुंचा सकता है।

भारत में सोशल मीडिया का स्वरूप अब महज एक-दूसरे से जुड़ने या तस्वीरें साझा करने के मंच तक सीमित नहीं रह गया है। यह आज राजनीतिक विमर्श, जनमत निर्माण और बड़े जन आंदोलनों का सबसे सशक्त और परिवर्तनकारी माध्यम बन चुका है। कॉकरोच जनता पार्टी ने जिस तरह से पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है, वह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि डिजिटल दुनिया किस प्रकार सड़क की राजनीति को गहराई से आकार दे रही है। इस आंदोलन ने यह पूरी तरह साबित कर दिया है कि युवाओं का असंतोष जब सोशल मीडिया के एल्गोरिदम और नेटवर्क के माध्यम से संगठित होता है, तो वह व्यवस्था के सर्वोच्च स्तर तक अपनी गूंज पहुंचा सकता है।

इस पूरे घटनाक्रम में समर्थकों और विरोधियों के बीच जो तीखी बयानबाजी हुई, उसने आधुनिक लोकतंत्र में सूचना, तथ्य और दुष्प्रचार के बीच की लगातार धुंधली होती रेखा को भी पूरी तरह उजागर कर दिया है। कॉकरोच जनता पार्टी की शुरुआत एक व्यंग्यात्मक अभियान के रूप में हुई थी, जिसका प्रारंभिक उद्देश्य संभवतः व्यवस्था की खामियों पर हल्का कटाक्ष करना था। देखते ही देखते यह लाखों युवाओं की मुखर आवाज बन गया। इस अप्रत्याशित सफलता के पीछे सबसे बड़ा कारण वह गहरी और संरचनात्मक निराशा थी जो आज के युवाओं में परीक्षा पत्र लीक होने, भर्ती प्रक्रियाओं में होने वाली घोर अनियमितताओं और लगातार बढ़ती बेरोजगारी को लेकर व्याप्त है। जब भारत के महत्वाकांक्षी युवाओं को पारंपरिक राजनीतिक ढांचे में अपने जीवन से जुड़े ज्वलंत सवालों के जवाब नहीं मिले, तो उन्होंने डिजिटल मंचों को अपना सबसे बड़ा हथियार बना लिया। इस आंदोलन ने शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल सुधार और रोजगार के समान अवसरों की मांग को इतनी मजबूती से उठाया कि सरकार को भी बचाव की मुद्रा में आना पड़ा। दिल्ली सहित कई अन्य बड़े शहरों में हुए विशाल प्रदर्शनों ने यह स्पष्ट कर दिया कि यह केवल एक आभासी या डिजिटल आक्रोश नहीं था, बल्कि जमीन पर उबल रहा एक वास्तविक और तीव्र गुस्सा था, जिसने अंततः शिक्षा मंत्री के इस्तीफे तक की मांग को मुख्य राष्ट्रीय विमर्श में ला खड़ा किया। जैसे जैसे आंदोलन ने गति पकड़ी और इसका प्रभाव बढ़ने लगा, वैसे वैसे इसके विरोध में भी एक समानांतर और अत्यंत आक्रामक डिजिटल अभियान शुरू हो गया। सोशल मीडिया की यही मूल प्रकृति है कि यहां हर राजनीतिक क्रिया की एक त्वरित और अक्सर बहुत उग्र प्रतिक्रिया होती है। अनेक वायरल पोस्टों के माध्यम से आंदोलन के संस्थापकों और प्रमुख चेहरों पर अत्यंत गंभीर और संगीन आरोप लगाए जाने लगे। यह दावा बड़े पैमाने पर किया गया कि इस आंदोलन का वास्तविक संचालन विदेशों से हो रहा है और इसके पीछे भारत विरोधी विदेशी शक्तियों का हाथ है। कुछ दावों में तो यहां तक कहा गया कि इनके डिजिटल समर्थकों और फॉलोअर्स का एक बहुत बड़ा हिस्सा पड़ोसी देशों से संचालित हो रहा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी आरोप को तब तक सत्य नहीं माना जा सकता, जब तक कि उसके समर्थन में ठोस, निष्पक्ष और स्वतंत्र प्रमाण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध न हों। प्रमुख और विश्वसनीय समाचार संस्थानों ने भी इन आंकड़ों की कोई



पुष्टि नहीं की। ऐसे में, बिना किसी विश्वसनीय साक्ष्य के इन गम्भीर दावों को आंख मूंदकर स्वीकार कर लेना केवल राजनीतिक दुष्प्रचार को बढ़ावा देना है। सोशल मीडिया की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यहां किसी भी सत्यापित सत्य से अधिक भड़काने वाली भावनाएं तेजी से फैलती हैं। यदि कोई सूचना या दावा राष्ट्रवाद, धर्म, राष्ट्रीय सुरक्षा या किसी ऐतिहासिक अन्याय जैसे संवेदनशील विषयों से जुड़ा हो, तो उसके वायरल होने की गति कई गुना बढ़ जाती है। राजनीतिक दल, उनके सूचना तंत्र और विभिन्न हितधारक संगठन आम जनमानस के इस मनोविज्ञान को बहुत अच्छी तरह समझते हैं। यही कारण है कि आज डिजिटल प्रचार और सूचनाओं का हेरफेर राजनीतिक रणनीति का एक अत्यंत अभिन्न अंग बन गया है। इस पूरी प्रक्रिया में अक्सर अपुष्ट और भ्रामक जानकारी इतने बड़े पैमाने पर और इतनी चतुराई से फैलाई जाती है कि एक आम नागरिक के लिए यह तय करना लगभग असंभव हो जाता है कि क्या सच है और क्या पूर्ण रूप से झूठ। भावनाओं के इस तेज ज्वार में तथ्य कहीं बहुत पीछे छूट जाते हैं, और हमारा समाज एक ऐसे अंधे ध्रुवीकरण की ओर बढ़ जाता है, जहां शांत और तार्किक बहस के लिए कोई स्थान नहीं बचता। इस पूरे राष्ट्रीय विवाद के दौरान सरकार और कानून व्यवस्था बनाए रखने वाली एजेंसियों की भूमिका भी गहन जांच और चर्चा का विषय बनी रही। जब हजारों युवा अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे तो उन पर नजर रखने के लिए सरकार द्वारा ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे और अन्य अत्याधुनिक आधुनिक निगरानी प्रणालियों का व्यापक स्तर पर उपयोग किया गया। यह सच है कि आधुनिक समय में राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तकनीक का उपयोग आवश्यक है, लेकिन इसका उपयोग नागरिकों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकारों को दबाने या उनकी निजता के हनन के लिए कतई नहीं किया जाना चाहिए। इस पूरे राजनीतिक विवाद का एक अत्यंत निराशाजनक पहलू सार्वजनिक संवाद और राजनीतिक भाषा के लगातार गिरते स्तर से जुड़ा हुआ है। सोशल मीडिया पर विरोधियों के खिलाफ जिस प्रकार की जहरीली भाषा का प्रयोग किया गया, वह किसी भी सभ्य और लोकतांत्रिक समाज के लिए बहुत ही चिंताजनक है। वैचारिक विरोधियों को नीचा दिखाने के लिए अत्यंत अपमानजनक शब्दों का लगातार इस्तेमाल और यहां तक कि उन्हें हिंसक तरीके से सबक सिखाने की खुली धमकियां आम हो गईं। लोकतंत्र में वैचारिक असहमति का होना न केवल स्वाभाविक है, बल्कि व्यवस्था को जीवंत बनाए रखने के लिए बहुत आवश्यक भी है। लेकिन जब यह असहमति व्यक्तिगत शत्रुता में बदल जाए और खुलेआम हिंसा का आह्वान होने लगे, तो यह हमारे महान लोकतांत्रिक मूल्यों का सीधा और स्पष्ट उल्लंघन माना जाता है। भारत का संविधान हर नागरिक को अभिव्यक्ति की पूर्ण स्वतंत्रता का अधिकार देता है, लेकिन इस अधिकार के साथ यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी जुड़ी है कि हम कानून व्यवस्था का सम्मान करें। अंततः, इस पूरे बदलते राजनीतिक परिदृश्य में सबसे बड़ी और निर्णायक भूमिका युवाओं, आम नागरिकों और मुख्यधारा की मीडिया की ही रहने वाली है। भारत की एक बहुत बड़ी आबादी युवाओं की है, और यदि उनके रोजगार, निष्पक्ष प्रतियोगी परीक्षाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जुड़े बुनियादी सवालों को नीतिगत स्तर पर हल नहीं किया गया, तो ऐसे आंदोलन भविष्य में भी नए रूपों में जन्म लेते रहेंगे। आधुनिक लोकतंत्र की वास्तविक सफलता अब केवल चुनाव कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि इस बात पर भी निर्भर करती है कि हम सार्वजनिक विमर्श को कितनी जिम्मेदारी, तथ्यपरकता और परिपक्वता के साथ आगे बढ़ाते हैं।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**व्यास पूर्णिमा**
कैलाश चंद्र



# हम 'ज्ञान' के प्रति विनम्र रहें गुरु परंपरा के प्रति कृतज्ञ रहें

भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा केवल शिक्षा की व्यवस्था नहीं, बल्कि मनुष्य-निर्माण की प्रक्रिया है। गुरु केवल जानकारी नहीं देता, वह दृष्टि देता है। शिष्य केवल ज्ञान ग्रहण नहीं करता, बल्कि अपने जीवन को संस्कारित करता है। यही कारण है कि भारत में गुरु का स्थान माता-पिता के बाद नहीं, बल्कि अनेक प्रसंगों में उनसे भी उच्च माना गया है, क्योंकि गुरु मनुष्य के भीतर निहित श्रेष्ठता को जाग्रत करता है। आज के समय में जब शिक्षा का केंद्र रोजगार, प्रतियोगिता और तकनीकी दक्षता बनता जा रहा है, तब गुरु-शिष्य परंपरा हमें स्मरण कराती है कि शिक्षा का अंतिम लक्ष्य चरित्र, विवेक और उत्तरदायित्व का निर्माण है। आधुनिक मेंटर-मेंटी व्यवस्था, शोध निर्देशन, नेतृत्व प्रशिक्षण और संस्थागत मार्गदर्शन उसी परंपरा के परिवर्तित रूप हैं, किंतु भारतीय गुरु-शिष्य संबंध की विशिष्टता यह है कि इसमें केवल बौद्धिक ही नहीं, बल्कि नैतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विकास भी सम्मिलित होता है।

भारतीय दृष्टि का एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है कि योग्य गुरु और योग्य शिष्य एक-दूसरे की खोज करते हैं। गुरु ज्ञान देने के लिए पात्र की तलाश करता है और शिष्य सत्य की खोज में गुरु तक पहुंचता है। यह संबंध लेन-देन का नहीं, बल्कि श्रद्धा, पात्रता और उत्तरदायित्व का संबंध है। इसी संदर्भ में गुरुदक्षिणा का वास्तविक अर्थ समझना आवश्यक है। गुरुदक्षिणा किसी ज्ञान का मूल्य नहीं, बल्कि गुरु के प्रति कृतज्ञता और अपने जीवन को उनके आदर्शों के अनुरूप ढालने का संकल्प है। भारतीय परंपरा में सर्वोच्च गुरुदक्षिणा धन नहीं, बल्कि आचरण, सेवा, चरित्र और समाज के प्रति उत्तरदायित्व मानी गई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इसी सनातन परंपरा को एक विशिष्ट स्वरूप दिया है। संघ में कोई व्यक्ति गुरु नहीं है, भगवा ध्वज गुरु है। यह व्यवस्था व्यक्ति-पूजा के स्थान पर आदर्श-पूजा की स्थापना करती है। ध्वज,त्याग, तप, शुचिता, सेवा, राष्ट्रनिष्ठा और सनातन सांस्कृतिक मूल्यों का प्रतीक है। इसलिए स्वयंसेवक अपनी गुरुदक्षिणा किसी व्यक्ति को नहीं, बल्कि उन चिरंतन आदर्शों के प्रति समर्पित करता है जिनका ध्वज प्रतिनिधित्व करता है। संघ में गुरुदक्षिणा केवल आर्थिक सहयोग का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आत्मावलोकन का अवसर है। यह स्वयं से प्रश्न करने का समय है। क्या मेरा चरित्र विकसित हुआ? क्या मेरी राष्ट्रभक्ति अधिक प्रखर हुई? क्या मेरा जीवन ध्येय के अधिक निकट पहुंचा? इस प्रकार गुरुदक्षिणा बाहरी अर्पण से अधिक आंतरिक समर्पण का पर्व बन जाती है।

वर्तमान समय का सबसे बड़ा संकट केवल सूचना का अभाव नहीं, बल्कि प्रेरणा, मार्गदर्शन और गुरुत्व का क्षय है। जिस समाज में आदर्श प्रेरक, मार्गदर्शक और चरित्रवान गुरु का प्रभाव कम होने लगता है, वहां नई पीढ़ी स्वच्छंदता को स्वतंत्रता और अनैतिकता को आधुनिकता समझने लगती है। परिणामस्वरूप जीवन से अनुशासन, कर्तव्यबोध और आत्मसंयम का क्षरण होने लगता है। स्वधर्म का बोध कमजोर पड़ता है, स्वदेशी का आत्मविश्वास क्षीण होता है और स्वराज का अर्थ केवल राजनीतिक स्वतंत्रता तक सीमित होकर रह जाता है, जबकि भारतीय चिंतन में स्वराज का अर्थ पहले आत्मसंयम और आत्मनियंत्रण है। गुरु-शिष्य परंपरा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि विवेक, मर्यादा, उत्तरदायित्व और जीवन-दृष्टि का निर्माण करना है। इसलिए व्यास पूर्णिमा केवल अतीत का स्मरण नहीं, बल्कि वर्तमान पीढ़ी को संस्कारित, चरित्रवान और राष्ट्रनिष्ठ बनाने का सांस्कृतिक संकल्प है। यही परंपरा व्यक्ति को उपभोक्ता नहीं, उत्तरदायी नागरिक; और भीड़ का हिस्सा नहीं, बल्कि संस्कृति का वाहक बनाती है। आज के व्यक्तिवादी और त्वरित प्रसिद्धि के युग में गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व और बढ़ जाता है। यह हमें बताती है कि स्थायी नेतृत्व प्रचार से नहीं, संस्कार से बनता है; संगठन केवल व्यवस्था से नहीं, चरित्रवान कार्यकर्ताओं से बनता है; और राष्ट्र केवल आर्थिक शक्ति से नहीं, बल्कि अपनी जीवित सांस्कृतिक परंपराओं से सशक्त होता है।

व्यास पूर्णिमा इसीलिए केवल अतीत का स्मरण नहीं, बल्कि भविष्य के निर्माण का संकल्प है। यह हमें प्रेरित करती है कि हम ज्ञान के प्रति विनम्र रहें, गुरु-परंपरा के प्रति कृतज्ञ रहें, संस्कृति के प्रति ऋणी होने का बोध रखें और अपने जीवन को समाज तथा राष्ट्र के लिए समर्पित करने का संकल्प लें। यही भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा का शाश्वत संदेश है।

( लेखक आरएसएस के मध्यक्षेत्र प्रचार प्रमुख )

## सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित
**दर्शन**

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

## भगवान को बिना खिलाए मंदिर से लौटना नहीं



संकलित
**प्रेरणा**

एक ब्राम्हण था, भगवान श्री कृष्ण के मंदिर में बड़ी सेवा किया करता था। उसकी पत्नी इस बात से हमेशा चिढ़ती थी कि हर बात में वह पहले भगवान को लाता। भोजन हो, वस्त्र हो या हर चीज पहले भगवान को समर्पित करता । एक दिन घर में लड्डू बने। ब्राम्हण ने लड्डू लिए और भोग लगाने चल दिया। पत्नी इससे नाराज हो गई। कहने लगी कोई पत्थर की मूर्ति जिंदा होकर तो खाएगी नहीं जो हर चीज लेकर मंदिर की तरफ दौड़ पड़ते हो। अबकी बार बिना खिलाए न लौटना, देखती हूँ कैसे भगवान खाने आते हैं। बस ब्राम्हण ने भी पत्नी के ताने सुनकर ठान ली कि बिना भगवान को खिलाए आज मंदिर से लौटना नहीं है। मंदिर में जाकर भगवान के सामने लड्डू रखकर विनती करने लगा। एक घड़ी बीती। आधा दिन बीता, न तो भगवान आए न ब्राम्हण हटा। सभी कौतूहलवश देखने लगे कि आखिर होना क्या है। मक्खियाँ भिनभिनाने लगी, ब्राम्हण उन्हें उड़ाता रहा। मीठे की गंध से चीटियां भी चली आईं। ब्राम्हण ने उन्हें भी हटाया। ब्राम्हण ने उनको भी खदेड़ा। दिन ढल गया, शाम हो गई। न भगवान आए, न ब्राम्हण उठा। शाम से रात हो गई। धीरे-धीरे सब घर चले गए। ब्राम्हण को भी गुस्सा आ गया, लड्डू उठाकर बाहर फेंक दिए। ब्राम्हण पत्नी के ताने सुनकर सो गया। रात को सपने में भगवान आए। बोले- तेरे लड्डू खाए थे मैंने। बहुत बढिय़ा थे, कितने रूप धरने पड़े तेरे लड्डू खाने के लिए, मक्खी, चीटी, कुत्ता, भिखारी। पर तूने हाथ नहीं धरने दिया। दिन भर इंतजार करना पड़ा।

## करतब



**इंफाल।** खुमान लम्पक मुख्य स्टेडियम में 135वें इंडियनऑयल डूरंड कप के उद्घाटन समारोह के दौरान कलाकार कलाबाजी और आग उगलने का प्रदर्शन करते हुए।

## आज की पाती

### आंदोलन, नेतृत्व और लोकतंत्र


लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं चलता, बल्कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी, संवाद, असहमति और उत्तरदायित्व से भी संचालित होता है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में आंदोलन सामाजिक चेतना का माध्यम होते हैं। वे सत्ता को आईना दिखाते हैं, जनता की पीड़ा को स्वर देते हैं और नीतिगत सुधारों का मार्ग प्रशस्त करते हैं। किंतु इतिहास यह भी बताता है कि हर आंदोलन स्वतः पवित्र नहीं होता और न ही हर आंदोलन संदेह से परे होता है। यदि किसी आंदोलन के उद्देश्य, नेतृत्व, वित्तीय स्रोत, संगठनात्मक संरचना और कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न उठते हैं, तो उनका उत्तर भी लोकतांत्रिक पारदर्शिता के साथ दिया जाना चाहिए। आंदोलन के विरुद्ध लगाए गए आरोपों का मूल्यांकन प्रमाणों के आधार पर होना चाहिए।

*–रुद्रांश, रोहतक*

## करंट अफेयर

# श्रीलंका के प्राचीन हिंदू मंदिर में अनुष्ठान की हुई शुरुआत

श्रीलंका के तटीय शहर देविनुवारा स्थित प्राचीन हिंदू मंदिर में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच सदियों से चले आ रहे धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत हुई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पूर्व में अंडरवर्ल्ड की धमकी की वजह से इस अनुष्ठान को रद्द कर दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि उथपालावाना श्री विष्णु मंदिर में एसाला पेराहेरा (धार्मिक जुलूस) के दौरान 'कावड़ी' अनुष्ठान की सुरक्षा के लिए विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के सदस्यों समेत लगभग 1,500 जवानों को तैनात किया गया है। ऐसी खुफिया जानकारी मिली थी कि भगोड़े मादक पदार्थ माफिया शेहान सथसारा और कांजीपनी इमरान के बीच जारी 'गैंगवार' की वजह से अनुष्ठान के दौरान हथियारबंद लोगों द्वारा या ड्रोन से हमला किया जा सकता है, जिसके बाद रविवार को पारंपरिक नृत्य कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया था, लेकिन बाद में इसे फिर से शुरू किया गया। माना जाता है कि ये दोनों अपराधी विदेश से अपना नेटवर्क चला रहे हैं। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को 'कावड़ी' अनुष्ठान में शामिल लोगों की सुरक्षा जांच की गई और कुछ लोगों से मादक पदार्थ क्रिस्टल मेथामफेटामाइन (जिसे स्थानीय भाषा में 'आइस' कहा जाता है) और गांजा जब्त किया गया।



## ऑफ बीट

# क्या एआई सुलझा पाएगी प्राचीन भाषाओं की गुत्थी

आज तक जिन भी प्राचीन भाषाओं को पढ़ा और समझा जा सका है, उनके रहस्य सुलझाने के लिए शोधकर्ताओं को किसी न किसी आधार का सहारा मिला है। आमतौर पर यह आधार कोई द्विभाषी अभिलेख होता है, जैसे रोसेटा स्टोन, या फिर उससे मिलती-जुलती कोई ज्ञात भाषा, जिससे तुलना की जा सके, लेकिन कांस्य युग में यूनान के क्रीट द्वीप पर विकसित मिनोअन सभ्यता की लिपि 'लीनियर ए' के साथ ऐसी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। 'लीनियर ए' को भाषाविज्ञान में 'असंबद्ध भाषा' माना जाता है, क्योंकि इसका किसी ज्ञात जीवित या विलुप्त भाषा से अबतक कोई प्रमाणित संबंध स्थापित नहीं हो सका है। यही कारण है कि पिछले एक शताब्दी से यह भाषाविदों के लिए सबसे कठिन पहेलियों में से एक बनी हुई है। इसी तरह रोमन साम्राज्य के उदय से पहले प्रचलित रही इटली की 'एट्रस्कन' भाषा को समझने में भी केवल सीमित सफलता मिली है। कब्रों पर मिले छोटे-छोटे अभिलेखों के आधार पर इसका कुछ शब्दकोश तैयार किया जा सका है, लेकिन इसकी व्याकरण और गहरे अर्थ अब भी भाषाविदों की पकड़ से बाहर हैं। यही वे भाषाएं हैं, जिनकी पहेली सुलझाने में अब कृत्रिम मेधा (एआई) को भी शामिल किया जा रहा है।



## ट्रेंड

### शर्मिला को बधाई



शर्मिला को महिलाओं के शॉट पुट एफ57 इवेंट में बेहद खास गोल्ड मेडल जीतने और सीज़न का अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो करने के लिए बधाई। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।

- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### दिल्ली लक्ष्मी योजना



'दिल्ली लक्ष्मी योजना' का पोर्टल 1 अगस्त से शुरू होगा। प्रक्रिया पूरी होने पर, रक्षाबंधन के मौके पर महिलाओं को 2,500 की पहली किस्त जारी की जाएगी। यह बहनों के सम्मान, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के प्रति एक संकल्प है।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### छात्र आतंकवादी नहीं



भाजपा को क्या हो गया है? बिहार में हमारे छात्रों पर ऐके-47 से गोलियां चलाई गईं। क्या ये छात्र आतंकवादी हैं? मैं सम्राट मोदी को याद दिलाना चाहता हूँ- लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में बिहार की धरती कभी इस नारे से गूंजी थी-"गद्दी छोड़ दो, क्योंकि जनता आ रही है।"

-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### कोरी बयानबाजी



प्रयागराज विरोध प्रदर्शन की आड़ में उत्तर प्रदेश पुलिस की विशेष टीम ने कई छात्रों को बिना नंबर वाली गाड़ी में उठा लिया है। क्या उत्तर प्रदेश पुलिस प्रधानमंत्री के आश्वासनों और वादों को कोरी बयानबाजी साबित करना चाहती है?

- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# पारस सिटी रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसाइटी के पूर्व सचिव ने सोसाइटी दफ्तर पर किया अवैध कब्जा, पद से हटने के बाद भी नहीं किया कार्यालय खाली

## 248 फ्लैट मालिकों ने जनसुनवाई में दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अरेरा कॉलोनी स्थित पारस सिटी रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसाइटी के 248 फ्लैट्स मालिकों ने सोसाइटी के पूर्व सचिव अजय त्रिपाठी पर सोसाइटी के कार्यालय पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। इधर, त्रिपाठी का कहना है कि सोसाइटी का निर्माण उन्होंने निजी खर्चे से कराया था। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में सोसाइटी की अध्यक्ष अपर्णा दुबे सहित अन्य सदस्यों ने शिकायत दर्ज कराई है। एडीएम सुमित पांडे ने मामले की जांच कॉलोनी सेल को सौंपी है। मंगलवार को जनसुनवाई में 150 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई।

### जनसुनवाई में डेढ़ सौ लोगों ने शिकायत दर्ज कर लगाई मदद की गुहार

### फर्जी एग्रीमेंट के आधार पर किया अवैध कब्जा

शिकायत में बताया कि ए-6 ब्लॉक स्थित सोसाइटी कार्यालय पर फर्जी एग्रीमेंट के आधार पर अवैध कब्जा कर रखा है। सचिव पद से हटने के बाद भी कार्यालय खाली नहीं किया गया है। अध्यक्ष का दावा है कि पारस हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड ने भी संबंधित संपत्ति को लेकर किसी वैध अनुबंध से इनकार किया है। प्रशासन ने मामले की जांच कॉलोनी सेल को सौंप दी है। त्रिपाठी का कहना है कि बिल्डर और अध्यक्ष के खिलाफ हबीबगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है।



मंगलवार को जनसुनवाई में लोगों की शिकायत सुनते एडीएम सुमित पांडे।

### बिल्डर ने 46 लाख रुपए लिए, फ्लैट पर नहीं दिया कब्जा

अरविंद और प्रीति सोलंकी ने बिल्डर विकास रामतानी के खिलाफ शिकायत करते हुए बताया कि मार्च 2024 में 46 लाख 50 हजार में फ्लैट खरीदा था और फरवरी 2025 तक पूरी राशि जमा कर दी थी, लेकिन अब तक कब्जा नहीं मिला। उनका आरोप है कि बिल्डर कब्जे की तारीख आगे बढ़ाता रहा, जिससे ईएमआई और किराए का दोहरा बोझ उठाना पड़ रहा है।

### सौ साल पुराना मकान तोड़कर नए भवन की परमिशन मांगी

चांदबड़ निवासी गीता पंथी ने करीब 100 वर्ष पुराने जर्जर भवन को गिराकर नया निर्माण करने की अनुमति देने की मांग की। उनका कहना है कि नगर निगम पिछले पांच वर्षों से भवन को जर्जर घोषित कर नोटिस जारी कर रहा है, लेकिन अवैध कब्जाधारियों के विरोध की वजह से मकान को नहीं तोड़ा जा रहा है।

### बेटी ने पिता का मकान हड़पा, घर से किया बेदखल, टीआई को सौंपी जांच

मुनव्वर मस्जिद राजीव कॉलोनी करोंद निवासी रशीद खां उम्र 65 ने शिकायत में बताया कि पत्नी का एक साल पहले देहांत हो गया है। बेटी सबा पत्नी आसिफ निवासी कोतवाली थाने के पीछे ने मेरी पत्नी का जेवर हड़प लिया है। इसके साथ मेरे मकान पर कब्जा कर मुझे घर से बेदखल कर दिया है। अपर कलेक्टर प्रकाश नायक ने मामले की जांच टीआई निशातपुरा को सौंपी है।

## खबर संक्षेप



### अर्जुन नगर के नेताओं ने की विधायक से भेंट

**औबेदुल्लागंज।** अर्जुन नगर के नेताओं ने भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर के साथ भोजपुर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र पटवा से भेंट कर अर्जुन नगर में चल रहे विकास कार्य एवं समस्याओं को लेकर चर्चा की। अर्जुन नगर के वरिष्ठ नेता माखन सेन, धर्मेंद्र चौरसिया, बचन लोधी, राहुल प्रजापति, इंग्लिश यादव ने विधायक पटवा को अपनी-अपनी समस्या बताई। इस अवसर पर नगर परिषद के पार्षद दीपू परमार, पार्षद प्रतिनिधि नरेश सेठी भी उपस्थित रहे।

### भाजपा नेताओं ने की सीएमओ से चर्चा

**औबेदुल्लागंज।** नगर की तिकड़ी कहे जाने वाली जोड़ी ने नगर परिषद में मुख्य नगर पालिका अधिकारी से नगर के विकास कार्य में होने वाली देरी को लेकर चर्चा की। सूत्रों की माने तो काफी देर तक चर्चाओं का दौर चला। मंडल के नेता ने सीएमओ को सबको साथ लेकर चलने की बात कही। चर्चा से नगर परिषद की राजनीति में हलचल मची है।

### खुदी सड़क से लोगों को हो रही परेशानी



**औबेदुल्लागंज।** अर्जुन नगर के वार्ड 11 में भाजपा नेता माखन सेन निवास के पास खुदी सड़क के कारण लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश में और परेशानी न हो इसके लिए माखन सेन, पदम चौहान, धर्मेंद्र चौरसिया, इंग्लिश यादव, आरती यादव आदि ने मांग की है कि समस्या का जल्द ही निराकरण किया जाए।

### नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान ने बनाया रिकॉर्ड

**भोपाल।** मप्र पुलिस के नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत इंदौर में एक साथ 1 लाख 75 हजार 451 लोगों ने ऑनलाइन नशामुक्ति की ई-शपथ लेकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। मंगलवार को आयोजित इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में स्कूलों और कॉलेजों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, पुलिस अधिकारी और कर्मचारी, शासकीय एवं निजी संस्थानों के प्रतिनिधि, कॉर्पोरेट कर्मचारियों और आम नागरिक शामिल हुए। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन के प्रतिनिधियों ने प्रतिभागियों की संख्या और पूरी प्रक्रिया का सत्यापन किया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 5038 | | |
| दिन: | 589 | 26 | 899 |
| रात: | 347 | 41 | 489 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 236 | 13 | 157 |
| रात: | 136 | 09 | 469 |

## निशातपुरा स्थित नेवरी तालाब और बैरसिया इलाके के मामले

# नहाते समय नेवरी तालाब में डूबा 14 वर्षीय किशोर, कुए में मिली नवविवाहिता की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा स्थित नेवरी तालाब में नहाते समय डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 14 वर्षीय मोहम्मद रहमान कांग्रेस नगर टीला जमालपुरा का रहने वाला है। वह दोस्तों के साथ नेवरी तालाब पर नहाने के लिए पहुंचा था। इसी दौरान गहरे पानी में जाने से वह डूब गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसका शव तालाब से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है।

### मानसिक रूप से बीमार नवविवाहिता कुए में डूबी



बैरसिया इलाके में रहने वाली एक नवविवाहिता की कुए में डूबने से मौत हो गई। मृतका की शादी करीब ढाई महीने पहले हुई थी। मानसिक रूप से बीमार होने के कारण परिजन उसे मायके लेकर आए थे और इलाज करवा रहे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार 24 वर्षीय वंसुदा मीणा ग्राम कढ़ैया शाह थाना बैरसिया की रहने वाली था। करीब ढाई महीने पहले उसकी शादी ग्यारसपुर जिला विदिशा निवासी गोविंद मीणा के साथ हुई थी। मानसिक रूप से बीमार होने के कारण परिजन उसे मायके लेकर आए थे और इलाज करवा रहे थे। सोमवार दोपहर को सभी लोग घर पर ही थे। दोपहर करीब तीन बजे चाय पानी के लिए उसकी तलाश की गई तो वह नहीं मिली। आस-पास तलाश करने के पर पास ही स्थित एक कुए के पास उसकी चप्पल दिखाई दी।

मोटर लगाकर कुए का पानी खाली कराने पर वंसुदा की लाश बरामद हुई। परिजन उसे कुए से बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### एटीएम से इनवर्टर बैटरियां चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

मंगलवारा थाना पुलिस ने एसबीआई एटीएम से इनवर्टर की बैटरियां चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्ले से चोरी के चार इनवर्टर बैटरियां बरामद की है। पुलिस आरोपी को रिमांड में लेकर अन्य चोरी की वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक एसबीआई एटीएम से इनवर्टर बैटरियां चोरी होने की शिकायत मिली थी। मामले की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अनीस अली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई इनवर्टर बैटरियां और वारदात में इस्तेमाल किया गया ई-रिक्शा बरामद किया है। जब्त मशरूका की कुल कीमत करीब तीन लाख बताई गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर पहले से आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि उसके फरार साथी की तलाश जारी है।

### अवैध शराब तस्करों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 1.31 करोड़ की शराब जब्त

मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेशभर में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और तस्करी के खिलाफ अभियान चलाते हुए इंदौर, छतरपुर और मैहर में बड़ी कार्रवाई की है। तीनों जिलों में कुल 1 करोड़ 31 लाख रुपए से अधिक कीमत की अवैध शराब और तस्करी में इस्तेमाल किए गए वाहन जब्त किए गए हैं। इंदौर के कनाड़िया थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई कर अवैध शराब की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 927 पेटी (11,124 लीटर) अवैध शराब, एक ट्रक और एक कार जब्त की। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 1 करोड़ 10 लाख रुपए बताई गई है। छतरपुर जिले के गुलगंज थाना पुलिस ने टीकमगढ़ रोड स्थित काठन नदी पुल के पास घेराबंदी कर शराब से भरा एक ट्रक पकड़ा।

#### दो आरोपी गिरफ्तार,125 पेटी अवैध शराब जब्त

पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 125 पेटी (1,125 लीटर) अंग्रेजी शराब और एक ट्रक जब्त किया। जब्त संपत्ति की कीमत करीब 21 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, मैहर जिले के ताला थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 61.380 लीटर अवैध शराब, एक मोटरसाइकिल और करीब 50 हजार रुपये की संपत्ति जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

## स्कूल के गेट पर भरा सीवेज का पानी बच्चों में गंभीर बीमारियां फैलने का डर

### अधिकारियों से शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



संत हिरदाराम नगर के वार्ड 5 स्थित नवयुवक सभा स्कूल के पीछे के द्वार के सामने सीवेज लाइन चोक होने से पिछले आठ दिनों से गंदा पानी जमा है। स्कूल के गेट पर जलभराव के कारण विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्थानीय रहवासियों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

इससे स्कूल के बच्चों में बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है। पिछले कुछ समय से समस्या बनी होने के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा अब तक सीवेज लाइन की सफाई नहीं कराई गई है। रहवासियों ने नगर निगम से तत्काल समस्या के समाधान की मांग की है। सभा के अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी कहना है कि संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या के समाधान नहीं हो रहा है। अधिकारी इसके आगे की लाइन चोक होने के कारण बता कर अपना पल्ला झाड़ देते है। श्री वाधवानी का कहना है कि अगर जल्द ही इस समस्या को हाल नहीं हुआ तो सीएम हेल्प लाइन में शिकायत की जाएगी।

## पुलिस अधीक्षक जिला भोपाल देहात ने जिले में 5 अफसरों के किए तबादले

**भोपाल।** पुलिस अधीक्षक जिला भोपाल देहात पंकज कुमार पांडेय ने पांच थाना प्रभारियों को इधर से उधर पदस्थ किया है। सूखी सेवनिया थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी को थाना प्रभारी बैरसिया बनाया गया है, जबकि बैरसिया थाना प्रभारी वीरेंद्र सेन को रक्षित केंद्र भेजा गया है।

इसी प्रकार रक्षित केंद्र में पदस्थ नरेंद्र कुलस्ते को थाना बिलखिरिया की कमान सौंपी गई है, जबकि बिलखिरिया थाना प्रभारी उमेश कुमार चौहान को रक्षित केंद्र भेजा गया है। इधर रक्षित केंद्र में पदस्थ अरुण शर्मा को सूखी सेवनिया थाना प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। इसके पहले नजीराबाद थाना प्रभारी रहे दुर्जन सिंह बरकड़े के डीएसपी बनने के बाद शहवाज खान को थाना प्रभारी बनाया गया था।

## सड़क दुर्घटना में मारे गए युवा व्यवसायियों के परिजनों को 3 करोड़ 5 लाख 50 हजार रुपए का मुआवजा

### इटारसी से होशंगाबाद जाते समय सड़क दुर्घटना में हुई थी तीन युवाओं की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इटारसी से होशंगाबाद जाते समय सड़क दुर्घटना में मारे गए होशंगाबाद के 3 युवा व्यवसायियों के परिवार वालों को मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल (एमएसीटी) के पीठासीन अधिकारी न्यायाधीश जयंत शर्मा ने कुल 3,5,50,000 रुपए मुआवजा राशि देने का आदेश दिया है।

ट्रिब्यूनल ने तीनों मृतकों के परिवार वालों एवं गंभीर रूप से घायल व्यक्ति के अधिवक्ताओं आरके हिंगोरानी और सनी हिंगोरानी द्वारा दायर प्रकरण की सुनवाई के बाद मृतकों की आय के आधार पर उनके परिवार वालों एवं गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अलग-अलग मुआवजे की राशि प्रदान किए जाने के आदेश दिए हैं। ट्रिब्यूनल ने 38 वर्षीय संदीप मूलचंदानी की पत्नी, तीन अवयस्क बच्चे एवं वृद्ध माता को 1,16,08,219 रुपए, 35 वर्षीय की पत्नी, तीन अवयस्क बच्चे एवं वृद्ध माता को 63,49,800 रुपए एवं 34 वर्षीय सागर नवलानी की पत्नी, तीन अवयस्क बच्चे एवं वृद्ध माता-पिता तथा दादी को 96,79,296 रुपए की मुआवजा राशि अदा किए जाने का आदेश दिया है। गंभीर रूप से घायल संस्कार अंदानी को 29,13,447 रुपए की मुआवजा राशि देने का आदेश दिया है। नर्मदापुरम मप्र निवासी 38 वर्षीय संदीप मूलचंदानी, 35 वर्षीय सूरज आहूजा एवं 34 वर्षीय सागर नवलानी व्यवसायी थे।

#### 13 फरवरी 2025 को हुआ था हादसा

13 फरवरी 2025 को यह लोग अपने एक अन्य मित्र संस्कार अंदानी के साथ कार द्वारा इटारसी से नर्मदापुरम वापस आ रहे थे। इसी दौरान नवोदय विद्यालय के सामने इटारसी रोड पवारखेड़ा थाना देहात नर्मदापुरम मप्र रात के 1 बजे ट्रक क्रमांक एमपी 09-एचजी 2630 के चालाक संजू जौहर द्वारा लापरवाहीपूर्वक ट्रक चलाकर अचानक ब्रेक लगा दिए थे। ट्रक के अचानक रुक जाने के कारण कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकराकर पलट गई थी। कार के पलट जाने से कार में बैठे हुए संदीप मूलचंदानी, सूरज आहूजा, सागर नवलानी एवं संस्कार अंदानी को प्राणघातक गंभीर चोटें आईं थीं।

## पार्षद खटीक ने नप में नियुक्तियों और कार्यप्रणाली की जानकारी के लिए लगाई आरटीआई

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद औबेदुल्लागंज की कार्यप्रणाली एवं नियुक्तियों को लेकर प्रतिपक्ष नेता एवं पार्षद राजेश खटीक ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदन में नगर परिषद द्वारा वर्ष 2022 से 2026 के बीच की गई नियुक्तियों का पूरा विवरण, नियुक्त कर्मचारियों के नाम, पद, नियुक्ति प्रक्रिया तथा शासन के नियमों के अनुसार की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी गई है। इसके अलावा वर्ष 2022 से अब तक नगर परिषद द्वारा खरीदी गई सामग्री, उपकरण एवं अन्य वस्तुओं की जानकारी हैं। प्रतिपक्ष नेता एवं पार्षद राजेश खटीक ने आवेदन में यह भी पूछा कि नगर परिषद में किन कर्मचारियों की नियुक्ति किस नियम के तहत की गई तथा क्या इन नियुक्तियों में शासन के नियमों का पालन किया गया। साथ ही पूर्व में नगर परिषद में सीएमओ के रूप में कार्यरत राजकुमार शर्मा के कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों एवं खर्चों से संबंधित जानकारी भी मांगी गई है। आरटीआई आवेदन 20 जुलाई को प्रस्तुत किया है।



## गुरु शिष्य के मिलन का पर्व गुरु पूर्णिमा आज, बड़ी संख्या में श्रद्धालु लें गुरु दीक्षा

### श्रद्धालु कर रहे शिव अभिषेक, आज होगा विशाल भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर के राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित संतोष तिवारी शास्त्री चित्रकूट धाम के निज निवास वार्ड 12 अर्जुन नगर में बुधवार को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

कथावाचक संतोष तिवारी शास्त्री ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर्व गुरु शिष्य के मिलन का पर्व होता है। गुरु पूर्णिमा पर गुरु से प्रसाद लेने, गुरु महाराज के दर्शन करने से 1 वर्ष के कष्ट परेशानी सब टल जाती हैं। निज निवास पर शास्त्री जी के यहां, गुरु पूजन एवं गुरु दीक्षा देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। चित्रकूट धाम से आए हुए वैदिक ब्राह्मण के द्वारा 5 दिन का महामृत्युंजय का जाप भी चल रहा है। इस अवसर पर कृष्णा तिवारी वचन लोधी आरती यादव, अरुण भावसार, धर्मेंद्र चौरसिया एवं नगर के अन्य श्रद्धालु शिव अभिषेक कर रहे हैं।


महामृत्युंजय जाप और अभिषेक करते श्रद्धालु।

## साधु वासवानी, मुकिता इन्टरनेशनल स्कूल में छात्र परिषद के चुनाव आयोजित

# विद्यालय हो या देश, अगर नेता अच्छा होगा तो उसका विकास होना निश्चित हैं : रामनानी

बच्चों को चुनाव प्रक्रिया का ज्ञान करवाना तथा विद्यालय में उनकी भागीदारी से जोड़ना मुख्य उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल, मुकिता इन्टरनेशनल स्कूल में मंगलवार को छात्र परिषद के चुनाव प्रजातांत्रिक पद्धति से संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया के शुभारंभ में सभा के सचिव कन्हैयालाल रामनानी ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि छात्र परिषद प्रजातांत्रिक की सीढ़ी है, जिसके तहत हम चुनाव करवाते हैं। विद्यालय में चुनाव का उद्देश्य बच्चों को चुनाव प्रक्रिया का ज्ञान करवाना तथा विद्यालय से उनकी भागीदारी से जोड़ना है। इससे विद्यार्थियों को स्कूल के प्रति अपने कर्तव्य एवं दायित्व का बोध होता है। उन्होंने कहा विद्यालय हो या देश अगर नेता अच्छा होगा तो उसका विकास होना निश्चित हैं। उपप्राचार्या स्वाती कलवानी, दीपा आहूजा आदि बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मंच संचालन ममता जनयानी द्वारा किया गया।



### वोटिंग प्रक्रिया की सराहना

चुनावी प्रक्रिया उपप्राचार्या स्वाति कलवानी एवं रुपाली मेशराम की देखरेख में संपन्न करवाई गई। कार्यक्रम में जनक थद्धानी, वार्ड पार्षद राजेश हिंगोरानी, गुलाब जेठानी, नंद दादलानी, भगवान बाबानी, बंसत चेलानी, राज कुमार थावानी एवं रवि नाथानी ने वोटिंग प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की चुनाव प्रक्रिया से बच्चों को वोट करने की प्रक्रिया का ज्ञान होगा और वे आसानी से अपना मत अच्छे प्रत्याशी को दे सकेंगे।

### इन विद्यार्थियों ने चुनाव में जीत हासिल की

मुकिता इंटरनेशनल स्कूल के हैड ब्वाय पद पर सुमित मेवाड़ा 176, हैड गर्ल के पद पर प्रियंका थद्धानी 103, डिप्टी हैड गर्ल निकिता अहिरवार 132 , डिप्टी हैड ब्वाय अंश मालवीय 124, डिसीप्लेन सेकेट्री सोनालिका मेहर 103, कल्चरल सेकेट्री निशा वर्मा, हेल्थ एंड हाईजिन सेकेट्री मुस्कान लोधी 139, स्पोर्टस सेकेट्री गर्ल यासिका रामनानी 173, स्पोर्टस सेकेट्री ब्वाय मनीष गुप्ता 143, टूरिज्म सेकेट्री परी सोनगरा 131, परफेक्ट सेकेट्री लोकेश सांखला 101, कृष्णा जाटव 109 ने वोट जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी तरह साधु वासवानी स्कूल के जीतने वाले प्रत्याषियों में हैड ब्वॉय आषीष बारेसा 60, डिप्टी हैड ब्वाय रामजी पटेल 56, स्पोटर्स सेकेट्री पंकज लोधी 65, कल्चरल सेकेट्री जिगर गांगले 78, डिसीप्लेन सेकेट्री शिवराज सिंह राठौर, हेल्थ एंड हाईजिन सेकेट्री आशीष वर्मा 70, टूरिज्म सेकेट्री कृष्णा मेंवाड़ा 65, परफेक्ट सेकेट्री विनय रॉव खैरात 60 हर्षित विष्वकर्मा 59, हर्ष वर्धन चौहान 55 वोटों से जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

## नंदीश्वर विधान एवं सिद्धचक्र विधान का भव्य आयोजन

### जिनालयों में श्रद्धालु कर रहे अर्घ्य अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



नगर में अष्टानिक पर्व पर पार्श्वनाथ जिन मन्दिर में बुधवार को नंदीश्वर विधान एवं सिद्धचक्र विधान का भव्य आयोजन किया गया। नंदीश्वर विधान-आष्टानिक पर्व, जैन धर्म का पवित्र और सर्वोच्च अनुष्ठान है। यह एक अनादि निधन पर्व है, जो आषाढ़, कार्तिक और फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष के अंतिम 8 दिनों में मनाया जाता।

नंदीश्वर विधान मनोज जैन, सुषमा जैन, कविता जैन, रेखा जैन ने किया, अर्घ्य समर्पण वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन, मुकेश जैन, नेहिल शानू, आयुष जैन ने किए। सिद्धचक्र विधान जैन धर्म का महत्वपूर्ण अनुष्ठान है,जो कर्मों के क्षय और पापों के क्षय तथा आत्मिक शांति के लिए 8 दिनों तक किया जाता है। यह विधान, डॉ. मीना, मीना भंडारी, प्रदीप शिरोमणि भंडारी, आशारानी भंडारी, इंद्रा जैन, संगीता जैन, भारती जैन, सारिका जैन आदि ने किया। अनुराग नीति जैन ने 1004 अर्घ्य समर्पित किए।

11 माह बाद एग्रीमेंट हो जाएगा पूरा, हर माह बसों में आ रही खराबी

# शहर की सड़कों पर चल रहीं 62 लो फ्लोर बसें हटेंगी कंडम बसों का उपयोग वेस्ट टू बेस्ट मॉडल पर होगा

**धूल खा रहीं बसें**
- डिपो में रखी हैं कंडम बसें, खा रहीं धूल
- 2013 में 100 बसों से शुरू हुई थी लो-फ्लोर बसों की शुरुआत
- 13 साल बाद शहर के लोगों को मिली आधुनिक बस सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की सड़कों पर दौड़ने वाली लो-फ्लोर बसें अब धीरे-धीरे सड़कों से हटना शुरू हो जाएंगी। कारण ई-बसों का संचालन शुरू होना है। यात्रियों को अब आधुनिक सुविधाओं से लैस बसों में यात्रा करने का मौका मिलेगा। बीसीएलएल और बसों के संचालन करने वाली एजेंसी के बीच आगामी 11 माह बाद एग्रीमेंट भी खत्म हो रहा है। तीन माह पहले तक 90 बसें चल रही थीं, उनकी संख्या घटकर अब 62 रह गई है। जो बसें खराब हैं बीसीएलएल उनका उपयोग वेस्ट टू बेस्ट मॉडल पर करेगा। इसका उपयोग एमपी नगर चौराहे पर एक बस के रूप में किया गया है, जिसे लोगों के बैठने और आराम करने के लिए बस स्टाप पर रखा गया है।



शहर में 2013 में लो-फ्लोर बसों की शुरुआत हुई थी। पहले 100 बसों से संचालन शुरू हुआ था। बाद में इनकी संख्या बढकर 350 से ज्यादा हो गई थी। इन बसों में रोजाना 50 से 60 हजार यात्री सवार होते थे, लेकिन धीरे-धीरे बसें कंडम होना शुरू हो गईं और एजेंसी के बीच विवाद के चलते बसों की संख्या घट गई।

### 7 रूटों पर अब 62 बसें

शहर की सड़कों पर 350 से अधिक बसों के साथ पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम शुरू किया गया था, लेकिन टिकट कलेक्शन, किराया बढ़ोतरी और हाईकोर्ट में याचिका दायर होने से बीसीसीएल और बस ऑपरेटरों के बीच विवाद गहरा गया, जिसके बाद बस ऑपरेटरों ने करीब 200 से अधिक बसों का संचालन बंद कर दिया। फिलहाल 7 व्यस्त रूटों पर 62 बसों का संचालन हो रहा है।

### 18 रूटों पर संचालन बंद

- मेट्रो कार्य व अन्य कारणों से 18 रूटों पर बस का संचालन बंद है। बीते तीन माह में ही बसों की संख्या 90 से घटकर 62 ही रह गई।
- बीसीएलएल का तर्क- एग्रीमेंट खत्म होने पर बंद हो जाएंगी बसें
- बीसीएलएल के मैनेजर रोहित यादव का कहना है कि जो एजेंसी बसों का संचालन कर रही है उसका एग्रीमेंट 11 माह बाद खत्म हो जाएगा। अब ई-बसों का संचालन शुरू हो रहा है। यह बसें पूरी तरह से सडकों से हट जाएंगी। इसका उपयोग बेस्ट टू वेस्ट मॉडल पर किया जाएगा।

## महेंद्र गोयनका को नहीं मिली राहत चार दिन की बढ़ाई गई रिमांड अवधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

कोलकत्ता पुलिस ने कटनी निवासी विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक की पारिवारिक कंपनियों से 1000 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप में रायपुर निवासी महेंद्र गोयनका को दस दिनों की रिमांड पूरी होने पर आज कोर्ट में पेश किया गया था कोर्ट में दोनों पक्षों की बहस एवं पुलिस द्वारा अब तक की गई जांच से संतुष्ट होकर माननीय न्यायालय से पुलिस द्वारा प्रकरण से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच के लिए आरोपी महेंद्र गोयनका को पुनः रिमांड जारी करने का आग्रह किया था जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी महेंद्र गोयनका को पुनः चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा दिया गया।

अब चार दिन की पुलिस रिमांड मिलने के बाद कंपनियों को हड़पने,करोड़ों रुपए वित्तीय लेन-देन में कथित अनियमितताओं धोखाधड़ी भ्रष्टाचार तथा कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से कंपनी पर अवैध कब्जा करने के आरोपों की जांच अब और तेज हो गई है। पुलिस अनुसार जांच एजेंसी को अब तक की पूछताछ और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुई है।

**खबर संक्षेप**

### ट्रिपल आईटी-मेपकास्ट के तत्वावधान में होगी इंडस्ट्री-एकेडमिया मीट

**भोपाल।** राजधानी स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) और मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) के संयुक्त तत्वावधान में 30 जुलाई को इंडस्ट्री-एकेडमिया मीट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें उद्योग जगत, शिक्षा जगत और अनुसंधान क्षेत्र की कई जानी-मानी हस्तियां एक मंच पर उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योग और शिक्षा के बीच सहयोग को नई दिशा देना तथा नवाचार, अनुसंधान एवं स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. आशुतोष कुमार सिंह, निदेशक, ट्रिपल आईटी और डॉ. अनिल कोठारी, महानिदेशक, मेपकास्ट, डॉ. विजय मनोहर तिवारी, कुलगुरु, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि, प्रो. के. के. शुक्ला, निदेशक, मैनिट और प्रो. सुधीर सिंह भदौरिया, निदेशक, यूआईटी आरजीपीवी रहेंगे। इस दौरान डॉ. अनिल कोठारी का विशेष उद्बोधन रहेगा। प्रो. के.के. शुक्ला, प्रो. विजय मनोहर तिवारी और प्रो. सुधीर सिंह भदौरिया अपने विचार साझा करेंगे। साथ ही उद्योग स्टार्टअप विशेषज्ञ भी व्याख्यान देंगे।

### सीएम ने आयुष्मान में मप्र को राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत मप्र को राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, स्वास्थ्य विभाग, आयुष्मान भारत निरामयम् मध्यप्रदेश की टीम तथा योजना से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का मप्र में प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान प्राप्त हुआ है। कैबिनेट के सदस्यों ने भी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं।

### वक्फ बोर्ड ने मकान करवाया खाली

**भोपाल।** नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने मंगलवार को मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड की कार्यवाही में सहयोग करते हुए ईदगाह मस्जिद परिसर से एक मकान खाली कराने की कार्रवाई की। इसके अलावा अमले ने गांधी नगर महावीर वार्ड में शासकीय भूमि पर बना पक्का कालम तोडने की कार्रवाई की गई।

दतिया चुनाव: जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदेश किया जारी

# चुनाव प्रचार समाप्ति के बाद बाहरी लोगों को जिला छोड़ने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा उप चुनाव-2026 के तहत जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जिला दण्डाधिकारी एवं निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखड़े ने आदेश जारी कर निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

आदेश के अनुसार चुनाव प्रचार में लगे प्रत्याशियों एवं राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा अन्य बाहरी व्यक्तियों को मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व, अर्थात 28 जुलाई की शाम 6 बजे तक दतिया जिले की सीमा छोड़नी होगी। पुलिस अधीक्षक को इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत धर्मशालाओं, सामुदायिक भवनों, लॉज एवं होटल आदि की जांच कर बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया जाएगा।

जिले की सीमाओं पर जांच चौकियां स्थापित कर आने-जाने वाले वाहनों की निगरानी की जाएगी तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं अवैध हथियारों की जांच भी की जाएगी। मतदान से 72 घंटे पूर्व अंतरराज्यीय एवं अंतरजिला सीमाओं पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 28 जुलाई शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि में किसी भी प्रकार की सार्वजनिक सभा, जुलूस, रैली या पांच से अधिक लोगों की बैठक आयोजित नहीं की जा सकेगी। हालांकि निर्वाचन आयोग के




निर्देशानुसार घर-घर जाकर व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से प्रचार की अनुमति रहेगी। इसके अतिरिक्त प्रचार समाप्ति के बाद 48 घंटे की अवधि में किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रोक रहेगी।

साथ ही मतदान केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में किसी भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी का चुनाव कार्यालय संचालित नहीं किया जा सकेगा। भीड़ एकत्रित करने की अनुमति भी नहीं होगी। इन निर्देशों का उद्देश्य विधानसभा उप निर्वाचन-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना है।

### मतदान के लिए आज पॉलीटेक्निक कॉलेज से होगा सामग्री का वितरण

रिटर्निंग ऑफिसर दतिया ने बताया कि दतिया विधानसभा उप निर्वाचन अंतर्गत 30 जुलाई को मतदान सम्पन्न कराने के लिए 29 जुलाई बुधवार को सुबह 5 बजे से शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज दतिया से सामग्री का वितरण किया जाएगा। इसके लिए आदेश जारी कर विभिन्न अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### दतिया विधानसभा उप चुनाव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में प्रशासन ने किए व्यापक इंतजाम

**भोपाल।** दतिया विधानसभा उप चुनाव-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई हैं। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतदान से लेकर मतगणना तक प्रत्येक व्यवस्था को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में विभिन्न स्तरों पर निरीक्षण, प्रशिक्षण, सुरक्षा व्यवस्था, मतदाता जागरूकता तथा मतदान दलों की तैयारियों पूरी हो गई हैं।

**स्ट्रांग रूम एवं निर्वाचन व्यवस्थाओं का सतत निरीक्षण:** शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम सहित निर्वाचन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं का सतत स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष, सामग्री वितरण एवं सामग्री जमा करने के कक्षों की तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया गया है। साथ ही सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा व्यवस्था एवं बैरीकेडिंग की समीक्षा कर कार्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप समयबद्ध रूप से पूर्ण किया गया है।

**मतदान सामग्री वितरण एवं पार्किंग की विशेष व्यवस्था:** मतदान सामग्री के सुचारु वितरण एवं प्राप्ति के लिए पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं। प्रत्येक काउंटर से 10 से 12 मतदान केंद्रों की सामग्री का वितरण एवं वापसी होगी, जिससे प्रक्रिया तेज एवं सुव्यवस्थित रहे। वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए परिसर में पर्याप्त टेंट लगाने, बसों की क्रमबद्ध पार्किंग, वाहनों के बीच पर्याप्त दूरी बनाए रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर क्रेन की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। मतदान दलों से निर्धारित समय का पालन करने एवं अपने साथ छाता रखने के लिए भी कहा गया है।

अरेरा कॉलोनी के रहवासियों को मिला अन्य का समर्थन

## अवैध निर्माण को लेकर नए भोपाल के रहवासियों की बैठक, रहवासी-व्यापारी आए आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अरेरा कॉलोनी के रहवासियों द्वारा आवासीय भूखंडों पर हो रहे अवैध व्यावसायिक निर्माण एवं गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान को अब शहर के अन्य आवासीय क्षेत्रों का भी व्यापक समर्थन मिलने लगा है। मंगलवार को अरेरा कॉलोनी में आयोजित बैठक में गौतम नगर, रचना नगर, शाहपुरा, त्रिलंगा, गुलमोहर कॉलोनी सहित अनेक क्षेत्रों के रहवासियों ने इस मुहिम में साथ आने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि यदि आवासीय कॉलोनियों को अवैध निर्माण और व्यावसायिक अतिक्रमण से नहीं बचाया गया तो पूरे भोपाल की नियोजित आवासीय व्यवस्था गंभीर संकट में पड़ जाएगी।

सभी रहवासी संगठनों ने भोपाल नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि नगर निगम की उदासीनता के कारण आवासीय क्षेत्रों में लगातार नियमों का उल्लंघन हो रहा है। याचिकाकर्ता पूर्णेंदु शुक्ला ने कहा कई शिकायतों,



जन सुनवाइयों और न्यायालय के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद अवैध निर्माणों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे अवैध निर्माण करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

रहवासी विवेक त्रिपाठी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि आवासीय भूमि पर किए गए अवैध निर्माणों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें हटाया जाए। जिसके बाद मेरठ में बड़ी संख्या में आवासीय परिसरों में संचालित मॉल,होटल आधी को तोड़ने की कार्यवाही की गई थी, लेकिन भोपाल में रसूखदार लोगो के आगे प्रशासन बेबस नजर आ रहा है। अरेरा व्यावसिक काम्प्लेक्स संघ के नीरज गुलाटी ने कहा की निगम के कार्यप्रणाली को लेकर हमने अपनी तैयारी पूरी कर ली है, जिसमें उनके द्वारा सर्वोच्च न्यायलय के पूर्व के आदेशो का हवाला दे कर अवमानना याचिका लगाई जा रही है। शाहपुरा आवासीय संघ की अध्यक्ष शुभ्रा श्रीवास्तव का कहना है की अगर यदि संबंधित अधिकारी न्यायालय के निर्देशों का पालन सुनिश्चित नहीं करते हैं, तो यह न्यायालय के आदेशों की अवहेलना का विषय बनता है।

## आज पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा महर्षि सांदीपनि गुरू पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कारों और राष्ट्रनिर्माण के मूल्यों से नई पीढ़ी को जोड़ने के लिए इस वर्ष गुरु पूर्णिमा (29 जुलाई) को पूरे मध्य प्रदेश में महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों में गुरु-पूजन, सांस्कृतिक व साहित्यिक कार्यक्रम, छात्र-शिक्षक संवाद और भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा पर आधारित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार एवं श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी तिवारी ने बताया कि इस पर्व का मुख्य आकर्षण भगवान श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ होगा। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास द्वारा आयोजित इस योजना के तहत प्रदेश भर के 102 मेधावी विद्यार्थियों (51 विद्यालयीन एवं 51 महाविद्यालयीन, विश्वविद्यालयीन) का चयन किया जाएगा। चुने गए हर विद्यार्थी को एक लाख रुपए की प्रोत्साहन छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

कलियासोत डैम किनारे हुई थी रैली

## वेटलैंड पर मड रैली के स्टंटबाजों पर मामला दर्ज, 10 कारें भी जब्त

कार नंबरों से वाहन मालिकों की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलियासोत डैम के वेटलैंड एरिया में खतरनाक मड रैली और हुड़दंग पर विवाद के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। स्टंटबाजों पर एफआईआर दर्ज की गई, जबकि 10 कारें जब्त की हैं। नंबरों के जरिए मालिकों की तलाश की जा रही है। रातीबड़ पुलिस ने स्टंटबाजी में उपयोग की गई जिप्सी, थार जैसी गाड़ियां जब्त की है। वहीं स्टंटबाजों को दबोचा। इनके विरुद्ध खतरनाक ढंग से वाहन चलाने, उपेक्षापूर्ण वाहन चलाने, मानव जीवन पर संकट उत्पन्न करने, प्राकृतिक जलाशयों को प्रदूषित करने,



संक्रमण फैलाने पर केस दर्ज किया गया। यह मड रैली रविवार 28 जुलाई को निकाली गई थी।

पार्क विकास और मंदिर निर्माण को लेकर हुआ बीते दिन हुआ था विवाद

## बजरंग दल ने चूना भट्टी आम्रपाली एनक्लेव के शिव मंदिर में किया अभिषेक और महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के चूना भट्टी इलाके में आम्रपाली एनक्लेव में पार्क के विकास और उसमें शिव मंदिर बनाने को लेकर हुए विवाद के दूसरे दिन मंगलवार को हिन्दू संगठनों, बजरंग दल व आस-पास के रहवासियों ने शिव मंदिर में किया अभिषेक और महा आरती की। बजरंग दल के मंत्री मोहित सोनी के नेतृत्व में चूना भट्टी स्थित आम्रपाली एनक्लेव में भगवान शिव का अभिषेक और महाआरती की गई। साथ ही कॉलोनी वासियों को आश्वस्त किया गया। किसी भी प्रकार से डरने की आवश्यकता नहीं है।



सभी हिंदू समाज आपके साथ खड़ा हुआ है। पुलिस प्रशासन जल्द से जल्द आपराधिक प्रकरण दर्ज करने को लेकर चेतावनी ही है। एफआईआर दर्ज नहीं होने पर हिन्दू संगठन आंदोलन करेंगे। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें मप्र के पूर्व मुख्य सचिव एवी सिंह की बहू उजमा रजा पार्क में चल रहे विकास कार्य और मंदिर को लेकर सोसायटी की अध्यक्ष मोहक शर्मा और बाकी सदस्यों के साथ बहस कर रहीं हैं और शिव मंदिर को अपशब्द कहती नजर आ रही थीं।

## ट्रक को बचाने में पलटी कार, नाबालिग की मौत

**भोपाल।** कटारा हिल्स इलाके में मंगलवार सुबह ट्रक से बचने के प्रयास में एक कार असंतुलित होकर पलट गई। हादसे में कार चला रहे एक नाबालिग की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से उसके पिता भी सदमे में आ गए। उनका भी इलाज चल रहा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना सेज यूनिवर्सिटी सिटी के सामने मंगलवार सुबह लगभग नौ बजे हुई थी। हादसे में वरिष्ठ पत्रकार चंद्रमोहन दुबे के पुत्र समर्थ दुबे (17) की मौत हो गई है। वे ब्रिटिश पार्क कॉलोनी में रहते थे। घटना के वक्त समर्थ दुबे कार चलाते हुए सेज कॉलेज में पढ़ने वाली बहन सृष्टि को छोड़ने जा रहे थे। तभी उनके सामने ट्रक आ गया। जिससे बचने के लिए कार मोड़ी तो वह असंतुलित होकर पलट गई। हादसे में समर्थ दुबे की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि उसकी 20 वर्षीय बहन सृष्टि की हालत गंभीर है। मामले की जांच कटारा हिल्स पुलिस कर रही है। हादसे की जानकारी माता-पिता को दी गई तो पिता बेसुध हो गए। पुलिस ने एम्स में पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

- बहन को सेज कॉलेज छोड़ने जा रहा था

केंद्रीय जेल में स्क्रीनिंग शिविर आयोजित

## हेपेटाइटिस दिवसः बंदियों की हेपेटाइटिस बी-टीबी स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर मंगलवार को हेपेटाइटिस स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया। इस वर्ष यह दिवस 'हेपेटाइटिस आइए इसे विस्तार से समझें, बाधाओं को तोड़ें' की थीम पर मनाया गया। यह दिवस हेपेटाइटिस बी वायरस की खोज करने वाले डॉ बरूच ब्लुमबर्ग की जन्मतिथि पर मनाया जाता है। राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल कार्यक्रम अंतर्गत केंद्रीय जेल में बंदियों की हेपेटाइटिस बी, सीएचआईवी, वीडीआरएल, एसटीआई, टीबी की स्क्रीनिंग की गई। शिविर में 203 बंदियों की जांच की गई, जिसमें से कोई भी पॉजिटिव नहीं पाया गया। केंद्र सरकार ने 2018 में राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। कार्यक्रम के तहत हेपेटाइटिस बी और सी से संक्रमित लोगों की स्वास्थ्य जटिलताओं और मृत्यु दर को कम करना है।

साइबर फ्रॉड मामलों में कोर्ट का बड़ा फैसला, बैंकों की भूमिका पर भी टिप्पणी

# अब पूरा बैंक अकाउंट नहीं होगा फ्रीज, सिर्फ विवादित राशि पर ही लगेगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाई कोर्ट ने साइबर फ्रॉड मामलों में पुलिस और जांच एजेंसियों द्वारा बैंक खातों को फ्रीज करने की प्रक्रिया पर एक बेहद महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि यदि फ्रॉड की विवादित राशि स्पष्ट रूप से चिन्हित है, तो केवल उसी रकम पर रोक लगाई जानी चाहिए, पूरे बैंक अकाउंट को फ्रीज करना पूरी तरह अनुचित है। न्यायमूर्ति हिमांशु जोशी की एकलपीठ ने भोपाल निवासी अर्चना शिवहरे की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह व्यवस्था दी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता ऐश्वर्य



साहू ने तर्क दिया था कि जांच के नाम पर पूरा खाता सीज करने से वैध कारोबार और दैनिक कामकाज ठप हो जाता है। इसलिए, केवल संदिग्ध राशि को ही सुरक्षित रखा जाए और बाकी पैसों के इस्तेमाल की अनुमति दी जाए। अदालत ने सख्त निर्देश दिए हैं कि जांच एजेंसियां यथासंभव केवल संदिग्ध राशि पर 'लियन' या 'डेबिट फ्रीज' लगाएं। पूरे खाते को फ्रीज करने का कदम केवल असाधारण परिस्थितियों में ही उठाया जा सकता है और इसके लिए लिखित में कारण दर्ज करना अनिवार्य होगा। हाई कोर्ट ने बैंकों की भूमिका पर भी बड़ी बात कही। कोर्ट ने कहा कि बैंक केवल आदेशों का पालन करने वाली संस्था नहीं हैं, बल्कि वे शिकायत निवारण का पहला माध्यम भी हैं। इसलिए, बैंकों को खाताधारक को खाता फ्रीज होने का कारण और राहत पाने की प्रक्रिया की जानकारी देनी होगी। जांच एजेंसियों को असाधारण परिस्थितियों में ही पूरा खाता फ्रीज करने की छूट, शिकायत सही पाए जाने पर 48 घंटे में खोलना होगा।

### पूरी प्रक्रिया के लिए समय-सीमा तय

शिकायत 7 दिनों में पोर्टल पर अपलोड होगी, जांच अधिकारी को 15 दिनों के भीतर निर्णय लेना होगा और यदि शिकायत स्वीकार या सही पाई जाती है, तो बैंकों को 48 घंटे के भीतर खाता दोबारा चालू करना होगा। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को इस आदेश की प्रति प्रदेश के सभी बैंकों, पुलिस थानों और साइबर क्राइम इकाइयों को भेजकर दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन कराने का निर्देश दिया है।

**हाईकोर्ट ने याचिका खारिज की**

### मप्र में जारी रहेगी खाद वितरण की ऑनलाइन व्यवस्था

मध्य प्रदेश में खाद वितरण की ऑनलाइन व्यवस्था 'ई-विकास' (डिस्ट्रीब्यूशन एंड एग्रीकल्चर फर्टिलाइजर सप्लाई सॉल्यूशन सिस्टम) को हाईकोर्ट ने हरी झंडी दे दी है। मंगलवार को जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने इसके खिलाफ दायर याचिका खारिज करते हुए व्यवस्था को सही ठहराया। अदालत ने कहा कि उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी और गैर-कृषि उपयोग रोकने के लिए लागू ई-टोकन प्रणाली केंद्र सरकार का नीतिगत फैसला है, जिसमें न्यायालय सीमित परिस्थितियों में ही हस्तक्षेप कर सकता है।

# जब भीड़ भी थी और बाघ भी... 'लेडी सिंघम' ने नहीं खोया साहस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक ओर बेकाबू भीड़ का गुस्सा था, दूसरी ओर खेत में छिपा बाघ। चारों तरफ चीख-पुकार, तनाव और अनिश्चितता का माहौल था। हालात ऐसे थे कि एक छोटी-सी चूक कई और जिंदगियां छीन सकती थी, लेकिन इसी भयावह दृश्य के बीच एक महिला अधिकारी पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी रही। न उसने अपना धैर्य खोया, न पीछे हटने का फैसला किया। यही हैं उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की रेंज ऑफिसर अंजू वर्मा, जिन्हें लोग आज 'लेडी सिंघम' के नाम से जानते हैं।

**गुस्साई भीड़ और बाघ के बीच डटी रहीं अकेली महिला रेंज ऑफिसर अंजु वर्मा से हरिभूमि की खास बातचीत**

## बाघ ने कई महिलाओं को मार डाला था

*हरिभूमि ने बाघ दिवस पर उनसे खास बातचीत की जिसमें उन्होंने अपने अनुभव साझा किए। अंजू ने बताया कि इसी वर्ष मई माह के अंतिम सप्ताह में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के निकट एक महिला की बाघ के हमले में मौत हो गई। घटना के बाद हजारों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। आक्रोश इतना बढ़ गया कि वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को घेर लिया गया और उनके साथ मारपीट भी की गई। इस पूरे घटनाक्रम के बीच अंजू वर्मा अपनी टीम की अकेली महिला अधिकारी थीं। करीब चार से पांच घंटे तक भीड़ ने उन्हें घेरकर रखा, अभद्रता और मारपीट भी की, लेकिन उन्होंने संयम नहीं खोया।*


रेंजर अंजू वर्मा अपनी टीम के साथ।

## बहादुरी और नेतृत्व क्षमता के लिए वन विभाग ने किया सम्मानित

हरिभूमि से बातचीत में अंजू वर्मा ने बताया कि उस समय सबसे बड़ी चुनौती भीड़ के गुस्से को शांत करना और बाघ को सुरक्षित निकालना था। मैंने ग्रामीणों को समझाया, पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और पूरी टीम का मनोबल बनाए रखा। हालांकि बाद में रेस्क्यू अभियान के दौरान बाघ की मौत हो गई, लेकिन तनावपूर्ण हालात में दिखाई गई बहादुरी और नेतृत्व क्षमता के लिए वन विभाग द्वारा अंजू वर्मा को 25 हजार की सम्मान राशि देकर सम्मानित भी किया गया।

## आए दिन बाघ से सामना होना है सामान्य बात

वर्ष 2016 बैच की रेंज ऑफिसर अंजू वर्मा कहती हैं कि मेरी पहली पोस्टिंग सिवनी के खवासा रेंज में हुई थी। प्रशिक्षण के दौरान हमें सबसे पहले यही सिखाया जाता है कि जंगल जंगली जानवरों का घर है, हम उसमें जाकर बसते हैं, वहां सर्च आपरेशन और वन्य प्राणी और वनवासियों के बीच सामंजस्य बनाकर रखते हैं। इसलिए हमारी नौकरी के दौरान बाघ से हमारा सामना होना सामान्य बात है। ऐसे में घबराने के बजाय उसके व्यवहार को समझना और स्थिति को नियंत्रित करना ही एक वन अधिकारी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है।



## मुझसे महज 20 मीटर की दूरी से निकला बाघ

सिवनी पोस्टिंग के दौरान एक धान के खेत में बाघ घुस गया और उसके चारों ओर भीड़ जमा थी। खेत के पीछे जंगल था, जहां फेंसिंग लगी हुई थी। लगातार प्रयासों के बाद बाघ उसी दिशा में बढ़ा और फेंसिंग लांघकर जंगल की ओर निकल गया। उस दौरान बाघ मुझसे महज लगभग 20 मीटर की दूरी से गुजरा।

## अब डर मेरे जीवन से हो चुका है बहुत दूर

वह मुस्कुराते हुए कहती हैं, बाघ से हमारा सामना अक्सर होता है। कभी वह ऑफिस के सामने से निकल जाता है, तो कभी जंगल के बीच बने सरकारी आवास के पास दहाड़ता हुआ गुजरता है। अब डर मेरे जीवन से बहुत दूर हो चुका है।



## खबर संक्षेप



### कलाव्योम फाउंडेशन ने की राज्यपाल से भेंट

**भोपाल।** कलाव्योम फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीमाल के नेतृत्व में परेश प्रजापति एवं मोहित सिंह ने लोक भवन, भोपाल में मप्र के राज्यपाल मंगूभाई पटेल से मुलाकात की। इस अवसर पर श्रीमाल ने राज्यपाल को कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा प्रदेश में संचालित विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, कौशल विकास प्रशिक्षण एवं शैक्षिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। विशेष रूप से कलाव्योम की ज्ञानव्योम पहल तथा मालवा क्षेत्र के जनजातीय बहुल जिलों में प्रस्तावित जनजातीय लोककला संरक्षण, कौशल विकास एवं आजीविका संवर्धन अभियान की रूपरेखा से उन्हें अवगत कराया।

### कल जुटेंगे शिक्षा और उद्योग जगत के दिग्गज

**भोपाल।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) भोपाल एवं मप्र काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (मैपकास्ट) द्वारा 30 जुलाई, शाम 5 से 8 बजे तक होटल पलाश में इंडस्ट्री-एकेडमिया मीट का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का विषय राष्ट्र निर्माण में उद्योग और शिक्षा जगत की साझेदारी है। कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योग, शिक्षा और अनुसंधान के बीच मजबूत सहयोग स्थापित कर नवाचार, कौशल विकास, स्टार्टअप संस्कृति और आत्मनिर्भर भारत के विजन को गति देना है। कार्यक्रम का उद्घाटन ट्रिपल आईटी भोपाल के निदेशक प्रो. आशुतोष कुमार सिंह, मैपकास्ट के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी की उपस्थिति में होगा।

## रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में बैले नृत्य नाटिका 'स्वर बिंब' की प्रस्तुति

# अधूरे प्रेम की कसक को मंच पर जीवंत करता 'स्वर बिंब'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रेम में न मिलने की पीड़ा ज्यादा दुखदाई होती हैं, लेकिन इसी बीच मिलने की फेंटेसी स्वप्न का स्वरूप ले लेती है। प्रेमी प्रेमिका के मिलन की कहानी पर आधारित बैले नृत्य नाटिका 'स्वर बिंब' का मंचन रंगश्री लिटल बैले ट्रूप में किया गया। स्वप्न कथा पर आधारित इस नृत्य नाटिका में में जापानी संगीतकार कोजीकी कितरो के संगीत ने चार चांद लगा दिए।

इस रोचक कल्पना को दृष्यबंध में नियोजित करने का काम कवि-नाटककार राजेश जोशी ने तथा प्रभात गांगुली की परिकल्पना से सुज्जित इस प्रस्तुति का रूप और कोरियोग्राफी नृत्यकार प्रताप महंता ने की।

नाटक के माध्यम से मंच पर वियोग की ऐसी प्रेम कथा को मंचित किया गया, जिसमें नायक की अपनी प्रेमिका को न पा सकने की त्रासदी मूर्त हुई। प्रस्तुति का ट्रीटमेन्ट नाट्य रूप से ज्यादा प्रगीतात्मक रहा।


बैले नृत्य नाटिका 'स्वर बिंब' का मंचन करते कलाकार।



### प्रेमिका को न पा सकने की कसक में डूबे प्रेमी की कहानी

नाटक की कहानी बिना किसी पारंपरिक कथा क्रम के प्रस्तुति सूक्ष्म, सांकेतिक, विछिन्नन और स्वप्न की तरह का प्रभाव दर्शकों पर छोड़ती हुई नजर आई। कहानी एक तरह से प्रेम में जिन लोगों को कुछ नहीं मिलता या प्रेमिका को न पा सकने की एक कसक में डूबे हुए नायक की कहानी को दर्शाया गया। इस नाटक के माध्यम से न मिलने की दुश्वारियां के दौरान कैसे फेंटेसी डेवलप होती है और उसमें नायक सपना देखता हैं को बेहद ही उम्दा ढंग से दर्शाया गया।


नाटक का मंचन करते कलाकार।

## महिला पॉलिटेक्निक में ओरिएंटेशन प्रोग्राम

# साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम पर विशेषज्ञों ने दिया व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम के द्वितीय दिवस का मुख्य आकर्षण साइबर सुरक्षा एवं साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान रहा। कार्यक्रम में राहुल जैन, सहायक महानिदेशक डिजिटल इंटेलिजेंस यूनिट ने छात्राओं को बढ़ते साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, ओटीपी एवं बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया सुरक्षा तथा डिजिटल सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया।

उन्होंने भारत सरकार के 'संचार साथी' पोर्टल की उपयोगिता बताते हुए इसके माध्यम से मोबाइल चोरी, फर्जी सिम एवं साइबर धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी दी। व्याख्यान के दौरान छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।



### 5जी लैब के विजन, मिशन की दी जानकारी

इसके पश्चात रश्मि करंदीकर, सहायक निदेशक, एमपीएलएसए, दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार विभाग द्वारा स्थापित 5जी लैब के विजन, मिशन एवं उसके शैक्षणिक और तकनीकी महत्व की जानकारी दी तथा छात्राओं को नई तकनीकों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में छात्राओं को महाविद्यालय की विभिन्न छात्र हितैषी योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी प्रदान की।


महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी।

## 'एक पेड़, एक ज़िंदगी' अभियान के तहत किया पौधरोपण

# मानव संग्रहालय परिसर में 1000 पौधों का रोपण दुर्लभ प्रजातियों के संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में मंगलवार को 'एक पेड़, एक ज़िंदगी' अभियान के तहत वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। करुणाधाम आश्रम, नगर निगम एवं मानव संग्रहालय द्वारा आयोजित इस अभियान में संग्रहालय परिसर में लगभग 1000 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में महापौर मालती राय, करुणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर सुरेश शांडिल्य महाराज तथा एडीजी (रेल) राजाबाबू सिंह सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।


'एक पेड़, एक ज़िंदगी' अभियान के तहत पौधरोपण करतीं महापौर व अन्य।

## क्रिस्प और मेनिट के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए

# ग्रीन हाइड्रोजन समेत स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्रों में मिलकर काम करेंगे क्रिस्प और मेनिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफॉर्मेंस (क्रिस्प) और मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मेनिट), भोपाल के बीच ग्रीन हाइड्रोजन एवं स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में कौशल विकास, अनुसंधान एवं स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर हुए।

यह साझेदारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के विजन के अनुरूप देश में ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रीन अमोनिया, डीकार्बोनाईजेशन तथा कार्बन न्यूट्रल तकनीकों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस सहयोग के माध्यम से युवाओं, उद्योगों और तकनीकी संस्थानों को भविष्य की उभरती प्रौद्योगिकियों के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाएगा। एमओयू के तहत दोनों संस्थान संयुक्त रूप से विद्यार्थियों, फैकल्टी, उद्योगों एवं तकनीकी विशेषज्ञों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, औद्योगिक परामर्श सेवाएं तथा तकनीकी परियोजनाओं का संचालन करेंगे।


क्रिस्प और मेनिट के बीच एमओयू के बाद दस्तावेज दिखाते हुए।

## भगवान श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति योजना से प्रतिभाओं को मिलेगा प्रोत्साहन

102 मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी एक लाख की एकमुश्त छात्रवृत्ति

# गुरु पूर्णिमा पर आज पूरे प्रदेशभर में मनाया जाएगा महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में इस वर्ष गुरु पूर्णिमा 29 जुलाई को पूरे प्रदेश में महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा भगवान श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति योजना की स्थापना की जाएगी, जिसके अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जित 14 विद्याओं, 64 कलाओं, महर्षि सांदीपनि तथा भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित होगी। योजना के अंतर्गत अंतर्गत 102 मेधावी छात्र-छात्राओं को एक लाख की एकमुश्त छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। यह जानकारी मंगलवार को रवींद्र भवन में मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार एवं श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीराम तिवारी ने दी।



मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी।

### इन पुस्तकों का होगा लोकार्पण

*तिवारी ने बताया कि गुरुपूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा लिखित पुस्तक भारतीय गुरु परंपरा के शिल्पी महर्षि सांदीपनि, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा प्रकाशित महर्षि सान्दीपनि श्रीकृष्ण विद्यांजलि तथा जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तक सर्वांग का लोकार्पण भी होगा।*

### न्यास के उद्देश्य

मध्यप्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण की यात्राओं से जुड़े स्थलों की पहचान, विकास, संरक्षण तथा उनका अभिलेखन, फोटोग्राफी, फिल्मांकन एवं चित्रांकन। इन स्थलों के मंदिरों, जल संरचनाओं, वन संपदा एवं उद्यानों का संरक्षण तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार। उज्जैन में 14 विद्याओं एवं 64 कलाओं की औपचारिक शिक्षा के लिए सांदीपनि गुरुकुल की स्थापना। सभागार, सामुदायिक भवन तथा धर्मशालाओं का निर्माण एवं संचालन। शिक्षा, संस्कृति, कृषि तथा गो एवं पशुधन पालन की विरासत का विकास। नई पीढ़ी को भगवान श्रीकृष्ण की कथा एवं यात्रा स्थलों से भावनात्मक तथा अनुभवात्मक रूप से जोड़ना।

## संस्थान में देश के 13 राज्यों के युवा ले रहे प्रशिक्षण

# संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क से 98 प्रतिशत विद्यार्थियों का हुआ प्लेसमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित संत शिरोमणि ग्लोबल स्किल्स पार्क उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल मानव संसाधन तैयार करने वाला राष्ट्रीय स्तर का कौशल विकास केंद्र बन गया है। यहां प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का करीब 98 प्रतिशत प्लेसमेंट हुआ है। संस्थान के 34 विद्यार्थियों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्लेसमेंट हुआ है। इस तरह विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने की कसौटी पर संस्थान की उपलब्धि सराहनीय है। संस्थान में देश के 13 राज्यों के युवा प्रशिक्षण ले रहे हैं। वर्ष 2025 में संस्थान ने 2000 युवाओं को प्रशिक्षण एवं सर्टिफिकेशन प्रदान किया।

- **संस्थान के कुल 34 विद्यार्थियों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्लेसमेंट**

### उद्योगों की जरूरतों पर लॉन्ग टर्म कोर्स को मिलेगी मान्यता

*एनसीईआरटी के सहयोग से तकनीकी शिक्षकों का प्रशिक्षण, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सहयोग से जापानी भाषा प्रशिक्षण एवं अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट, एमएसएमई के सहयोग से इन्क्यूबेशन सेंटर, एमपीएसईडीसी के सहयोग से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब, एनएसडीसी स्किल सेंटर, विदेशों में रोजगार के इच्छुक युवाओं के लिए पीडीओटी सेंटर तथा सभी 9 लॉन्ग टर्म कोर्स को एनसीवीईटी से मान्यता दिलाने का काम पूरा किया जाएगा।*




## लोकसभा में एंटी-पेपरलीक बिल पर हुई चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा नेता बांसुरी स्वराज ने साधा विपक्ष पर निशाना

# 'मोदी जी क्लॉक्ड इट': अब देश में न पेपर बिकेगा और न युवाओं का सपना टूटेगा, विपक्ष का नैरेटिव निंदनीय

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ मुंबई

संसद में मंगलवार को सार्वजनिक परीक्षाएं (अनुचित साधन रोकथाम) संशोधन विधेयक-2026 पर चर्चा का आगाज हो गया है। एक बार के स्थगन के बाद लोकसभा में दोपहर 2 बजे के बाद सत्ता पक्ष की तरफ से भाजपा की युवा नेता बांसुरी स्वराज ने मोर्चा संभाला और अपने भाषण के जरिए न केवल सरकार का पक्ष मजबूती के साथ रखा बल्कि विपक्ष को भी जमकर आईना दिखाया। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इस देश में पेपरलीक एक गंभीर और संवेदनशील मुद्दा है। लेकिन इसे लेकर जिस प्रकार का माहौल या नैरेटिव विपक्ष द्वारा बनाया जा रहा है। वह पूरी तरह से निंदनीय है। बांसुरी ने संशोधन विधेयक को लेकर कहा कि यह सिर्फ एक जरूरत नहीं है। बल्कि आज के समय की मांग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही कह चुके हैं कि पेपरलीक एक जघन्य अपराध है। उनका यह बयान महज एक बयान नहीं है बल्कि वह सरकार की नीयत को दर्शाता है। जिसे देखते हुए ही यह बिल लाया गया है। देश में अब न कोई पेपर बिकेगा, न युवाओं का सपना टूटेगा। जवाबदेह मोदी सरकार के अच्छे शासन का नतीजा यह विधेयक है।



### बिल से होगी मेरिट की पूर्ण रक्षा

उन्होंने विधेयक के बेहतरीन पहलुओं को सदन के समक्ष उजाकर करते हुए कहा कि आज देश में परीक्षा माफिया संगठित हो गया है। ऐसे दौर में यह बिल न्याय प्रक्रिया की उलझन को सुलझाता है। फास्ट ट्रैक अदालतें बना दी गई हैं, जो 2 महीने में प्रक्रिया खत्म कर देंगी, 3 महीने में ट्रायल पूरा कर फैसला देना है। सजा को भी पहले के मुकाबले और अधिक कठोर किया गया है। मैं, पूरे विश्वास के साथ यह कह सकती हूं कि यह विधेयक प्रतिभा यानी मेरिट और उसके हितों की रक्षा करता है।

### सदन के संकल्प से बड़ा नहीं माफिया

भाजपा सांसद ने शिक्षा क्षेत्र में फैले हुए माफिया को चेतावनी देते हुए कहा कि वो यह कतई न समझें कि वो इस सदन के संकल्प से बड़े हैं। बांसुरी ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की अगुवाई वाली संप्रग की सरकारों ने नीतियों में जो खालीपन छोड़ा था। उसे प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने एक प्रकार से दूर कर दिखाया और समस्या का कानूनी समाधान दिया है। जेन-जेड की भाषा में कहूं तो पीएम मोदी ने कर दिखाया। पीएम मोदी क्लॉक्ड इट। यह बिल योग्यता की रक्षा करने के साथ ही निष्पक्षता को बरकरार रखते हुए युवाओं के सपनों को सुरक्षित करता है।

### पीएम ने बच्चों को बनाया एग्जाम वॉरियर

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भारत जैसे बड़े लोकतांत्रिक देश में परीक्षा ही एक निष्पक्ष व्यवस्था है। जिसमें एक मजदूर से लेकर एक सीईओ तक का बेटा एक साथ बैठकर परीक्षा देते हैं और फिर एक ही पद्वति से उनका मूल्यांकन किया जाता है। ऐसे में जब पेपरलीक हो जाता है तब बेहद पवित्र भरोसा टूट जाता है। यह अवसरों का नहीं बल्कि सामाजिक न्याय का विस्तार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री वे नेता हैं, जिन्होंने युवाओं, बच्चों को एग्जाम वॉरियर बनाया है, न कि एग्जाम वरियर नहीं। बीते एक दशक से अधिक समय में सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण सुधारों का जिक्र भी बांसुरी ने अपने भाषण में किया।

### तुम्हारे पांवों के नीचे कोई जमीन नहीं... विपक्ष पर प्रहार, न्याय देना कोर्ट का काम

चर्चा के दौरान भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज का संबोधन सिर्फ तथ्यों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसमें उनकी मां सुषमा स्वराज की शायराना शैली की भी झलक देखने को मिली। उन्होंने अपने भाषण में दुष्यंत कुमार की पंक्तियों- 'तुम्हारे पांवों के नीचे कोई जमीन नहीं, कमाल ये है कि फिर भी तुम्हें यकीन नहीं' से विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उनके इस अंदाज ने सदन में मौजूद कई सदस्यों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। स्वराज ने कहा कि इस मुद्दे पर बहस पूर्वाग्रह नहीं, बल्कि तथ्यों के आधार पर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी आरोपी को बेल सरकार नहीं, बल्कि स्वतंत्र न्यायपालिका देती है।

#### मालीवाल का केजरीवाल पर गंभीर आरोप

### पंजाब में हुए 6 पेपर लीक, सीजेपी को बताया आप की 'बी टीम'



राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर पंजाब में पेपर लीक मामलों को लेकर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि पिछले 5 वर्षों में पंजाब में 6 बड़े पेपर लीक हुए, लेकिन केजरीवाल इस मुद्दे पर चुप हैं। संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मालीवाल ने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों में पंजाब में छह बड़े पेपर लीक हुए हैं। उन्होंने कहा कि कई परीक्षाओं में नकल के भी आरोप लगे हैं। 19 जुलाई को हुई फार्मेसी परीक्षा में भी बड़े पैमाने पर नकल हुई थी। आप ने ने पंजाब में पेपर लीक के आरोपों से इनकार किया है।

#### गोगोई ने कहा

### लड़कियों पर अत्याचार, पैलेट गन का इस्तेमाल...



कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि छात्र आंदोलन ने यह दिखा दिया कि लोगों के मन से डर खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर के प्रदर्शन के दौरान कुछ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल का समर्थन नहीं किया जा सकता। उन भावनाओं को भी याद रखना चाहिए, जिन्हें छात्रों ने सामने रखा। उन्होंने शायर वसीम बरेलवी की पंक्तियां उद्धृत करते हुए कहा, उसूलों पर आंच आए तो टकराना जरूरी है, जिंदा हो तो जिंदा नजर आना जरूरी है।

#### टीएमसी सांसद अभिषेक ने कहा

### पेपर लीक नहीं सरकार की नाकामी



टीएमसी नेता और सासंद अभिषेक बेनर्जी ने सरकार को सदन में घेरा। इस दौरान उन्होनें कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार नहीं चाहती कि ठीक से बहस हो, सदन चले। ये सरकार एक परीक्षा भी ठीक से नहीं करा सकती। जब छात्रों ने आवाज उठाई तो उन्हें लाठियां मिली। उन्होंने कहा कि न्यू इंडिया में यंग इंडिया कहां है। पेपर लीक नहीं सरकार की नाकामी समस्या है। भाजपा सरकार को याद रखना चाहिए। कि हर जेनरेशन आपका रिपोर्ट कार्ड बनाती है। इस जेनरेशन के रिपोर्ट कार्ड में सरकार फेल है। फेल है सही तरीके से परीक्षा कराने में। एक अदालत के स्पेशल जज ने सुनवाई नहीं की। सिर्फ इसलिए क्योंकि सीबीआई की ओर से कोई नहीं आया।

### प्रधान सिर्फ एक मुखौटा

गोगोई ने कहा कि आप सुधार नहीं चाहते, क्योंकि संघ के लिए शिक्षा विभाग अहम है। आप चाहते हैं कि शिक्षा के माध्यम से इस पीढ़ी के लोग आपके संगठन के सदस्य बने। डीयू, आईआईटी, जेएनयू ने अपने स्टूडेंट्स ने कहा कि प्रदर्शन में मता जाओ। क्या ऐसे हम आने वाले भारत का निर्माण करेंगे।

### एंटी पेपर लीक बिल पर चर्चा के दौरान दोनों में दिखी नोकझोंक




### 'इमरजेंसी' पर भिड़े रिजिजू और अखिलेश, किरेन बोले-आंदोलन के बाद बिल लेकर आना अच्छा है या फिर आंदोलन को कुचलने के लिए इमरजेंसी लगाना

लोकसभा में मंगलवार को एंटी पेपर लीक बिल पर चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बीच तीखी नोकझोंक हुई। अखिलेश ने सरकार पर प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक हमला बोलने का आरोप लगाया, जबकि रिजिजू ने आपातकाल का जिक्र कर पलटवार किया। यादव ने कहा कि सरकार को सोचना चाहिए कि कहीं यही नौजवान हमारे लिए आपदा न बन जाएं। शिक्षा सच्ची होगी तो तरक्की भी पक्की होगी। उन्होंने पूछा कि 2024 में भी बिल लाया गया था, फिर भी पर्चा क्यों लीक हुआ? बिल लेकर क्यों आना पड़ा, यह बताएं। इस पर रिजिजू ने टोका और कहा कि आप बता दीजिए कि आंदोलन के बाद बिल लेकर आना अच्छा है या आंदोलन को कुचलने के लिए इमरजेंसी लगा देना अच्छा है? यादव ने जवाब दिया कि हमने इमरजेंसी नहीं देखी है, लेकिन दिल्ली में देखा है। आंसू गैस के गोले और लकड़ी पर कील जैसा कुछ लगाया गया था, जिसमें करेंट भी था। दिल्ली में जो हुआ, वह भी इमरजेंसी से कम नहीं था।


#### खबर संक्षेप

### गलत टिप्पणी मामले में एक्ट्रेस पर केस



**कोलकाता।** बंगाली इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस श्रीलेखा मित्रा को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। खबर है कि कोलकाता में गत 24 जुलाई को छात्रों के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के बाद मित्रा कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। उनके खिलाफ प्रधानमंत्री का अपमानजनक पोस्टर दिखाने के आरोप में पुलिस स्टेशनों में शिकायतें की गई हैं।

### तमिलनाडु में 31 से चिकन की बिक्री बंद



**चेन्नई।** तमिलनाडु चिकन ट्रेडर्स फेडरेशन ने ऐलान किया है कि 31 जुलाई से राज्य में चिकन की बिक्री रोक दी जाएगी। पुडुचेरी के चिकन व्यापारियों ने भी इस फैसले का समर्थन किया है। फेडरेशन का आरोप है ब्रॉयलर कंपनियां सरकार के 12 घंटे पहले फीड बंद करने के नियम का पालन नहीं कर रहीं, जिससे अस्वच्छ सप्लाई हो रही है।

### 7वीं मंजिल से गिरने से पूर्व मंत्री की मौत



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लालबाग में नए विधायक निवास की 7वीं मंजिल से गिरकर पूर्व मंत्री नानकदीन भुर्जी की दर्दनाक मौत हो गई है। भुर्जी को विधायक निवास से नीचे गिरा पाए जाने पर तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया, डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। कारण का खुलासा नहीं हुआ है।

### दिल्ली की महिलाओं को 2500 रु. मिलेंगे



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने महिलाओं के लिए हर महीने 2,500 की आर्थिक मदद देने की अपनी महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी प्रदान कर दी है। सीएम रेखा गुप्ता ने पात्र महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता देने की घोषणा करते हुए कहा कि हमने कैबिनेट की बैठक में पात्र महिलाओं को हर महीने 2,500 की आर्थिक मदद को मंजूरी दे दी है।

## कई राज्यों में दिखी आफत की बारिश, असम और नगालैंड में बाढ़ का तांडव

### बाढ़ प्रभावित इलाकों में मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियान शुरू

# वायुसेना ने संभाला मोर्चा... 458 लोगों को सुरक्षित निकाला, हवाई मार्ग से 9 टन राहत सामग्री पहुंचाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/गुवाहाटी



भारतीय वायुसेना द्वारा असम और नागालैंड के बाढ़ प्रभावित इलाकों में मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियान लगातार जारी है। खराब मौसम और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद वायुसेना राहत एवं बचाव कार्यों में पूरी तत्परता से जुटी हुई है। मंगलवार को भारतीय वायुसेना ने बताया कि पिछले 10 दिनों के दौरान उसके हेलिकॉप्टरों ने बाढ़ में फंसे 458 लोगों को सुरक्षित बचाकर निकाला है।

वायुसेना जहां एक ओर बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित बचाने में कामयाब रही है, वहीं इस आपदा में लोगों तक आवश्यक राहत सामग्री भी पहुंचा रही है। अभी तक प्रभावित क्षेत्रों में हवाई मार्ग से 9 टन से अधिक आवश्यक राहत सामग्री भी पहुंचाई गई है। वायुसेना के अधिकारी व जवान, राहत अभियान के दौरान हेलिकॉप्टर से लगातार दुर्गम और जलमग्न क्षेत्रों में उड़ान भर रहे हैं। ये वे प्रभावित क्षेत्र हैं जहां सड़क संपर्क पूरी तरह बाधित हो चुका है। इन अभियानों के जरिए फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के साथ-साथ खाद्य सामग्री, दवाइयां और अन्य जरूरी राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है।

### शिवसागर में बाढ़ की स्थिति बिगड़ी

असम के शिवसागर जिले में बाढ़ की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है क्योंकि नौजान गांव में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया और सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे सैकड़ों परिवार आश्रय, भोजन और सुरक्षित पेयजल तक पहुंच के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि राहत अभियान तेज कर दिए गए हैं।वहीं, असम के विधायकों ने एक बड़ा फैसला लिया है। रायजोर दल को छोड़कर सभी विधायकों ने मंगलवार को राज्य के बाढ़ पीड़ितों की राहत और पुनर्वास के लिए अपने एक महीने का वेतन दान करने की घोषणा की।

#### अध्यक्ष रणजीत ने कहा

### विधानसभा, सचिवालय के कर्मी करेंगे वेतन का दान

अध्यक्ष रणजीत कुमार दास ने कहा कि वह और उपाध्यक्ष हब्बे टेरोन बाढ़ राहत के लिए एक महीने का वेतन दान करेंगे। उन्होंने घोषणा की कि हमारे अलावा, विधानसभा सचिवालय के सभी कर्मचारी पीड़ितों की राहत और पुनर्वास के लिए एक दिन का वेतन दान करेंगे।

#### असम में बाढ़ का कहर

### पीएम मोदी ने सांसदों के साथ की समीक्षा बैठक



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने असम के विभिन्न हिस्सों में व्याप्त बाढ़ की स्थिति पर राज्य के सांसदों के साथ बैठक की। इसके साथ ही आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार प्रभावित लोगों की सहायता के लिए असम सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है। एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने लोगों की सुरक्षा और कुशलक्षेम के लिए प्रार्थना की। उन्होंने एक्स पर लिखा,'असम के सांसदों से मुलाकात की और राज्य के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। केंद्र सरकार प्रभावित लोगों की सहायता के लिए असम सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है। मैं सभी की सुरक्षा और कुशल मंगल की कामना करता हूं।

- केंद्र ने राज्य सरकार को दिया मदद का भरोसा

### ऊना में उफनते नाले में बह गई कार, परिवार के 4 सदस्य थे सवार

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से जगह-जगह से नुकसान की खबरें आ रही हैं। चंबा व कांगड़ा में भारी बारिश के बीच दो सड़क हादसों में 7 लोगों की मौत हो गई। वहीं, ऊना जिला के अंब क्षेत्र में एक कार नाले में बह गई। परिवार के चार लोग कार में सवार थे। यह पानी के बहाव से बेखबर नाले को पार करने की कोशिश कर रहे थे, इसी बीच कार तेज बहाव की चपेट में आ गई।स्थिति को बिगड़ता देख कार सवारों ने बिना समय गंवाए मुस्तैदी दिखाई और तुरंत वाहन से बाहर कूद गए। उनके बाहर निकलते ही कुछ ही सेकंड में कार ताश के पत्तों की तरह तेज बहाव में बह गई।

### चंबा में कई इलाकों में मलबा घुसा, कांगड़ा में ट्रक गिरा

हिमाचल प्रदेश में मानसून ने एक बार फिर रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। लगातार हो रही भारी बारिश से राज्य के कई जिलों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। चंबा, शिमला, मंडी, कांगड़ा, सिरमौर, सोलन, कुल्लू और अन्य क्षेत्रों में भूस्खलन, नालों के उफान और जलभराव की घटनाएं सामने आई हैं। कई संपर्क मार्ग बंद हो गए हैं, जबकि घरों, दुकानों और वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है।



हिमाचल में भी बारिश का दिखा रौद्र रूप



### नोएडा-गाजियाबाद समेत दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश, कई इलाकों में जलभराव

दिल्ली और इसके आसपास के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मंगलवार सुबह कई इलाकों में बारिश दर्ज की गई, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली और मौसम खुशनुमा हो गया। नोएडा, गाजियाबाद समेत एनसीआर के कई इलाकों में बारिश हो रही है। कई इलाकों में जलभराव और लंबा ट्रैफिक जाम भी देखने को मिला। सुबह ऑफिस जाने वाले लोगों को समस्या का सामना करना पड़ा।

### सड़क यातायात पर लगा ब्रेक

राजधानी शिमला में लगातार बारिश के बीच भूस्खलन की घटनाओं से यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। सड़क यातायात पर ब्रेक लग गया है। लिफ्ट क्षेत्र के पास कार्ट रोड पर मलबा आने के कारण बसों की आवाजाही रोकनी पड़ी, जबकि कई मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया।

### आईएमडी की चेतावनी: दो दिन तक बिगड़ा रहेगा मौसम



भारत मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने डीप डिप्रेशन का असर देश के अधिकतर भागों में दिखाई दे रहा है। दिल्ली समेत पंजाब गुजरात, कोंकण, महाराष्ट्र समेत कई राज्य बारिश के चपेठ में रहेंगे। छत्तीसगढ़ में इसका असर रहा है। जिस कारण से छत्तीसगढ़ में अगले 48 घंटे तक बारिश और बिजली गिरने की संभावना है।

#### बॉम्बे हाईकोर्ट ने शिवसेना नेता को लगाई फटकार

# वोट मांगो, फिर लोगों को मारो, जमानत अर्जी खारिज की

### कैसा जनप्रतिनिधि...पार्षद को अदालत ने हिदायत भी दी

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने 27 जुलाई को शिवसेना (शिंदे गुट) के पार्षद रमेश म्हात्रे को तुरंत जमानत देने से इनकार कर दिया। रमेश म्हात्रे पर डोंबिवली के एक म्युनिसिपल अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ के साथ मारपीट करने का आरोप है।

इसके पहले रमेश म्हात्रे का डॉक्टरों पर हमला करते हुए वीडियो भी सामने आया था। बॉम्बे हाई कोर्ट ने रमेश म्हात्रे की जमानत रद करते हुए जोर देकर कहा कि एक चुना हुआ प्रतिनिधि नागरिकों पर फाइलों और कुर्सियों से हमला नहीं कर सकता।

#### डीसीपी लोगों के बयान दर्ज करें



बॉम्बे हाई कोर्ट नेम्हात्रे से कहा कि आप जनता की सेवा करने का वादा करके वोट मांगते हैं, लेकिन चुने जाने के बाद लोगों के साथ मारपीट करते हैं। बॉम्बे हाई कोर्ट ने मामले की जांच संबंधित जोन के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस को सौंपने का आदेश दिया है और 31 जुलाई तक जांच की प्रगति के बारे में कोर्ट को सूचित करने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट ने कहा कि डीसीपी जल्द से जल्द जांच अपने हाथ में लें और यह सुनिश्चित करें कि शिकायतकर्ता, पीड़ितों और गवाहों को पर्याप्त सुरक्षा देते हुए उनके बयान दर्ज करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएं।

#### अंतरधार्मिक विवाह पर कलकत्ता हाईकोर्ट बोला

### वयस्कों को जीवनसाथी चुनने का अधिकार, पुलिस दे सुरक्षा



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस को बुधवार को हावड़ा में होने वाले एक अंतरधार्मिक विवाह के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि इस देश के वयस्क नागरिकों को अपना जीवनसाथी चुनने का अधिकार है।यह टिप्पणी न्यायालय ने अलग-अलग धर्मों से संबंध रखने वाले एक युवक और युवती की याचिका पर सुनवाई के दौरान की।

### सुरक्षा दी जा रहीः पुलिस

हावड़ा (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश का पालन करते हुए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने सोमवार को पुलिस को निर्देश दिया कि बुधवार को होने वाले विवाह के दौरान याचिकाकर्ताओं को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। कोर्ट कहा कि अदालत को अंतरधार्मिक विवाह होने के मामले में कोई बाधा नहीं दिखती है। याचिकाकर्ता इस देश के वयस्क नागरिक हैं और उन्हें अपना जीवनसाथी चुनने का अधिकार है।

#### राजकोट चिड़ियाघर की खुशखबर

## जू में 3 एशियाई शेर शावकों का जन्म, संख्या बढ़कर हो गई 20

एजेंसी ⏭ राजकोट

गुजरात के राजकोट चिड़ियाघर में एशियाई शेर के 3 और शावकों का जन्म हुआ है, जिससे वहां एशियाई शेरों की संख्या 20 हो गई है। अधिकारियों ने कहा, 107 दिन के गर्भकाल के बाद 22 जुलाई की रात को शेर 'धनंजय' और शेरनी 'धरती' के यहां 3 स्वस्थ शावकों का जन्म हुआ। मां और तीनों शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। पशु चिकित्सक और कर्मचारी उनकी सेहत का ध्यान रखने के लिए सीसीटीवी के जरिए मादा शेर और उसके शावकों पर चौबीसों घंटे नजर रख रहे हैं।



### 'सफल प्रजनन' का यहां दिखा असर

यह नया जन्म राजकोट जू में एक और सफल प्रजनन (ब्रीडिंग) के महज एक महीने से थोड़े अधिक समय के बाद हुआ है। यह अच्छी बात है। इससे पहले 11 जून को मादा शेर 'धारा' ने 3 शावकों को जन्म दिया था। दोनों ही मामलों में मां और शावक स्वस्थ बताए जा रहे हैं।

# रक्षा मंत्री ने नीतिगत सुधारों का अनावरण किया, महिलाओं को मिलेंगे समान अवसर

## भारतीय तटरक्षक बल कर्मियों के लिए खुशखबर, दो महत्वपूर्ण नीतियां जारी की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के लिए दो महत्वपूर्ण नीतिगत सुधारों का अनावरण किया है। इनका उद्देश्य अधिकारियों की भर्ती और सेवा शर्तों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और ड्यूटी के दौरान समुद्र में लापता हुए कर्मियों के परिवारों को अनुग्रह राशि प्रदान करने की प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, आईसीजी के महानिदेशक परमेश शिवमणि और अन्य वरिष्ठ अधिकारी नई दिल्ली के कर्तव्य भवन-2 में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

समुद्र में लापता कर्मियों के लिए अनुग्रह राशि देने की प्रक्रिया को सरल बनाया

पहल से नारी शक्ति को राष्ट्र के समुद्री सुरक्षा तंत्र में समान अवसर मिलेगा

### आईसीजी के असाधारण सेवा को सराहा


नीति सुधारों का अनावरण करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री ने पिछले पांच दशकों में आईसीजी की असाधारण सेवा की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि ये दूरदर्शी नीतियां बल के मनोबल और प्रचालनगत क्षमता को और सुदृढ़ करेंगी, क्योंकि यह 2027 में अपनी स्वर्ण जयंती की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के आईसीजी को एक आधुनिक, सक्षम और भविष्य के लिए तैयार समुद्री बल के रूप में मजबूत करने के संकल्प की पुष्टि की।

### पुरुषों के लिए एसएसए का विकल्प

पहली नीति निर्देश आईसीजी में अधिकारियों की भर्ती के लिए जेंडर-न्यूट्रल ढांचा लागू करके एक व्यापक, महिला-केंद्रित दृष्टिकोण स्थापित करती है। नीति की मुख्य विशेषताओं में महिला उम्मीदवारों को उनके पुरुष समकक्षों के समान अल्पकालिक सेवा नियुक्तियों (एसएसए) और स्थायी नियुक्तियों (पीए) में शामिल करना शामिल है। एसएसए का विकल्प पुरुष उम्मीदवारों के लिए भी खोल दिया गया है।

### महिलाओं को उच्च पदों पर पदोन्नति के अवसर मिल सकेंगे

महिला पीए अधिकारियों को भी पात्रता शर्तों की पूर्ति के अधीन उच्च पदों पर पदोन्नति के लिए विचार किया जाएगा। एसएसए पर कार्यरत वर्तमान महिला अधिकारियों को भी निर्धारित शर्तों की पूर्ति के अधीन अपनी सेवा को पीए में परिवर्तित करने का विकल्प प्रदान किया जाएगा। यह प्रगतिशील कदम नारी शक्ति और राष्ट्र के समुद्री सुरक्षा तंत्र में समान अवसर के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### लापता कर्मियों को मृत मानकर परिजनों को देंगे अनुदान

दूसरे नीतिगत सुधार से उन कर्मियों के परिजनों को राहत और प्रशासनिक सुगमता मिलेगी, जो दुर्भाग्यवश कर्तव्य निभाते हुए समुद्र में लापता हो जाते हैं। इस नीति की प्रमुख विशेषताओं में से एक यह अधिकार है कि कर्तव्य के दौरान समुद्र में लापता हुए आईसीजी कर्मियों को अनुग्रह राशि के भुगतान हेतु 'मृत मान लिया जाए'। यह सुधार परिजनों को अनुग्रह राशि और अंतिम लाभ प्रदान करने की प्रक्रिया को अत्यधिक सरल और त्वरित बनाता है।

### भारतीय सेना में बनेगी बस्तर रेजिमेंट!

भारतीय सेना में एक नए रेजिमेंट की स्थापना हो सकती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा को मंगलवार को एक जवाबी पत्र लिखकर यह भरोसा दिलाया है कि उपर्युक्त मामले की जांच करवाई जा रही है। 26 जून को डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने रक्षा मंत्री को भेजे पत्र में लिखा था कि छत्तीसगढ़ राज्य के आदिवासी बाहुल्य बस्तर संभाग के जवान विगत वर्षों में नक्सल विरोधी अभियानों में अपनी वीरता एवं अदम्य साहस का परिचय दे चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### सांप्रदायिक तनाव के बीच नेपाल में कर्फ्यू जारी



**काठमांडू।** भारत सीमा से लगे नेपाल के सुनसरी जिले के कुछ हिस्सों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी कर्फ्यू जारी रहा। जिले में सांप्रदायिक हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे, जिसके बाद से वहां तनाव बरकरार है। जिला प्रशासन कार्यालय सुनसरी ने बताया कि कई इलाकों में सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक कर्फ्यू और निषेधाज्ञा लागू रहा। हरिनगर और देवगंज ग्रामीण नगरपालिकाओं के पूरे क्षेत्र में प्रतिबंध लागू किए गए हैं।

### पेरिस में 3 महिलाओं को मारा चाकू, अरेस्ट



**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में चाकू से हमले में तीन लोग घायल हो गए और एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को यह कहते हुए सुना गया कि यह अल्लाह है जिसने मुझे हुक्म दिया। हमले में घायल लोगों का इलाज अस्पताल में जारी है। इनमें से दो की हालत गंभीर है। यह हमला सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे उत्तर-पश्चिम पेरिस में हुआ, जहां दो किचन वाले चाकू से सड़क पर लोगों पर हमला किया।

## पीओजेके में कराए जा रहे विधानसभा चुनावों पर भारत की दो टूक

# यह अवैध कब्जे को वैध दिखाने की पाकिस्तान की एक नाकाम कोशिश

*पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले क्षेत्र भारत के अभिन्न अंग हैं*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में कराए जा रहे तथाकथित विधानसभा चुनावों पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने इन चुनावों से जुड़ी खबरें देखी हैं और यह पूरी कवायद पाकिस्तान के अवैध कब्जे को वैध दिखाने की कोशिश है।

जायसवाल ने कहा कि हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में कराए जा रहे तथाकथित विधानसभा चुनावों से जुड़ी खबरें देखी हैं। जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के पूरे केंद्र शासित प्रदेश, जिनमें वे क्षेत्र भी शामिल हैं जो इस समय पाकिस्तान के अवैध और जबरन कब्जे में हैं, भारत के अभिन्न अंग हैं। यह मौजूदा दिखावटी चुनावी प्रक्रिया पाकिस्तान के अवैध कब्जे पर पर्दा डालने और क्षेत्र में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघनों को छिपाने की एक कोशिश मात्र है। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में जारी व्यापक विरोध प्रदर्शन वहां के लोगों के आर्थिक शोषण, उनके मौलिक अधिकारों से वंचित किए जाने और प्रशासनिक दमन का सीधा परिणाम हैं।

> मानवाधिकारों के उल्लंघन को छिपाने की दिखावटी कोशिश

> पीओजेके में लोगों का आर्थिक शोषण और दमन किया जा रहा

### पाक सीमा पार आतंकवाद प्रायोजित कर रहा


रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने पाकिस्तान के युवाओं द्वारा भारत में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध प्रदर्शनों के समर्थन में आई रिपोर्टों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भारत इस बात से भली-भांति अवगत है कि पाकिस्तान दशकों से भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित कर रहा है। जयसवाल ने जोर देकर कहा कि भारत के लोग, जिनमें जेन जी भी शामिल है, पाकिस्तान से अपने राज्य-प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके समकक्ष इस पर गंभीरता से ध्यान दे रहे हैं।

### तीन मार्गों से सीमा व्यापार शुरू करने पर बनी सहमति

भारत-चीन सीमा व्यापार पर जायसवाल ने कहा कि अगस्त 2025 में, दोनों पक्षों ने तीन निर्दिष्ट व्यापारिक बिंदुओं, यानी लिपुलेख दर्रा, शिपकी ला दर्रा और नाथू ला दर्रे के माध्यम से सीमा व्यापार फिर से शुरू करने पर सहमति व्यक्त की थी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने 27 से 28 जुलाई तक चीन की आधिकारिक यात्रा की। उन्होंने बीजिंग में अपने आधिकारिक कार्यक्रमों की शुरुआत चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के सेंट्रल पार्टी स्कूल (नेशनल एकेडमी ऑफ गवर्नेंस) के उपाध्यक्ष ली वेनतांग से मुलाकात की और उन्हें एकेडमिक प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी गई।



#### चीन के साथ द्विपक्षीय संबंध बढ़ाने पर चर्चा

जायसवाल ने बताया कि विदेश सचिव ने चीन की विदेश मामलों की उप मंत्री हुआ चुनयिंग से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों पर समग्र रूप से चर्चा की और व्यापार और आर्थिक संबंधों, संस्कृति और जन-जन आदान-प्रदान के माध्यम से पारस्परिक रूप से लाभकारी परिणामों सहित, भारत और चीन को साझेदार और एक-दूसरे के लिए विकास के अवसर मानने वाले दोनों नेताओं के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के साधनों पर विचार-विमर्श किया। इस वार्ता के दौरान भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के महत्व को स्वीकार किया गया।

### प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी, 19 की मौत

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में चल रहे आंदोलन के बीच सोमवार को हालात और तनावपूर्ण हो गए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि रावलकोट में विरोध प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इन घटनाओं में अब तक कम से कम 19 व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई, जब जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी और प्रशासन के बीच बातचीत विफल होने के बाद हजारों लोग मुजफ्फराबाद की ओर मार्च के लिए निकल पड़े। प्रदर्शनकारी पिछले 52 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं और गिरफ्तार लोगों की रिहाई, दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

## भारत-यूएस साझेदारी को मिलेगी मजबूती

# परमाणु ऊर्जा और एआई क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी विदेश विभाग के असिस्टेंट सेक्रेटरी एस. पॉल कपूर ने कहा है कि अमेरिका भारत के साथ मिलकर अपनी रक्षा साझेदारी को बढ़ा रहा है। इसके साथ ही, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी, एआई और दूसरी उभरती हुई टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी गहरा कर रहा है। हूवर इंस्टीट्यूशन में भारत पर आयोजित एक कॉन्फ्रेंस में चर्चा के दौरान कपूर ने कहा कि ट्रंप प्रशासन का भारत के साथ जुड़ाव सप्लाई चेन को मजबूत करने के साथ-साथ अमेरिका में नौकरियां भी पैदा कर रहा है। कपूर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि ट्रंप प्रशासन में भारत के साथ अमेरिका का जुड़ाव देश के भीतर नौकरियां पैदा कर रहा है और उन सप्लाई चेन को मजबूत कर रहा है जो अमेरिका और इस क्षेत्र के लिए बहुत अहम हैं। हम रक्षा और सिविल न्यूक्लियर सहयोग का विस्तार कर रहे हैं, जिसमें एआई और अर्थव्यवस्था को गति देने वाली अन्य उभरती हुई टेक्नोलॉजी को अपनाना भी शामिल है।


बैठक में चर्चा करते हुए एस पॉल कपूर

### रक्षा संबंधों को लेकर फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर

भारत और अमेरिका के बीच रक्षा संबंध और मजबूत हो रहे हैं। पिछले साल, दोनों देशों ने जमीन, समुद्र, हवा, अंतरिक्ष और साइबरस्पेस में रक्षा सहयोग और इंटरऑपरेबिलिटी को मज़बूत करने के लिए एक फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर किए थे। पिछले दो दशकों में भारत ने अमेरिका से रक्षा खरीद में काफी बढ़ोतरी की है। अपाचे, चिनूक हेलीकॉप्टर, सी-17, सी-130जे ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, पी-8I मैरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ़्ट और एम777 अल्ट्रा-लाइट होवित्ज़र जैसे हथियार और उपकरण हासिल किए हैं।

### एच-1बी वीजा होल्डर्स वाला बिल पेश

अमेरिका के कैलिफोर्निया की वरिष्ठ डेमोक्रेटिक सीनेटर ने एलेक्स पडिला ने कहा कि उनका प्रस्ताव एक इमिग्रेशन नियम को मॉडर्नाइज करेगा जिसे 1986 से अपडेट नहीं किया गया है। इससे 80 लाख से ज्यादा लोगों को फायदा हो सकता है। यह प्रस्ताव ड्रीमर्स (बचपन में अमेरिका लाए गए अप्रवासी), अस्थायी प्रोटेक्टेड स्टेटस (टीपीएस) धारकों, आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों और लंबे समय से वीजा पर रह रहे लोगों के बच्चों को कवर करेगा। यह उन उच्च-कुशल पेशेवरों के लिए भी राहत का रास्ता खोल सकता है, जिनमें एच-1बी वीजा धारक शामिल हैं और जो वर्षों से रोजगार-आधारित ग्रीन कार्ड का इंतजार कर रहे हैं।

## कनाडा के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री से भारतीय राजदूत की मुलाकात

# भारत और कनाडा ने समुद्री सहयोग और रक्षा संबंधों को आगे बढ़ाने पर जताई गई सहमति

एजेंसी ▶▶ ओटावा

भारत और कनाडा रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। कनाडा में भारत के उच्चायुक्त दिनेश के. पटनायक और कनाडा के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री डेविड मैकगिन्टी के बीच हुई बैठक में समुद्री सहयोग, डिफेंस कैपेसिटी-बिल्डिंग और ट्रेनिंग पर फोकस करते हुए चर्चा हुई। भारतीय उच्चायोग ने बताया कि बातचीत समुद्री सहयोग को मजबूत करने, डिफेंस कैपेसिटी-बिल्डिंग और ट्रेनिंग को आगे बढ़ाने, और भारत-कनाडा रक्षा संबंधों को गहरा करने पर केंद्रित थी।


दिनेश के. पटनायक और डेविड मैकगिन्टी

### द्विपक्षीय संबंध मजबूत करेंगे

कनाडा में भारतीय उच्चायोग के अनुसार, दोनों पक्षों ने शांति, स्थिरता और मजबूत द्विपक्षीय जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता को भी दोहराया। दोनों देश व्यापार, अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, तकनीक और लोगों के बीच संबंध जैसे क्षेत्रों में लगातार सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। यह मुलाकात विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की पिछले हफ्ते मनीला में अपनी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद के साथ हुई मुलाकात के बाद हुई है।

### लगातार सहयोग बढ़ा रहे

भारत और कनाडा के बीच लगातार सहयोग बढ़ रहा है। मंत्री स्तर और राजदूत स्तर की बातचीत दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों द्वारा तय किए गए संबंधों के लक्ष्यों को पाने पर केंद्रित है। पिछले महीने, पीएम नरेंद्र मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष, मार्क कार्नी ने फ्रांस के एवियन में चल रहे जी7 समिट के दौरान अपनी द्विपक्षीय बैठक के दौरान भारत और कनाडा के बीच संबंधों के पूरे दायरे की समीक्षा की थी।

## जापान में 7.1 तीव्रता का भूकंप

# शॉपिंग मॉल की दूसरी मंजिल ढही, 50 से अधिक लोग घायल, ट्रेनें भी पलटी

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

दक्षिणी जापान में 7.1 तीव्रता के भूकंप से व्यापक नुकसान हुआ है। कुमामोटो प्रांत में कई इमारतों में आग लग गई, ट्रेनें पटरी से उतर गईं और एक शॉपिंग मॉल को भी भारी नुकसान पहुंचा। जापान की पीएम सानए ताकइची ने मंगलवार को बताया कि कुमामोटो में राहत और बचाव अभियान के लिए अब तक करीब 3,600 सैन्यकर्मियों को तैनात किया गया है। इसे अलावा जापान सेल्फ डिफेंस फोर्स के 300 जवानों को भेजा जा रहा है। काशिमा शहर स्थित एक शॉपिंग मॉल की दूसरी मंजिल ढह गई, जिससे 50 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। इनमें कुछ



लोग आंशिक रूप से ढहे शॉपिंग मॉल के अंदर फंसे हुए हैं। भूकंप के कारण 48 हजार से अधिक घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। कई सड़कों में दरारें आ गईं। कई जगहों पर इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। कुछ जगहों पर नदी के ऊपर बने पुल टूट गए हैं। इसके अलावा ट्रेन के डिब्बे-इंजन पटरी से उतरकर पलट गए। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप शाम 4:27 बजे आया।

## साइबर फर्म 'अलिबी ग्लोबल' का खुलासा, आईबी को दी सूचना

# डार्क वेब पर डीआरडीओ का 31 जीबी डेटा 6.6 लाख रुपए में बेचा जा रहा, जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साइबर सुरक्षा से जुड़ी एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक हैकर ने डार्क वेब पर कथित तौर पर रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और सेना से जुड़े 31 जीबी बेहद संवेदनशील डेटा को करीब 6.6 लाख में बेचने की खौफनाक पेशकश की है। तिरुवनंतपुरम की साइबर सुरक्षा फर्म 'अलिबी ग्लोबल' ने यह खुलासा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 31 जीबी डेटा पिछले दो हफ्तों से डार्क वेब पर बिक्री के लिए विज्ञापित किया जा रहा है। इतना ही नहीं सबूत के तौर पर जारी किए गए कुछ सैंपल दस्तावेजों में वरिष्ठ वैज्ञानिकों के हस्ताक्षर और मंजूरी से जुड़ी प्रतिबंधित तकनीकी जानकारी होने का दावा किया गया है।



### डीआरडीओ रिपोर्ट की प्रामाणिकता जांच रहा

इस दावा के सामने आने के बाद जब इस मामले में डीआरडीओ के सूत्रों से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि वे इस रिपोर्ट की प्रामाणिकता की जांच कर रहे हैं। बता दें, अलिबी ग्लोबल नामक कंपनी सरकारी एजेंसियों और महत्वपूर्ण संस्थानों को डार्क वेब मॉनिटरिंग की सेवाएं देती है। उनकी नियमित निगरानी के दौरान यह संवेदनशील डेटा नजर आया। अलिबी ग्लोबल के तकनीकी निदेशक वी.के. भद्रन ने बताया कि मानक प्रक्रिया का पालन करते हुए उन्होंने तुरंत इसकी सूचना 'इंटेलिजेंस ब्यूरो' (आईबी) को दे दी है। अब संबंधित सरकारी एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं कि डेटा वास्तव में कितना सही और संवेदनशील है।

## डिजिटल अरेस्ट ठगी में 'सुप्रीम' फैसला

# अब आसानी से नहीं मिलेगी जमानत आरोपी माना जाएगा डाकू और लुटेरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में डिजिटल अरेस्ट (ऑनलाइन ठगी) के बढ़ते मामलों के बीच अब सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला सामने आया है। कोर्ट ने इस मामले में अपना रुख साफ कर दिया है कि डिजिटल अरेस्ट घोटालों में शामिल किसी भी आरोपी को आसानी से जमानत नहीं दी जाएगी। कोर्ट ने निचली अदालतों और हाईकोर्ट्स को निर्देश दिया है कि ऐसे मामलों में केवल असाधारण कारणों पर ही जमानत पर विचार किया जाए, वरना राहत न दी जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पुलिस और जांच एजेंसियों को डिजिटल अरेस्ट और साइबर फ्रॉड के मामलों में सख्त से



सख्त संगठित अपराध के कानून लगाने चाहिए। इन मामलों को आम धोखाधड़ी नहीं, बल्कि लूट और डकैती के बराबर माना जाना चाहिए। इसके अलावा अदालत ने चिंता जताई कि डिजिटल अरेस्ट आज के समय में लोगों, खासकर बुजुर्गों के खिलाफ किया जाने वाला सबसे खतरनाक अपराध है। इसमें ठग बुजुर्गों की जिंदगीभर की जमापूंजी और मेहनत की कमाई को तब ठग लेते हैं, जब उन्हें पैसों की सबसे ज्यादा जरूरत होती है।

## कश्मीर के उरी में नियंत्रण रेखा के पास जोरदार धमाका!

# माइन ब्लास्ट में सेना के 2 जवान घायल, श्रीनगर लेकर आए

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में मंगलवार को देश की सुरक्षा में दिन-रात तैनात भारतीय सेना के दो जवान नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास हुए एक जोरदार माइन विस्फोट में घायल हो गए। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और सेना ने तुरंत बचाव अभियान शुरू कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा उरी के कामालकोट सब-सेक्टर में स्थित अपर गढ़ फॉरवर्ड पोस्ट के करीब हुआ। यह बेहद संवेदनशील इलाका है और यहां 12 इन्फैंट्री ब्रिगेड के तहत 8 राष्ट्रीय राइफल्स की टुकड़ी तैनात है। यह पूरा क्षेत्र उरी पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आता है।

*हादसा अपर गढ़ फॉरवर्ड पोस्ट के करीब हुआ*

*घायल जवान 8 राष्ट्रीय राइफल्स की टुकड़ी के*

### नियमित गश्त पर थे जवान



मंगलवार को जब जवान अपनी नियमित गश्त और ड्यूटी पर थे, तभी अचानक एक पुरानी माइन में जोरदार धमाका हो गया। धमाका इतना तेज था कि आसपास के इलाके में उसकी आवाज सुनी गई। इस विस्फोट की चपेट में आकर दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल जवानों की पहचान दफादार विजय कुमार (42 वर्ष) और नायक शरणप्पा अंगारी (28 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों ही 8 राष्ट्रीय राइफल्स के बहादुर सिपाही हैं और लंबे समय से देश सेवा में लगे हुए हैं।

### सेना के बेस अस्पताल में इलाज जारी

घटना के तुरंत बाद साथी जवानों ने अदम्य साहस और जज्बे का परिचय देते हुए दोनों घायल जवानों को घटनास्थल से सुरक्षित निकाला। मौके पर ही प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें तुरंत हेलीकॉप्टर के जरिए श्रीनगर के बादामीबाग स्थित सेना के बेस अस्पताल में एयरलिफ्ट किया गया। फिलहाल दोनों का इलाज बेस अस्पताल में चल रहा है और उनकी हालत पर सेना के वरिष्ठ डॉक्टर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

### आतंकी साजिश नाकामः पाक समर्थित मॉड्यूल का पर्दाफाश, 2 संदिग्ध अरेस्ट

दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी शाहबाज अंसारी के एक और मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। इस अभियान के तहत दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार संदिग्धों के पास से एक सब-मशीन गन और तीन अत्याधुनिक हथियार बरामद किए हैं। इसके साथ ही 82 कारतूस भी जब्त किए गए हैं।



बरामद की गई सब-मशीन गन (एसएमजी) चेकोस्लोवाकिया में निर्मित है। यह हथियार पाकिस्तान से नेपाल के रास्ते भारत में लाया गया था। गिरफ्तार किए गए आरोपी सलीम पिस्टल ने इसे पाकिस्तान से भारत पहुंचाया था। पुलिस ने बताया कि इसी मॉड्यूल के सदस्यों से पहले भी एक मशीन गन पकड़ी जा चुकी है।

## खबर संक्षेप

### नेस्ले की बिक्री और मुनाफे में उछाल

**नई दिल्ली।** नेस्ले इंडिया ने मजबूत वॉल्यूम ग्रोथ के दम पर चालू तिमाही में शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी की बिक्री में 25.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और कुल बिक्री बढ़कर 6,363.3 करोड़ रुपए पहुंच गई है। कंपनी ने इस वृद्धि का श्रेय अपने ब्रांड्स पर उपभोक्ताओं के भरोसे और बेहतर निष्पादन को दिया है। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनीष तिवारी ने कहा कि कंपनी के निर्यात कारोबार में भी 35.6 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की गई है।




### अडाणी के अंबुजा ने साझा की सफलता की कहानी

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की सीमेंट कंपनी अंबुजा सीमेंट्स ने गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य से जुड़े बैतूल के कॉन्ट्रैक्टर महेश यादव की प्रेरक सफलता की कहानी साझा की है। महेश यादव ने अपने करियर की शुरुआत एक हेड मेसन के रूप में की। वर्षों तक निर्माण कार्य का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के बाद उन्होंने अपनी तकनीकी दक्षता और कार्यकुशलता को लगातार निखारा।




### डाबर ने लांच की 'रियल एक्टिव' फ्रूट जूस रेंज

**नई दिल्ली।** डाबर इंडिया लिमिटेड के पैकेज्ड फ्रूट जूस ब्रांड रियल ने अपनी 'रियल एक्टिव' फ्रूट जूस रेंज के जरिए उपभोक्ताओं को बिना अतिरिक्त चीनी और बिना अतिरिक्त प्रिजर्वेटिव वाला पेय उपलब्ध कराने का दावा किया है। डाबर इंडिया लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट मयंक कुमार ने कहा कि गर्मियों में शरीर को हाइड्रेट रखना बेहद जरूरी होता है। यह उत्पाद प्राकृतिक फलों के गुणों से भरपूर है और उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।




### प्रो. मनमोहन को विज्ञान महर्षी 2026 सम्मान

**पुणे।** इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी (आईसीटी), मुंबई के पूर्व निदेशक, रॉयल सोसाइटी (यूके) के फेलो और पद्म विभूषण से सम्मानित प्रो. मनमोहन शर्मा को विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और औद्योगिक अनुसंधान में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए विज्ञान महर्षी पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी पुणे में आयोजित राष्ट्रीय वैज्ञानिक गोलमेज सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया।



## गलगोटियास विश्वविद्यालय में भारत जापान सहयोग पर मंथन

# गलगोटियास विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान में सहयोग बढ़ाने के लिए जापानी प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नोएडा

उच्च शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में भारत-जापान सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से गलगोटियास विश्वविद्यालय ने जापान के सरकारी अधिकारियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और अकादमिक विशेषज्ञों के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की। इस अवसर पर भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक में ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), सेमीकंडक्टर और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग जैसे भविष्य की तकनीकों से जुड़े क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की गई। इसके अलावा संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, फैकल्टी एवं स्टूडेंट एक्सचेंज कार्यक्रम और विश्वविद्यालय-उद्योग साझेदारी को आगे बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श हुआ। विश्वविद्यालय ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को क्लीन एनर्जी, सस्टेनेबल मोबिलिटी और नेक्स्ट जनरेशन मैन्युफैक्चरिंग जैसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में नए अवसर उपलब्ध कराना है। इस संवाद ने नीति निर्माताओं, उद्योग जगत, शोधकर्ताओं और युवा प्रतिभाओं को एक साझा मंच पर जोड़ने में विश्वविद्यालयों की भूमिका को भी रेखांकित किया।

**नीति निर्माताओं शोधकर्ताओं और युवा प्रतिभाओं का एक साझा मंच**

**विश्वविद्यालय उद्योग साझेदारी को आगे बढ़ाने पर भी विचार विमर्श हुआ**



गलगोटियास विश्वविद्यालय ने ग्रीन हाइड्रोजन, ईवी, सेमीकंडक्टर और उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान में भारत-जापान सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए जापानी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया।

**विश्वविद्यालय को 1201-1500 ग्लोबल बैंड में जगह मिली**

विश्वविद्यालय ने बताया कि आने वाले समय में इस पहल के माध्यम से ठोस अनुसंधान कार्यक्रमों, एक्सचेंज योजनाओं और दीर्घकालिक संस्थागत साझेदारियों को आगे बढ़ाने की योजना है। उल्लेखनीय है कि गलगोटियास विश्वविद्यालय को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में 1201-1400 ग्लोबल बैंड में स्थान मिला है। वहीं, टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भी विश्वविद्यालय को 1201-1500 ग्लोबल बैंड में जगह मिली है। विश्वविद्यालय को नैक से 'ए प्लस' ग्रेड प्राप्त है। विश्वविद्यालय के अनुसार, वर्ष 2026 में विद्यार्थियों को 1,250 से अधिक कंपनियों से 5,500 से अधिक जॉब ऑफर मिले हैं।

### जापानी प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी करना विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय : गलगोटिया

गलगोटियास विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने कहा कि जापानी प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी करना विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रयास है कि इन चर्चाओं को संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, एक्सचेंज प्रोग्राम और इंडस्ट्री पार्टनरशिप के रूप में आगे बढ़ाया जाए, जिससे विद्यार्थी और फैकल्टी सीधे लाभान्वित हो सकें। बैठक में भारत और जापान के बीच तकनीकी और शैक्षणिक सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। जापान मैन्युफैक्चरिंग, क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी और औद्योगिक नवाचार में विशेषज्ञता रखता है, जबकि भारत के पास विशाल इंजीनियरिंग और रिसर्च टैलेंट उपलब्ध है। दोनों देशों की क्षमताएं मिलकर नई तकनीकों के विकास और वैश्विक चुनौतियों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। विश्वविद्यालय के अनुसार, भारत-जापान रणनीतिक साझेदारी के तहत उच्च शिक्षा और अनुसंधान सहयोग तेजी से महत्वपूर्ण हो रहा है। संयुक्त शोध कार्यक्रम, पीएचडी सहयोग, फैकल्टी-स्टूडेंट एक्सचेंज और उद्योग साझेदारी के माध्यम से दोनों देश साझा प्राथमिकताओं को नवाचार में बदल सकते हैं। उत्तर प्रदेश में भी क्लीन एनर्जी, ईवी कंपोनेंट्स और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं बढ़ रही हैं। गलगोटियास विश्वविद्यालय का यह संवाद अपनी अनुसंधान क्षमताओं और प्रतिभा विकास को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जरूरतों के अनुरूप मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## एआईएमटीसी ने प्रधानमंत्री और सड़क परिवहन मंत्रालय को भेजा पत्र

# कमर्शियल वाहनों की पेलोड क्षमता बढ़ाने पर रोक की मांग, असर ट्रांसपोर्ट उद्योग पर ही

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

कमर्शियल वाहनों की पेलोड क्षमता बढ़ाने के निर्णय की तकनीकी और कानूनी समीक्षा की मांग को लेकर ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी ) ने केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। एआईएमटीसी की आरटीओ एवं ट्रैफिक कमेटी के चेयरमैन सीएल मुकाती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, सड़क परिवहन मंत्रालय के सचिव और एनएचएआई अध्यक्ष को पत्र भेजकर मौजूदा प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि सड़क परिवहन देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और देश में 70 प्रतिशत से अधिक माल परिवहन सड़क मार्ग से होता है। ऐसे में वाहनों की भार क्षमता में किसी भी बदलाव का सीधा असर ट्रांसपोर्ट उद्योग, सड़क सुरक्षा और राष्ट्रीय अवसंरचना पर पड़ सकता है।

**सड़क परिवहन देश की अर्थव्यवस्था की है रीढ़**



### उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति बनाने की मांग

पत्र में मांग की गई है कि इस विषय पर सड़क परिवहन मंत्रालय, एनएचएआई, एआरएआई, आईसीएटी, बीआईएस, वाहन निर्माता कंपनियों और ट्रांसपोर्ट संगठनों की संयुक्त विशेषज्ञ समिति गठित की जाए।

संगठन ने यह भी मांग की है कि किसी भी वाहन मॉडल की पेलोड क्षमता बढ़ाने से पहले री-होमोलोगेशन, स्ट्रक्चरल ड्यूरेबिलिटी टेस्ट, ब्रेक परफॉर्मेंस टेस्ट, व्हीकल स्टेबिलिटी टेस्ट, सस्पेंशन टेस्ट और टायर कंपैटिबिलिटी टेस्ट अनिवार्य किए जाएं। सीएल मुकाती ने कहा कि ट्रांसपोर्ट उद्योग पहले ही डीजल, टोल टैक्स, बीमा, वाहन वित्त, स्पेयर पार्ट्स और टायर की बढ़ती लागत से परेशान है।

### बिना पर्याप्त बदलाव बढ़े भार पर जताई चिंता

एआईएमटीसी ने कहा कि कुछ वाहन निर्माता कंपनियां समान चेसिस और प्लेटफॉर्म पर सीमित तकनीकी बदलाव कर पेलोड क्षमता बढ़ाकर नए मॉडल बाजार में ला रही हैं। संगठन का कहना है कि यदि वाहन की मूल इंजीनियरिंग, संरचनात्मक क्षमता और वैज्ञानिक परीक्षणों के अनुरूप बदलाव नहीं किए गए तो इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। पत्र में बताया गया कि अतिरिक्त भार से चेसिस, लीफ स्प्रिंग, एक्सल, गियर बॉक्स, क्लच, प्रोपेलर शाफ्ट, व्हील बेयरिंग, इंजन और ब्रेकिंग सिस्टम पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा, जिससे वाहन की उम्र कम होगी और रखरखाव खर्च बढ़ेगा। संगठन ने आशंका जताई कि पेलोड बढ़ने से टायरों पर दबाव बढ़ेगा।

## आधुनिकीकरण समय की आवश्यकता

# सुरक्षित बायोटेक कृषि को बढ़ावा देने के लिए नियामकीय सुधारों की मांग

**वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जाना चाहिए**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में जैव-प्रौद्योगिकी आधारित फसलों को सुरक्षित और समयबद्ध तरीके से अपनाने के लिए विज्ञान-आधारित नियामकीय सुधारों तथा मंजूरी प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। यह बात ट्रस्ट फॉर एडवांसमेंट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज (टीएएएस ) द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर ) और फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफएसआईआई ) के सहयोग से आयोजित एक उच्च स्तरीय राउंडटेबल में सामने आई। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार, बैठक में विशेषज्ञों ने सहमति जताई कि भारत की बायोटेक नियामक व्यवस्था को उच्च जैव-सुरक्षा मानकों को बनाए रखते हुए अधिक प्रभावी, पारदर्शी और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जाना चाहिए। प्रतिभागियों ने कहा कि जीनोम एडिटिंग जैसी आधुनिक तकनीकों के अनुरूप नियामकीय ढांचे का आधुनिकीकरण समय की आवश्यकता है।

मंत्रालय ने बताया कि वर्तमान में ट्रांसजेनिक फसलों के लिए पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत बहु-स्तरीय नियामकीय व्यवस्था लागू है, जिसमें आरसीजीएम, जीईएसी, एफएसएसएआई , आईसीएआर और अन्य संबंधित संस्थाएं शामिल हैं। आईसीएआर के महानिदेशक एवं डीएआरई के सचिव डॉ. एमजे सती ने कहा कि देश को ऐसी संतुलित नियामकीय व्यवस्था की जरूरत है, जो खाद्य एवं पोषण सुरक्षा, जलवायु अनुकूलन और सतत कृषि विकास के लिए आधुनिक जैव-प्रौद्योगिकी के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा दे।

## एलएन आयुर्वेद कॉलेज में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न

# आयुर्वेद अनुसंधान और सांख्यिकी से जुड़े विषयों पर विशेषज्ञों ने दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एलएन आयुर्वेद कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेदिक साइंसेज , आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम एवं स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम एआरएमएस 2026 (आयुर्वेद अनुसंधान पद्धति और सांख्यिकी) का सफल आयोजन किया गया। मध्यभारत में पहली बार आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला में देशभर से आए रिसर्च स्कॉलर्स और फैकल्टी मेंबर्स को आयुर्वेद अनुसंधान पद्धति और सांख्यिकी से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में शोध डिजाइन, सैंपल साइज कैलकुलेशन, डेटा विश्लेषण, वैज्ञानिक लेखन सहित अनुसंधान के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया।



डेवलपमेंट प्रोग्राम

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. एन. श्रीकांथ (डिप्टी डायरेक्टर जनरल, सीसीआरएएस , आयुष मंत्रालय), डॉ. अजीत सोनी, अभिजीत गोयल , डॉ. सपन जैन और डॉ. विशाल शिवहरे उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और आयुर्वेद क्षेत्र में वैज्ञानिक शोध की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। इनमें डॉ. अतुल जुनेजा, डॉ. अनघा वी. रानाडे, डॉ. राकेश राणा और डॉ. अरुनभ त्रिपाठी शामिल रहे। विशेषज्ञों ने जटिल शोध विषयों को सरल तरीके से समझाते हुए प्रतिभागियों को व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. वर्षा वंजारी, डॉ. समीर पान, डॉ. प्रवीण खेरड़े, डॉ. आशुतोष शुक्ला, डॉ. नेहा पुरोहित, डॉ. दीप्ति शर्मा, डॉ. मांडवी शर्मा सहित पीजी स्कॉलर्स डॉ. साक्षी श्रीवास्तव, डॉ. सुधा गौतम, डॉ. योगेश परमार और डॉ. राजीव मिश्रा का विशेष योगदान रहा।

# धोनी बने मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के ब्रांड एंबेसडर

एजेंसी ⏭ मुंबई

दुनिया के चौथे सबसे बड़े ज्वेलरी रिटेलर मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को अपना नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। कंपनी का कहना है कि यह दीर्घकालिक साझेदारी पारदर्शिता, नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं और ग्राहक-प्रथम मूल्यों पर आधारित उसकी 'द रिस्पॉन्सिबल ज्वेलर' पहल को और मजबूत करेगी। मलाबार प्रॉमिसेज के अंतर्गत 100 प्रतिशत बीआईएस हॉलमार्कयुक्त आभूषण, प्राकृतिक हीरों की 28 गुणवत्ता जांच, बिना छिपे शुल्क के पारदर्शी मूल्य, गारंटीड बायबैक, आजीवन मेंटेनेंस, निःशुल्क बीमा और जिम्मेदार सोर्सिंग जैसी सुविधाएं ग्राहकों को उपलब्ध कराई जाती हैं। यह अभियान दुनिया भर में मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के 450 से अधिक शोरूम्स के माध्यम से ग्राहकों तक पहुंचेगा। मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा कि एमएस धोनी की ईमानदारी, अनुशासन और निरंतरता वही मूल्य हैं।



## बिजनेस न्यूज


### शिवमय हुआ मानसरोवर परिसर: कमलेश्वर महादेव स्थापना महोत्सव संपन्न

**भोपाल।** मानसरोवर समूह के संस्थापक ब्रह्मलीन कमलाकांत तिवारी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मानसरोवर ग्लोबल विश्वविद्यालय एवं मानसरोवर मेडिकल कॉलेज परिसर, सीहोर में आयोजित 'कमलेश्वर महादेव' की स्थापना का दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान मंगलवार को पूर्ण भक्ति-भाव और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में आसपास के क्षेत्रों से पहुँचे श्रद्धालुओं और विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने सह-परिवार पधारकर महाप्रसाद ग्रहण किया और भगवान कमलेश्वर महादेव के चरणों में हाजिरी लगाकर शिव कृपा प्राप्त की। मानसरोवर समूह की कुलाधिपति श्रीमती मंजुला तिवारी, प्रति कुलाधिपति इंजी. गौरव तिवारी, निदेशक श्रीमती दिशा तिवारी और समस्त मानसरोवर परिवार के मार्गदर्शन में यह अनुष्ठान आयोजित किया गया। इस दौरान गणमान्य अतिथिगण, मानसरोवर परिवार के सदस्य, मानसरोवर समूह के सभी शिक्षण संस्थानों के प्रमुख, प्राध्यापकगण, स्टाफ मेंबर्स और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।



### अपशिष्ट ऊष्मा से बनेगी बिजली, आरसीसीपीएल की जनसुनवाई पूरी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में आरसीसीपीएल मैहर की क्लिंकर उत्पादन क्षमता 4.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 8.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष करने तथा 12.25 मेगावाट वेस्ट हीट रिकवरी बॉयलर परियोजना के लिए जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई की अध्यक्षता अपर कलेक्टर संजना जैन ने की, जबकि क्षेत्रीय अधिकारी सुधांशु तिवारी की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया नियमानुसार संपन्न हुई। कंपनी की ओर से परियोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण देते हुए बताया गया कि सीमेंट संयंत्र से निकलने वाली अपशिष्ट ऊष्मा का उपयोग कर 12.25 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जाएगा। इसके तहत सस्पेंशन प्रीहीटर से निकलने वाली लगभग 45 प्रतिशत तथा मूविंग एयर प्रीहीटर से निकलने वाली लगभग 4 प्रतिशत गर्म गैस का उपयोग कर क्रमशः 8.5 मेगावाट और 5.0 मेगावाट क्षमता के टर्बो जनरेटर संचालित किए जाएंगे।



### कैट मप्र की नई कार्यकारिणी घोषित, भूपेंद्र बने प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त

**भोपाल।** राष्ट्रीय व्यापारिक संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने मध्यप्रदेश इकाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। नई दिल्ली में आयोजित कैट की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने नई टीम की घोषणा की। नई कार्यकारिणी में भूपेंद्र जैन (ग्वालियर) को कैट मध्यप्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष, रमेश गुप्ता (इंदौर) को प्रदेश महामंत्री तथा धर्मेंद्र शर्मा (भोपाल) को प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सुनील अग्रवाल (भोपाल) को प्रदेश चेयरमैन, गोविंद असाटी (छतरपुर) को संयुक्त अध्यक्ष और राजकुमार गुप्ता 'प्रिंस' (ग्वालियर) को प्रदेश संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताया गया कि भूपेंद्र जैन शीघ्र ही भोपाल स्थित कैट के प्रदेश कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण करेंगे। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जैन ने कहा कि उनकी प्राथमिकता व्यापारियों और उद्योगपतियों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यापार को अधिक सुगम और सरल बनाना होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के विजन के अनुरूप विभिन्न सरकारी विभागों से समन्वय स्थापित कर व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा, ताकि व्यापारी और उद्योगपति प्रदेश तथा देश की अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने में प्रभावी भूमिका निभा सकें।



### डेयरी ब्रांड सुधा के आधुनिक दही-लस्सी प्लांट का शिलान्यास

**नई दिल्ली।** डेयरी ब्रांड सुधा को राष्ट्रीय से वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। बिहार राज्य दुग्ध सहकारी संघ लिमिटेड (कॉम्फेड) ने नालंदा के बिहारशरीफ डेयरी प्रोजेक्ट परिसर में 20 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाले आधुनिक दही एवं लस्सी प्लांट का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने परियोजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि आने वाले समय में सुधा वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी डेयरी ब्रांड बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुधा केवल दूध का ब्रांड नहीं, बल्कि बिहार के लाखों पशुपालकों की आजीविका और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव है। नए संयंत्र से दही और लस्सी की बढ़ती मांग पूरी होगी, विपणन का दायरा बढ़ेगा और डेयरी क्षेत्र में नए निवेश को भी प्रोत्साहन मिलेगा। यह विस्तार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि विजन और केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह की श्वेत क्रांति 2.0 पहल के अनुरूप है।

### सिग्निफाई ने 18,200 बच्चों के अध्ययन को रोशन किया

**नई दिल्ली।** लाइटिंग क्षेत्र की वैश्विक कंपनी सिग्निफाई ने अपने सीएसआर अभियान 'सिग्निफाई जगमग पाठशाला' के तहत आंध्र प्रदेश के पार्वतीपुरम मान्यम जिले में एक महत्वपूर्ण परियोजना पूरी की है। इस पहल के माध्यम से जिले के 56 से अधिक सरकारी आवासीय आदिवासी कल्याण स्कूलों में रोशनी और बिजली से जुड़े बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाया गया है, जिससे 18,200 से अधिक आदिवासी विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं०–30 ऑफ 2026–27/ खुला/ इंजीनियरिंग, डीडीयू ।**

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं०–12–डीडीयू–व०मं०इंजी०–III–26–27, कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक मंडल इंजीनियर/जपला के अधीन बीडी अनुभाग में मौजूद छोटे और बड़े पुल की मरम्मत और रखरखाव। **कार्य का अनुमानित लागत:** ₹ 16705527.06, **धरोहर राशि:** ₹ 334100.00, **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 17.08.2026 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक, पं० दीन दयाल उपाध्याय**
**पीआर/622/डी०डी०यू०/ईएनजी/टी/26–27/32**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**जोन क्रमाक -05, यांत्रिक विभाग**

क्र. 625/ यां.वि/2026 — **निविदा आमंत्रण घोषणा पत्र** — भोपाल दिनांक 27/07/2026

निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु दो लिफाफा पध्दति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | आनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_524549_1 | Construction of C.C. Road and Chambers From MPEB Substation to Masjid Peer Abbas at Retghat in Ward No.22, Zone No.05 | 8,46,332 | 8,463 | 2,000 | MPUADD Roads and BRIDGES ISSR 2025 | 01 माह |
| 2. | 2026_UAD_524585_1 | Construction of C.C. Road Work at Ward No.22, Zone No.05 | 16,85,896 | 13,487 | 2,000 | MPUADD Roads and BRIDGES ISSR 2025 | 01 माह |

नियम व शर्तेः-

01. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in । पर देखी जा सकती है।
02. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

नि.क्र.511/026/027

**सहायक यंत्री (सिविल)**
**जोन क्र.-05**
**नगर निगम, भोपाल**

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र**
**Bank of Maharashtra**
भारत सरकार का उद्यम

अंचल कार्यालय :
1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स,
भोपाल-462011

**आधिपत्य सूचना (स्थावर संपत्ति) नियम-8 (1)**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूहित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। यह सूचना पत्र रजिस्टर्ड डाक एवं हैंड डिलेवरी द्वारा भेजा गया था। ऋणी द्वारा राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का **कब्जा** निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है । ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, टी.टी. नगर शाखा** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम एवं पता | बंधक रखी संपत्ति के विवरण | बकाया राशि |
|---|---|---|
| **टी.टी. नगर शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणीः **1.मेसर्स टीबीडी इन्फ्राप्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड** डायरेक्टरः **1. श्री सिद्धार्थ तलरेजा, 2. श्री श्रेष्ठ वर्मा, 3. श्री अचल कुमार** पताः -भूतल बी-1, माचना कॉलोनी, शिवाजी नगर, भोपाल - 462016, म.प्र. **2. श्री सिद्धार्थ तलरेजा** (डायरेक्टर एवं जमानतदार), पताः मकान नंबर 51/ए, रिज रोड, कैम्ब्रिज स्कूल के पास, ईदगाह हिल्स, भोपाल - 462001 **3. श्री श्रेष्ठ वर्मा** (डायरेक्टर एवं जमानतदार), पताः फ्लैट नंबर 202, ब्लॉक ए, प्रकृति ईडन, भोपाल - 462039 **4. श्री अचल कुमार** (डायरेक्टर एवं जमानतदार), पताः फ्लैट नंबर 112, ब्लॉक एफ, प्रकृति एलीट, बावड़िया कलां, भोपाल - 462039 जमानतदार- **5. मेसर्स ट्रायड इन्फ्रा वेंचर एंड लाइफ केयर सॉल्यूशन एलएलपी** पताः -भूतल बी-1, माचना कॉलोनी, शिवाजी नगर, भोपाल - 462016, म.प्र. | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थिथ फ़्लैट नंबर 221 (साइज 548 वर्गफिट), द्वितीय तल, ब्लॉक-14, टॉवर-सी, फेथ इंपीरियल हाइट्स, गाँव - महाबडिया, खसरा नंबर 257/1, 257/2, 258/2, 259/1, 261/2, 262 का भाग), कोलार रोड, प.ह. नंबर-36/31, तहसील - हुजूर, ज़िला - भोपाल (म.प्र.)। चर्तुसीमाएँ: पूर्वः फ़्लैट नंबर 222, पश्चिमः खुला, उत्तरः फ़्लैट नंबर 228, दक्षिणः फ़्लैट नंबर 220। संपत्ति मालिक- मेसर्स ट्रायड इन्फ्रा वेंचर एंड लाइफ केयर सॉल्यूशन एलएलपी Cersai Asset ID -200087089671 | ₹ 54,97,341.93 +दिनांक 18.05.2026 से अप्रभारित ब्याज एवं पेनल खर्च; मांग सूचना दिनांक 18/05/2026; कब्जा दिनांक 24/07/2026 |

दिनांक : 29.07.2026
स्थानः भोपाल

(आशुतोष कुमार)
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी, आंचलिक कार्यालय, भोपाल

# इतिहास के शिखर पर कुशारे, ऊंची कूद में पहली बार भारत को रजत

एजेंसी ▶▶| ग्लास्गो

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक सर्वेश कुशारे ने पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन कर राष्ट्रमंडल खेलों में इतिहास रच दिया हालांकि वह मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए। कुशारे ने 2.25 मीटर की ऊंचाई पार कर दूसरा स्थान हासिल किया। जमैका के रोमेन बेकफोर्ड ने स्वर्ण पदक जीता। दोनों खिलाड़ी 2.25 मीटर के बाद 2.28 मीटर पार करने में असफल रहे, लेकिन काउंटबैक नियम के आधार पर बेकफोर्ड को विजेता घोषित किया गया। इंग्लैंड के जैक किमानी ने 2.20 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। अन्य भारतीय खिलाड़ी आदर्श राम 2.15 मीटर की छलांग के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

### खेती के कचरे से बने लैंडिंग पिट पर करते थे अभ्यास

*इससे पहले राष्ट्रमंडल खेलों में ऊंची कूद में भारत का एकमात्र पदक तेजस्विन शंकर ने 2022 बर्मिंघम खेलों में कांस्य पदक के रूप में जीता था लेकिन 31 वर्षीय कुशारे ने रजत पदक जीतकर उस उपलब्धि को पीछे छोड़ दिया। महाराष्ट्र के नाशिक जिले के देवरगांव के रहने वाले कुशारे के पिता प्याज की खेती करते हैं। वह अपने पिता और बचपन के कोच के बनाए मक्के के छिलके, कपास और खेती के कचरे से बने कामचलाऊ लैंडिंग पिट का इस्तेमाल करके ऊंची कूद का अभ्यास करते थे।*

### ओलंपिक पदक जीतना चाहता हूं : कुशारे

सर्वेश कुशारे ने जीत के बाद कहा,' यह मेरा पहला पदक है। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के प्रदर्शन से ओलंपिक की तैयारी में मदद मिलती है। मैं ओलंपिक पदक जीतना चाहता हूं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा।' उन्होंने कहा,' एशियाई खेलों में मेरा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना है।'




## शर्मिला ने किया 20 साल का सूखा खत्म, जीता गोल्ड मेडल

दो वर्ष की उम्र में पोलियो का शिकार हुई शर्मिला धनकर राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की पहली पैरा एथलीट बन गई, जिन्होंने महिला शॉट पुट एफ57 स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया। चालीस वर्षीय शर्मिला ने 9.81 मीटर का सत्र का सर्वश्रेष्ठ थ्रो लगाकर स्वर्ण पदक जीता और राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के पैरा एथलेटिक्स पदक के 20 साल के इंतजार को खत्म किया।



### मां की मदद से सपना हुआ पूरा : शर्मिला


शर्मिला ने जीत के बाद कहा ,'मैं बहुत खुश हूं। अभी तक विश्वास नहीं हो रहा है और दो-तीन दिन लगेंगे। मेरी मां ने दुनिया से लड़कर मेरा सपना पूरा करने में मदद की। अगला लक्ष्य एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है।'

### शिल्पा को विवाद के बाद मिला कांस्य पदक

*इस स्पर्धा में एक और भारतीय खिलाड़ी शिल्पा शायला को विवाद के बाद कांस्य पदक प्रदान किया गया। शिल्पा ने 7.26 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया था। शुरुआत में नाइजीरिया की यूचेरिया इयियाजी कांस्य पदक की स्थिति में थीं, लेकिन भारतीय दल की आपत्ति और आधिकारिक समीक्षा के बाद उनके एकमात्र वैध प्रयास को फाउल करार दिया गया। इसके बाद चौथे स्थान पर रहीं शिल्पा शायला को कांस्य पदक मिल गया। पदक में बदलाव की घोषणा के बाद भावुक शिल्पा ने शर्मिला के साथ जश्न मनाया। इस तरह भारत ने इस स्पर्धा में दो पदक हासिल किए।*

### तैराकी : बैकस्ट्रोक सेमीफाइनल में श्रीहरि

भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने राष्ट्रमंडल खेलों की तैराकी स्पर्धा में 100 मीटर बैकस्ट्रोक सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि अनुभवी साजन प्रकाश क्वालीफाइंग राउंड में हीट (शुरुआती दौर) से ही बाहर हो गए। नटराज 55.58 सेकंड का समय निकालकर अपनी हीट में पांचवें और कुल 13वें स्थान पर रहे। नटराज का 50 मीटर के बाद टाइमिंग 26.26 सेकंड था। उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 53.77 सेकंड है, जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। 25 वर्ष के नटराज भारत की चार गुणा 200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले टीम में भी थे, जो फाइनल में छठे स्थान पर रही थी।



## खबर संक्षेप



### विश्व स्क्वाश जूनियर चैंपियनशिपः मलेशिया से हारी महिला टीम

**नई दिल्ली।** हाल ही में विश्व जूनियर चैंपियन बनी अनाहत सिंह ने अपना मुकाबला तो जीत लिया, लेकिन भारत की अन्य खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, जिससे महिला टीम को कनाडा के ओंटारियो में चल रही विश्व स्क्वाश जूनियर टीम चैंपियनशिप में मलेशिया से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के पहले दो मैच हारने के बाद अनाहत ने अंतिम मैच में व्हिटनी विल्सन को 11-2, 11-4, 11-5 से आसानी से हरा दिया। रुद्र सिंह पहले मैच में हरलीन टैन से 5-11, 4-11, 6-11 से हार गई जबकि अनिका दुबे को पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में ये सान ली से 8-11, 11-8, 11-8, 10-12, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने अपने पहले मैच में चीनी ताइपे को 3-0 से हराया था। अब टीम का अगला मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा, जबकि पुरुष टीम कुवैत के खिलाफ खेलेगी।

### 20 साल बाद पाकिस्तान पहुंची कोरियाई हॉकी टीम



**इस्लामाबाद।** कोरियाई हॉकी टीम 20 साल बाद पहली बार पाकिस्तान दौरे पर पहुंच गई है, जिसमें वह चार मैचों की श्रृंखला खेलेगी। पाकिस्तान हॉकी महासंघ के अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर टीम की अगवानी की। पाकिस्तान और कोरिया के बीच 30 जुलाई, 2,4 और 7 अगस्त को मैच खेले जाएंगे। यह श्रृंखला बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप की तैयारी के लिए अहम है। पाकिस्तान ने हाल ही में अपनी टीम के लिए विदेशी कोच नियुक्त किए हैं। पाकिस्तानी टीम 8 साल बाद विश्व कप में भाग लेगी। पिछले साल प्रो लीग में पाकिस्तान एक भी मैच नहीं जीत सका था और नौवें तथा आखिरी स्थान पर रहा।

### आईएसएसएफ : सोनम और हिमांशु ने जीता कांस्य



**हांगझोउ।** राइफल निशानेबाज सोनम उत्तम मस्कर और हिमांशु ढिल्लो ने आईएसएसएफ विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता। भारत के अब इस विश्व कप में एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक हो गए हैं। सोनम ने 317.2 और हिमांशु ने 317.4 स्कोर किया और दोनों का कुल स्कोर 634.6 रहा। फाइनल में सोनम और हिमांशु ने 441.2 अंक बनाकर चीन वन और चीन टू के बाद कांस्य पदक हासिल किया। इलावेनिल और पार्थ चौथे स्थान पर रहे।

### पाकिस्तान के खिलाफ वेस्टइंडीज ने बनाई बढ़त

**तारौबा।** वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन गेंदबाजों के दबदबे के बीच अपनी दूसरी पारी में 7 विकेट पर 126 रन बनाकर पाकिस्तान के खिलाफ 155 रन की बढ़त हासिल कर ली है। सबसे पहले जस्टिन ग्रीव्स ने लगातार 5 विकेट मेडन ओवर फेंकते हुए 27 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान ने अपने छह विकेट 38 रन पर गंवा दिए। इस तरह से शान मसूद (109) के सातवें टेस्ट शतक के बावजूद पाकिस्तान की टीम अपनी पहली पारी में 282 रन पर आउट हो गई। इसके बाद पाकिस्तान के गेंदबाजों ने भी कहर बरपाया और पहली पारी में 311 रन बनाने वाले वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया।

# श्रीलंका टेस्ट के लिए टीम का ऐलान सारांश को मौका, जडेजा की वापसी

**पहला टेस्ट 15 से 19 तक गॉल और दूसरा 23 से 27 अगस्त तक कोलंबो में खेला जाएगा**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चयनकर्ताओं ने अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। दो टेस्ट मैच की यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। पहला टेस्ट 15 से 19 अगस्त तक गॉल में खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट 23 से 27 अगस्त तक कोलंबो (एसएससी) में होगा। इस श्रृंखला की तैयारी के लिए भारत 7 अगस्त से चार दिवसीय अभ्यास मैच भी खेलेगा। मध्यप्रदेश के अनुभवी ऑफ स्पिनर सारांश जैन को श्रीलंका में होने वाली श्रृंखला के लिए पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया। हमने रविवार को खुलासा कर दिया था कि वाशिंगटन सुंदर के चोटिल होने के कारण उनकी जगह 33 वर्षीय सारांश को भारतीय टीम में शामिल किया जा सकता है। वहीं जडेजा की टीम में वापसी हुई है।

### घरेलू क्रिकेट में सारांश का शानदार प्रदर्शन

वाशिंगटन की अनुपस्थिति में शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम को दाएं हाथ के उंगली के स्पिनर (ऑफ स्पिनर) की जरूरत थी, इसी वजह से सारांश को टीम में शामिल किया गया है। चंद्रकांत पंडित की कोचिंग में मध्यप्रदेश की रणजी ट्रॉफी विजेता टीम के प्रमुख सदस्य रहे लंबे कद के ऑफ-स्पिनर सारांश ने हाल ही में भारत ए के श्रीलंका दौरे के दौरान शानदार प्रदर्शन करते हुए दो मैचों में छह विकेट लेने के साथ एक पारी में नाबाद 70 रन भी बनाए थे। रविंद्र जडेजा और मानव सुथार दोनों बाएं हाथ के परंपरागत (ऑर्थोडॉक्स) स्पिनर हैं जबकि कुलदीप यादव बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर हैं, ऐसे में चयनकर्ताओं ने स्पिन विभाग में विविधता लाने के लिए ऑफ स्पिनर के रूप में सारांश का चयन किया।




### बुमराह और सुदर्शन टीम में शामिल

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के दौरान संन्यास लेने वाले आर अश्विन की जगह टीम में शामिल किए गए मुंबई के ऑलराउंडर तनुष कोटियन अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बनाए रख पाए, जिससे उन्हें चयन समिति का समर्थन नहीं मिला। टीम में शामिल अन्य खिलाड़ियों का चयन अपेक्षित था। श्रीलंका ए के खिलाफ मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट लेने वाले दाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ ने अपनी जगह बरकरार रखी है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और बल्लेबाज साई सुदर्शन को फिटनेस के आधार पर टीम में शामिल किया गया है। टीम के श्रीलंका रवाना होने से पहले इस महीने के अंत में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में उनकी फिटनेस का आकलन किया जाएगा।



### टीम इस प्रकार

शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविंद्र जड़ेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, देवदत्त पडिक्कल, सारांश जैन।

# ताइपे ओपन : रौनक दूसरे दौर में रित्विक, शंकर और तुषार बाहर

**क्वालीफायर में भारतीय खिलाड़ियों का निराशाजनक प्रदर्शन**

एजेंसी ▶▶| ताइपे सिटी

भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वालीफायर में निराशाजनक रहा। केवल रौनक चौहान ही पुरुष एकल क्वालीफाइंग राउंड के दूसरे दौर में पहुंच पाए। क्वालीफायर में दूसरी वरीयता प्राप्त चौहान ने कनाडा के जोशुआ गुयेन को 21-15, 21-11 से हराया।

उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के कुआन लिन कुओ से होगा। रौनक को छोड़कर पुरुष एकल क्वालीफायर में भाग लेने वाले अन्य सभी भारतीय खिलाड़ी पहले दौर में ही बाहर हो गए।



### तुषार सुवीर ने पेश की कड़ी चुनौती

रित्विक संजीव जापान के क्वालीफायर में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रिकी ताकेई से 10-21, 11-21 से, जबकि शंकर सुब्रमण्यम अमेरिका के गैरेट टैन से 17-21, 10-21 से हार गए। तुषार सुवीर ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें चीनी ताइपे के कुआन लिन कुओ से 19-21, 21-16, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### 2 अगस्त को सोल्जरथॉन राष्ट्रपति दिखाएंगी हरी झंडी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 2 अगस्त को राष्ट्रपति के अंगरक्षकों की 253 साल पुरानी विरासत का जश्न मनाने के लिए आयोजित होने वाली पहली सोल्जरथॉन को हरी झंडी दिखाएंगी। सोल्जरथॉन का उद्घाटन कारगिल युद्ध के 27 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भी किया जाएगा। आयोजकों ने कहा, 'सोल्जरथॉन में अनुभवी धावक, परिवार, छात्र, संस्थान और कॉरपोरेट टीम भाग ले सकती हैं। इसमें 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की जाएगी। इस दौरान भारतीय सेना सैन्य प्रदर्शन भी करेगी। राष्ट्रपति का अंगरक्षक दस्ता दुनिया का एकमात्र एयरबोर्न कैवेलरी रेजिमेंट है और भारतीय सशस्त्र बलों की सबसे सीनियर रेजिमेंट है।

**फुटबॉल**

# फ्रेंच फुटबॉल के लीजैंड जिनेदीन जिदान बने फ्रांस टीम के कोच




एजेंसी ▶▶| पेरिस

अपने करिश्माई खेल से महानतम फुटबॉल खिलाड़ियों में गिने जाने वाले जिनेदीन जिदान को फ्रांस का नया कोच बनाया गया है, जो दिदियेर देसचैम्प्स की जगह लेंगे।

फ्रांस फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष फिलिपे दियालो ने एफएफएफ के मुख्यालय पर यह घोषणा की। जिदान के साथ 4 साल का अनुबंध किया गया है। उन्होंने कहा,' यह असाधारण पल है। उस व्यक्ति की वजह से जो मेरे बगल में बैठा है। जिनेदीन फ्रेंच फुटबॉल के लीजैंड रहे हैं और कई साल से वह कहते आए हैं कि उनका एक सपना फ्रांस टीम की बागडोर संभालना है।' 54 वर्ष के जिदान 2021 में रीयाल मैड्रिड छोड़ने के बाद से किसी टीम के कोच नहीं है।

### मैं चुनौती के लिए तैयार हूं : जिदान

जिदान ने कहा,' मेरे लिए यह एक सपना है। पांच साल जब मैं कोचिंग नहीं कर रहा था तो मेरे पास एक क्लब का प्रस्ताव था, जिसे मैंने फ्रांस टीम के लिए ठुकरा दिया। मैं सिर्फ फ्रांस का कोच बनना चाहता था।' उन्होंने कहा,' मेरे कई जज्बात इससे जुड़े हैं। मैं चुनौती के लिए तैयार हूं। इससे मुझे प्रेरणा मिलती है।' स्पेन के हाथों विश्व कप सेमीफाइनल हारने के बाद देसचैम्प्स 14 साल के कार्यकाल के बाद फ्रांस टीम के कोच के पद से हट गए थे। जिदान ने कहा,' आज मेरे पास इस टीम की बागडोर है और मैं इसे शिखर तक पहुंचाने में सब कुछ झोंक दूंगा। मुझे खेल से प्रेरणा मिलती है। मैं दस नंबर की जर्सी पहनता था और मुझे गोल करना पसंद था।


**एशियाई और 2028 ओलंपिक खेलों पर है फोकस**

# हार्वर्ड इंतजार करेगा, ओलंपिक नहीं, अनाहत का बड़ा फैसला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व जूनियर चैंपियन स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने खुलासा किया है कि उन्होंने 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदक जीतने के लिए तैयारियों को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष प्रतिष्ठित हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने की योजना फिलहाल टाल दी है।

अनाहत भी अपनी बड़ी बहन अमीरा के नक्शेकदम पर चलकर हार्वर्ड में उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहती है। लेकिन अपने पांचवें और अंतिम प्रयास में विश्व जूनियर चैंपियन बनने के बाद यह 18 वर्षीय खिलाड़ी अपना सारा ध्यान इस साल होने वाले एशियाई खेलों और 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों की तैयारी में लगाना चाहती है।



### सिंधू को मानती हैं आदर्श

*अनाहत ने कहा- पीवी सिंधू को अपना आदर्श मानती हैं, जो उन लोगों में शामिल थीं जिन्होंने ओंटारियो में उनकी ऐतिहासिक जीत पर सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई दी थी। पीवी सिंधू से बधाई संदेश मिलना महत्वपूर्ण था। मैं लगभग चार या पांच साल की उम्र से उनका अनुसरण कर रही हूं और जब से मैंने खेल जगत में कदम रखा है, वह मेरे लिए प्रेरणा रही हैं।' उन्होंने कहा, 'मिस्र का बुनियादी ढांचा बहुत अच्छा है और इसलिए वह सर्वश्रेष्ठ है। पिछली बार विश्व जूनियर चैंपियनशिप मिस्र में हुई थी पर मैं उनकी तैयारी को देखकर हैरान थी। वे रात 10-11 बजे तक खेल रहे थे।'*

### पढ़ाई की जगह खेल को तवज्जो

अनाहत ने कहा, 'मुझे इस साल कॉलेज जाना था, लेकिन एशियाई खेलों के कारण मैंने एक साल का ब्रेक लेने का फैसला किया। अब मुझे समझ आ गया है कि लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों की तैयारियों के लिहाज से यह साल मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा, 'मेरे कहने का मतलब यह है कि मैं इस साल पढ़ाई के बजाय अपने खेल पर ध्यान देना चाहती हूं। मैं इस साल सिर्फ स्क्वाश पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं और यह सुनिश्चित करना चाहती हूं कि ओलंपिक में भाग लेने से पहले मैं अपने चरम पर रहूं।'' विश्व जूनियर चैंपियन बनने के बाद अनाहत का लक्ष्य अब सितंबर-अक्टूबर में जापान में होने वाले एशियाई खेल हैं।

### ओलंपिक में खेलना है सपना

अनाहत ने कहा, 'मैं एशियाई खेलों में भाग लेने वाली लगभग प्रत्येक खिलाड़ी के खिलाफ खेल चुकी हूं। मैं अब अपना पूरा ध्यान इस पर केंद्रित करना चाहती हूं। अगर मुझे ओलंपिक में खेलने का मौका मिलता है तो यह सपना सच होने जैसा होगा।' अनाहत ने रैकेट खेलों में अपना सफर बैडमिंटन से शुरू किया और बाद में स्क्वाश को अपनाया।



# दिवाली से पहले आएगा लव एंड वॉर का फर्स्ट लुक

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर इस वक्त सबसे बड़ी और सबसे ज्यादा इंतजार की जा रही फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 21 जनवरी 2027, यानी रिपब्लिक डे वीकेंड पर दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भंसाली के शानदार स्टोरीटेलिंग स्टाइल और भव्य विजुअल्स से सजी यह फिल्म दर्शकों को बड़े पर्दे पर एक शानदार और इमोशनल अनुभव देने वाली है। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। इसी बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। फिलहाल फर्स्ट लुक पर काम चल रहा है और उम्मीद है कि इसे दिवाली 2026 से पहले रिलीज कर दिया जाएगा।

लाइफ Style

# निहारिका

## इंटीमेट सीन के चक्कर में हाथ से गई फिल्म

निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से बॉलीवुड डेब्यू करने को तैयार हैं। इस बीच उन्होंने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। कंटेंट क्रिएटर के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाली निहारिका एनएम ने साल 2023 में अमेरिकी सिटकॉम 'बिग माउथ सीजन 7' में गेस्ट वॉइस रोल के साथ अपने करियर को ग्लोबल लेवल पर पहुंचाया।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एक्टिंग सफर की शुरुआत पिछले साल तमिल फिल्म 'पेरुसु' से हुई थी। इसके बाद उन्होंने मित्रा मंडली और इधयम मुरली में भी काम किया। अब वे बॉलीवुड में डेब्यू करने की तैयारी कर रही हैं। निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से हिंदी फिल्मों में बोहनी कर रही हैं। वे राघव जुयाल के साथ स्क्रीन साझा करती दिखेंगी। इस बीच अभिनेत्री ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका कहना है कि इंटीमेसी क्लॉज की वजह से उन्हें एक फिल्म से हाथ धोने पड़े थे। वे बोल्ड सीन करने के तैयार नहीं थीं। एक घटना को याद करते हुए वे बताती हैं, 'एक फिल्म मुझे करनी थी। इसे एक बहुत बड़े डायरेक्टर बना रहे थे। उन्होंने मुझे खुद चुना था। मैंने उस रोल के लिए ऑडिशन दिया था और लुक टेस्ट भी हो गया था'। निहारिका ने आगे कहा, 'मेरे घर पर कॉन्ट्रैक्ट भेजा गया था और मैंने उस पर साइन कर दिया। उसमें इंटीमेट सीन से जुड़ी एक शर्त थी और मैंने उन्हें बता दिया था कि मैं ऑन-स्क्रीन इंटीमेसी करने में सहज नहीं हूं। वे इसके लिए तैयार थे और बॉडी डबल का इस्तेमाल करने की योजना बना रहे थे। लेकिन, एक्टर बॉडी डबल के साथ वह सीन करने के लिए तैयार नहीं थे।



## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर-मैन ... से किसिंग सीन हटे

**मुंबई।** फिल्म 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। भारत में भी फिल्म रिलीज होगी। सेंसर बोर्ड ने तीन बदलावों के निर्देश के बाद भारत में 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' की रिलीज को मंजूरी दे दी है। इन बदलावों के बावजूद फिल्म की पीटर पार्कर वाली डार्क कहानी और एक्शन सीन वैसे ही रहेंगे। बता दें कि 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' भारतीय सिनेमाघरों में इस गुरुवार को रिलीज होगी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने इसे यूए 13+ सर्टिफिकेट के साथ रिलीज करने की मंजूरी दे दी है।



# एवेंजर्स डूम्सडे का ट्रेलर कल होगा रिलीज...

**नई दिल्ली।** एवेंजर्स डूम्सडे फिल्म का बजट 4500 करोड़ रुपए है। इसमें ऐसे 23 सुपरहीरो हैं जो दुनिया के सबसे खतरनाक विलेन से टकराने जा रहे हैं। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर विशेष रूप से 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' के साथ दिखाया जाएगा, जो 30 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ट्रेलर फिल्म के सभी भाषा संस्करणों के साथ दिखाया जाएगा, जिससे दर्शकों और इस भव्य सुपरहीरो फिल्म के प्रशंसकों को एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव मिलेगा। मार्वल स्टूडियो की 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का निर्देशन एंथनी रूसो और जो रूसो ने किया है।फिल्म का निर्माण केविन फेग, लुई डी'एस्पोसिटो और जोनाथन श्वाट्र्ज ने किया है।फिल्म में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, क्रिस इवांस, क्रिस हेम्सवर्थ, पेड्रो पास्कल, पॉल रुड, एंथनी मैकी, फ्लोरेंस प्यू, वनेसा किर्बी, एबन मॉस-बाकरैक आदि नजर आएंगे।



# मॉम-2 में खुशी निभाएंगी लीड रोल...

**मुंबई।** महान अभिनेत्री श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम'2017 में आई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब करीब 9 साल बाद इसका सीक्वल बनने जा रहा है, जिसको लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। खुशी कपूर अब फिल्म 'मॉम 2' में लीड रोल निभाने जा रही हैं। यह 2017 की हिट फिल्म मॉम का सीक्वल है और इसे नवंबर 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी है। इस फिल्म को उनके पिता बोनी कपूर प्रोड्यूस कर रहे हैं, और इसकी शूटिंग नोएडा और ग्रीस में हुई है। 'मॉम 2' का कनेक्शन श्रीदेवी के उस यादगार किरदार से जुड़ा होगा, जिसने उन्हें खास पहचान दिलाई थी। 'मॉम' श्रीदेवी की आखिरी फिल्म थी, ऐसे में यह प्रोजेक्ट खुशी कपूर के लिए काफी इमोशनल और खास माना जा रहा है, क्योंकि वह अपनी मां की विरासत को आगे बढ़ाती नजर आएंगी।



# बंटवारा 1947 का ट्रेलर है दमदार

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म 'बंटवारा 1947' में सनी देओल लीड रोल में हैं। सोमवार को इस फिल्म का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर में 1947 के बंटवारे का समय दिखाया गया है। इसमें एक परिवार की कहानी है, जिसकी जिंदगी बंटवारे की हिंसा, डर और जबरन पलायन की वजह से बदल जाती है। जो लोग कभी साथ रहते थे, वो अब बंटवारे के कारण बिछड़ गए हैं। इसी बीच सनी ट्रेलर में एक ऐसे शख्स के किरदार में नजर आते हैं, जो किसी भी हाल में अपने जमीर से समझौता नहीं करता है। वहीं, शबाना आजमी एक बुजुर्ग महिला के रोल में हैं, जो इंसानियत पर सबका भरोसा बनाए रखती हैं। प्रीति जिंटा भी ट्रेलर में नजर आती हैं, वह बंटवारे के मुश्किल दौर का सामना मजबूती से करती नजर आती हैं।

## टीवी मसाला



# एल्विश-तेजस्वी व आरुष संभालेंगे प्लेग्राउंड सीजन-5 का कमान

**नई दिल्ली।** गेमिंग रियलिटी शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' अपने अब तक के सबसे बड़े और खास फॉर्मेट के साथ वापसी के लिए तैयार है, जिसमें तीन मेंटर्स का एक पैनल शामिल होगा। दो बार के चैंपियन एल्विश यादव 'केओ क्रैकेंस' की कमान संभालेंगे, जबकि तेजस्वी प्रकाश 'रेजिंग सेंटॉर्स' की मेंटर के तौर पर डेब्यू करेंगी। उनके साथ आरुष भोला भी होंगे, जो 'पावर फीनिक्स' की जिम्मेदारी संभालेंगे। छह हफ्ते तक चलने वाले इस सीजन 5 में तीन टीमें जबर्दस्त मुकाबला करेंगी, ताकि आखिर में सिर्फ एक 'मास्टरमाइंड' विजेता बन सके। शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का ट्रेलर सोमवार का जारी हो चुका है। 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का प्रीमियर 1 अगस्त को होगा। यह प्राइम वीडियो की तरफ से एमएक्स प्लेयर पर खास तौर से मुफ्त में स्ट्रीम किया जाएगा । ट्रेलर की शुरुआत में सभी मेंटॉर अपनी-अपनी दुनिया में खोए हुए दिखते हैं। तभी अचानक उनके आस-पास की असलियत में गड़बड़ी होने लगती है। एक-एक करके उन्हें एहसास होता है कि उन्हें मेंटॉर के तौर पर लॉक कर दिया गया है। सीधे असल जिंदगी वाले गेमिंग की दुनिया में खींच लिया गया है, जहां उन्हें एक-दूसरे का मुकाबला करना है। इस कॉम्पिटिशन में धीरे-धीरे ढलने का कोई समय नहीं है। मेंटॉर को हालात के हिसाब से खुद को ढालना होगा। अपग्रेड करना होगा और अपना दबदबा बनाना होगा, क्योंकि इस गेम में सब कुछ एक पल में खत्म हो सकता है।

## मैं अपने घर की डोर मैट थी : शिल्पा

**नई दिल्ली।** शिल्पा शिंदे ने 'लॉकअप 2' हालिया एपिसोड में दूसरे प्रतियोगियों के सामने अपने बिगड़ चुके पारिवारिक रिश्तों का जिक्र किया। एक्ट्रेस ने बताया कि जब उनकी कंधे की सर्जरी हुई तो उन्हें उनके ही घर से निकाल दिया गया था। शिल्पा शिंदे 'लॉकअप 2' में कहती हैं, 'हर्षद चोपड़ा आपको मैंने पहले चेताया था कि लोग आपका इस्तेमाल करते हैं। डोर मैट की तरह इस्तेमाल करते हैं। मैं भी अपने घर की डोर मैट थी। कुछ साल पहले मेरे कंधे की सर्जरी हुई थी। सर्जरी के पांच दिन बाद मुझे मेरे ही घर से निकाल दिया गया था। आपको लगेगा कि क्या मेरे परिवार वाले इतने बुरे हैं। तो देखिए, मेरे लिए ऐसी सिचुएशन बना दी गई थी। उन्हें पता था कि मैं सेल्फ रेस्पेक्ट वाली लड़की हूं। इसलिए मैं अपना घर छोड़ दिया। दरअसल, मेरा भाई अपनी वाइफ के इंफ्लुएंस में आ गया था और मेरी मां भाई की बातों को मानती थीं।' कुछ हफ्ते पहले योगेश रावत शो से बाहर हुए थे।



# सावन की दस्तक से पहले 'मैं दीवानी महाकाल की' गाना हुआ रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अदाकारा अक्षरा सिंह अपनी गायिकी के लिए भी मशहूर हैं। सावन की दस्तक से पहले उन्होंने महादेव को समर्पित भक्ति सॉन्ग रिलीज किया है। भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन अक्षरा सिंह अब बॉलीवुड में पहचान बना चुकी हैं। उन्हें अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम टू द जंगल' के एक गाने में देखा गया था। इसके अलावा उन्हें श्रद्धा कपूर की आगामी फिल्म 'ईठा' में देखा जाएगा। इस बीच अक्षरा अपने नए गाने को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। सावन का महीना शुरू होने वाला है। कोई भी त्योहार हो, भोजपुरी इंडस्ट्री में नए गानों की खूब बहार आती है। खेसारी लाल यादव से लेकर अक्षरा सिंह, पवन सिंह तक कई सितारे सावन के महीने में नए गाने लेकर आते हैं।



अक्षरा सिंह ने यह सिलसिला शुरू कर दिया। उनका गाना 'मैं दीवानी महाकाल' की सोमवार को रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह अदाकारी के साथ-साथ सिंगिंग में भी माहिर हैं। अब उन्होंने अपने फैंस को नए गाने का तोहफा दिया है। यह भक्ति सॉन्ग अक्षरा सिंह के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। अक्षरा सिंह गाने में महादेव की भक्ति के रंग में रंगी दिख रही हैं। आर्मी प्रिंट आउटफिट में वे बुलेट पर सवार होकर जा रही हैं। रुद्राक्ष की माला धारण कर वे यह गाना गुनगुना रही हैं। इसके बाद शिवलिंग के आगे बैठकर पूजा करती हैं और फिर कुछ साधु-संतों से मिलकर आशीर्वाद लेती हैं। बता दें कि अक्षरा सिंह महादेव की भक्त हैं। अक्सर वे काशी विश्वनाथ दर्शन करने जाती हैं। इस गाने की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपनी मां के साथ उज्जैन महाकाल के दर्शन करने पहुंची थीं। अक्षरा के गाने पर फैंस की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर्स ने लिखा है, 'हम बहुत दिनों से आपके गाने का इंतजार कर रहे थे'। बता दें कि फिल्मों के अलावा अक्षरा अब कुकिंग व्लॉग भी चलाती हैं। 'चटर-पटर' नाम के इस व्लॉग में उनके माता-पिता भी नजर आते हैं।

# 16 साल में हुई शादी, बनीं हिंदी सिनेमा की पहली ग्रेजुएट एक्ट्रेस

*नई दिल्ली। बॉलीवुड ने कई अभिनेत्रियों ने अपने अभिनय और अपनी कलाकारी से अपना बड़ा नाम बनाया है। लेकिन, आज हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं, वो अपने समय में एक मिसाल थी और उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए नए रास्ते बनाए। उन्हें हिंदी फिल्म जगत की पहले ग्रेजुएट एक्ट्रेस कहा जाता है। उन्होंने उस पॉपुलर ब्यूटी सोप का ऐड किया, जो उनसे पहले केवल हॉलीवुड की सुंदरियां ही करती थीं। प्रोफेशनल फ्रंट पर सफलता के बावजूद उनका निजी जीवन काफी संघर्षों से भरा रहा।*



## कौन हैं वो एक्ट्रेस?

हम बात कर रहे हैं बीते जमाने की मशहूर अभिनेत्री लीला चिटनिस की। लीला चिटनिस ने बॉलीवुड में 1930 से 1980 के दशक तक काम किया। उनका जन्म 1909 में हुआ था। ये उन चुनिंदा महिला अभिनेताओं में से थीं जो ग्रेजुएट (आट्र्स में बैचलर) थीं। वह पहली फीमेल एक्टर थीं, जो ग्रेजुएट थी। उनके पिता इंग्लिश लिटरेचर के प्रोफेसर थे। उन्होंने लीला की शादी 16 साल की उम्र में ही तय कर दी थी।

## अजीब हिंदी फिल्मों में गिनी जाती है नीचा नगर

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा की ऑडियंस आज ज्यादा से ज्यादा ऑथेन्टिक और ऑरिजनल फिल्मों की डिमांड कर रही है। आज हम आपको ऐसी ही एक बहुत यूनिक फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं। इस फिल्म के डायरेक्टर चेतन आनंद थे। चेतन ने साल 1946 में फिल्म 'नीचा नगर' के जरिए वो करिश्मा कर दिखाया था, जो आज भी कोई दूसरी हिंदी फिल्म नहीं कर पाई है। चेतन की इस फिल्म ने कान फिल्म फेस्टिवल में ग्रांड प्राइज जीता था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930